माघ मास, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 337, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शनिवार, 14 जनवरी, 2023

मकर संक्रांति

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

### संत रविदास घाट पर गंगा क्रूज यात्रा का पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर व बटन दबाकर टेंट सिटी का वर्चुअली शुभारम्भ किया

# गंगा नदी जलधारा नहीं, तप-तपस्वियों की साक्षी है-मोदी

**सफर पर चला क्रूज**

**पीएम मोदी ने कहा, विदेशों जैसा रोमांचक अनुभव अब भारत में सैलानियों के लिए उपलब्ध**

**क्रूज पर्यटन का नया दौर है, इस क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार के नए अवसर देगा, ये क्रूज जहां से भी गुजरेगा, वहां विकास की नई रोशनी लाएगा**

**देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग विकसित करने के लिए नया कानून और विस्तृत कार्य योजना है**

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**





**वाराणसी।** गंगा नदी हमारे लिए सिर्फ जलधारा नहीं है, बल्कि प्राचीन काल से तप-तपस्वियों की साक्षी है. मां गंगा ने भारतीयों को हमेशा पोषित किया है, प्रेरित किया है. गंगा पट्टी आजादी के बाद पिछड़ती चली गई, लाखों लोगों का पलायन हुआ, इस स्थिति को बदलना जरूरी था और हमने नई सोच के साथ काम करना शुरू किया, एक तरफ नमामी गंगे के माध्यम से गंगा की निर्मलता के लिए काम किया, दूसरी तरफ अर्थ गंगा पर भी काम किया, अर्थ गंगा आर्थिक गतिविधियों का नया वातावरण बन रहा है। शुक्रवार को काशी के रविदास घाट पर आयोजित गंगा विलास क्रूज यात्रा की वर्चुअली शुभारम्भ के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही। वर्चुली मंच से काशी की जनता का हर हर महादेव के साथ उन्होंने अभिवादन किया, इसके बाद उन्होनें सभी को लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल की शुभकामना दी, कहा कि हमारे त्योहारों में नदियों की सशक्त भूमिका है इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पूर्वी उत्तर भारत पूर्व में पूरी तरह से उपेक्षित था आज समृद्धि हो रहा है, जलमार्ग से पर्यटन का रास्ता खुल रहा है। पूर्वी भारत के पर्यटन स्थल को इस क्रूज के माध्यम से जोड़ने का मौका मिला है। 51 दिनों की इस यात्रा का उद्देश्य सभी स्थानों की संस्कृतियों, लोक-कलाओं के साथ ही वहां के स्थानीय उत्पादों को विश्व पटल पर मंच प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 में देश में केवल 5 राष्ट्रीय जलमार्ग थे, अब देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं और लगभग दो दर्जन पहले से ही चालू हैं।

### विदेशी टूरिस्ट को पीएम का संदेश

प्रधानमंत्री ने कहा, यूपी, बिहार, असम, बंगाल और बांग्लादेश की यात्रा के दौरान यह क्रूज हर तरह की सुविधा मुहैया करवाएगा, पीएम ने कहा कि सभी विदेशी टूरिस्ट का विशेष अभिनंदन करता हूं जो पहले सफर पर निकलने वाले हैं, मैं कहूंगा कि भारत के पास वो सबकुछ है जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं, भारत की व्याख्या सिर्फ शब्दों में नहीं की जा सकती, हमें दिल से समझा जा सकता है।

### सैटेलाइट से गंगा विलास की तुलना

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज गंगा विलास की शुरूआत होना एक साधारण घटना नहीं है. उन्होंने कहा, जैसे कोई देश जब अपने दम पर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में स्थापित करता है तो वो उस देश की तकनीती क्षमता को दिखता है, वैसे ही 3200 किलोमीटर से ज्यादा लंबा ये सफर, भारत में जलमार्ग के विकास और नदी जलमार्गों के लिए बन रहे आधुनिक संसाधनों का जीता-जागता उधारण है।

### क्रूज टूरिज्म का नया दौर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में क्रूज टूरिज्म का नया दौर के रुप में उभर कर सामने आया है जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उाने वाले दिनों के लिए यह पहले से ही लोकप्रिय हो गया है। इस क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार के नए अवसर देगा. विदेशी पर्यटकों के साथ देश के पर्यटकों के लिए भी ये खास अनुभव होगा। ये क्रूज जहां से भी गुजरेगा वहां विकास की नई रोशनी लाएगा। हम शहरों के बीच लंबे रिवर क्रूज के अलावा, अलग-अलग शहरों में छोटे क्रूज को भी बढ़ावा दे रहे हैं, काशी में भी ऐसी व्यवस्था चल रही है, बजट से लेकर लग्जरी क्रूज तक, हर प्रकार की सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

### टेंट सिटी का किया उद्घाटन




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेन्स के जरिए वाराणसी में टेंट सिटी का भी उद्घाटन किया। कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने के लिए गंगा नदी के तट पर टेंट सिटी की परिकल्पना की गई है। जो विशेष रूप से काशी विश्वनाथ धाम के उद्घाटन के बाद से वाराणसी में रहने की सुविधा प्रदान करेगी।टेंट सिटी का संचालन हर साल अक्टूबर से जून तक किया जाएगा और बारिश के मौसम में नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण तीन महीने के लिए इसे हटाया जाएगा। समारोह को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भी संबोधित किया ।

### पीएम ने इनकी रखी आधारशिला, इनका किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजीपुर के सैदपुर, चोचकपुर, जमानिया और बलिया के कंसपुर में चार फ्लोटिंग कम्यूनिटी जेटी का उद्घाटन किया। इसके अलावा बिहार में पटना जिले के दीघा, नकटा दियारा, बाढ़, पानापुर और समस्तीपुर जिले के हसनपुर में पांच सामुदायिक घाटों की आधारशिला भी रखी। पश्चिम बंगाल में हल्दिया मल्टी मॉडल टर्मिनल और गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के लिए समुद्री कौशल विकास केंद्र का भी लोकार्पण किया। गुवाहाटी में पांडु टर्मिनल में जहाज मरम्मत सुविधा और एलिवेटेड रोड का शिलान्यास भी किया।

### ग्लोबल साउथ समिट : समापन सत्र में बोले पीएम मोदी
## यूएन सुरक्षा परिषद में तत्काल मौलिक सुधार की जरूरत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक 'ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने का एलान किया। पीएम मोदी ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और ब्रेटन वुड्स संस्थानों सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों में तत्काल मौलिक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक 'ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करेगा। साथ ही उन्होंने एक नए प्रोजेक्ट 'आरोग्य मैत्री' का भी एलान किया। उन्होंने कहा कि मुझे इस नए प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए खुशी हो रही है। इसके तहत भारत प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकट का सामना कर रहे विकासशील देशों को मेडिकल सहायता उपलब्ध कराएगा।

# मीरजापुर में क्रेन से टकराई राजधानी एक्सप्रेस



**मीरजापुर।** सियालदह से चलकर नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस मीरजापुर जिले में हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बची। झिंगुरा रेलवे क्रासिंग के पास शुक्रवार शाम राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या-12314) एक क्रेन से टकरा गई। पायलट ने समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन से टकराने के बाद क्रेन का एक हिस्सा ओएचई से टकरा गया जिससे तार के साथ ही एक पोल भी टूट गया। क्रेन से टक्कर के बाद ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया और अप व डाउन लाइन पर परिचालन प्रभावित हो गया। रेलवे स्टेशन के माध्यम से सूचना एनसीआर मुख्यालय को दी गई। मौके पर राहत बचाव कार्य शुरू हुआ। एक घंटे में अप लाइन शुरू कर दी गई पर डाउन लाइन पर अभी भी रेल परिचालन बंद है। कुछ ट्रेनों का रूट भी डायवर्ट किया गया है। प्रयागराज-मुगलसराय रूट पर ट्रेनों की रफ्तार 160 किलोमीटर प्रतिघंटा करने का कार्य चल रहा है। सियालदह से चलकर नई दिल्ली को जाने वाली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस 12 घंटे से भी ज्यादा देरी से शाम पांच बजे के करीब झिंगुरा से गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेलवे ट्रैक के बगल में ही काम चल रहा था। क्रेन का एक हिस्सा ट्रेन के इंजन से टकरा गया।पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद जोरदार टक्कर से इंजन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं टक्कर के बाद क्रेन का एक हिस्सा ओएचई से जा टकराया और तार के साथ ही एक पोल भी टूट गया। टक्कर व इमरजेंसी ब्रेक लगने की वजह से यात्रियों को जोर का झटका लगा और ट्रेन में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद अप व डाउन लाइन पर परिचालन प्रभावित हो गया।

# 31 जनवरी से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

**बैठेगी संसद**

**एक फरवरी को पेश किया जाएगा बजट, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया, 66 दिनों में होंगी 27 बैठकें**



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। यह सत्र 6 अप्रैल 2023 तक चलेगा। सत्र की शुरूआत लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र से होगी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी 2023 को बजट पेश करेंगी।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और सामान्य अवकाश के साथ 66 दिनों में 27 बैठकों के साथ 6 अप्रैल तक चलेगा। अमृत काल के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, केंद्रीय बजट और अन्य मदों पर चर्चा के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने बताया कि बजट सत्र 2023 के दौरान अवकाश 14 फरवरी से 12 मार्च तक रहेगा, ताकि विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियां अनुदान मांगों की जांच कर सकें और अपने मंत्रालयों और विभागों से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर सकें।66 दिनों की अवधि में 27 बैठकें होंगी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने की संभावना है। यह पांचवां केंद्रीय बजट होगा जो वित्तमंत्री सीतारमण पेश करेंगी। 2024 के राष्ट्रीय चुनाव से पहले केंद्रीय बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत अंतिम पूर्ण वर्ष के बजट के रूप में पेश किया जाएगा। बजट सत्र के पहले भाग के दौरान दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा होती है और उसके बाद केंद्रीय बजट पर चर्चा होती है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे, वहीं वित्त मंत्री केंद्रीय बजट पर बहस का जवाब देंगे। बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान, सरकार के विधायी एजेंडे के अलावा विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर चर्चा पर ध्यान दिया जाएगा। केंद्रीय बजट सत्र के इस भाग के दौरान पारित किया जाता है। पिछले सत्र के दौरान नौ बिल लोकसभा में पेश किए गए और सात बिल संसद के निचले सदन द्वारा पारित किए गए।

# हिमाचल में पुरानी पेंशन योजना बहाल

**गदगद हुए कर्मचारी**

**कैबिनेट बैठक में 1500 रुपये महिलाओं को देने का भी फैसला भी लिया, कैबिनेट सब कमेटी एक महीने में रिपोर्ट देगी**






**मनाली।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने लोहड़ी के पर्व पर प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना की सौगात दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की बहुप्रतीक्षित पहली बैठक शुक्रवार को राज्य सचिवालय में हुई। इसमें कांग्रेस सरकार की पहली गारंटी यानी पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अर्की में मैंने पहली बार कहा था कि ओपीएस बहाल करेंगे। पिछले दिनों अधिकारी पैसा नहीं होने की बात कहकर इसमें अड़चन डालते रहे, लेकिन मैंने अपना फामूर्ला दिया। पिछली सरकार ने तो कर्मचारियों के पांच हजार करोड़ रुपये एरियर के भी नहीं दिए। सीएम ने कहा कि प्रदेश के विकास की गाथा लिखने वाले करीब 1,36,000 अधिकारियों और कर्मचारियों को आज से ओपीएस का लाभ मिलना शुरू हो गया है। अधिसूचना आज या कल वित्त विभाग कर देगा। जो भी विभागों, बोर्डों, निगमों के पात्र कर्मचारी हैं, उन्हें इस योजना में लाया गया है।

लोहड़ी का तोहफा आज सरकार ने दिया है। यह हमारी पहली गारंटी थी। छत्तीसगढ़ के फामूर्ले को आधार बनाकर हिमाचल प्रदेश में अपना फामूर्ला तैयार कर ओपीएस लागू किया जा रहा है। सीएम सूक्खू ने कहा कि जब हमने आकलन किया तो पता चला कि पिछली सरकार 11,000 करोड़ की देनदारियां हमारी झोली में डालकर चली गई। छठा वेतन आयोग लागू किया। 1000 करोड़ रुपये का तो डीए का एरियर नहीं दिया है। नौकरी पर लगे लोगों का 4,430 करोड़ रुपये देना है। पेंशन वालों का 5,226 करोड़ रुपये देना है। कैबिनेट बैठक में 1500 रुपये महिलाओं को देने का भी फैसला भी लिया गया है। इस संबंध में कैबिनेट सब कमेटी एक महीने में रिपोर्ट देगी। कैबिनेट मंत्री धनी राम शांडिल, चंद्र कुमार और अनिरुद्ध सिंह इस सब कमेटी में शामिल हैं।

## एनआईए को सौंप दी गई है राजौरी आतंकी हमलों की जांच

**बोले अमित शाह**

**राजौरी में एक और दो जनवरी को हुए दोहरे आतंकवादी हमलों में सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि 14 लोग घायल हो गए थे**



**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के राजौरी में हाल ही में हुए आतंकी हमलों की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गई है। शाह ने यहां एक दिन के दौरे के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में जम्मू में हुई सभी आतंकी घटनाओं की भी एनआईए जांच करेगा और जम्मू कश्मीर पुलिस जांच में सक्रियता से सहयोग करेगी। उन्होंने कहा, हमने कल राजौरी घटना की जांच एनआईए को सौंप दी। राजौरी में एक और दो जनवरी को हुए दोहरे आतंकवादी हमलों में सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि 14 लोग घायल हो गए थे। शाह ने सुरक्षा एजेंसियों और जम्मू कश्मीर के शीर्ष अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने कहा, हमने इसको लेकर चर्चा की है कि सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे मजबूत किया जाए। सुरक्षा एजेंसियों ने मुझे बताया कि वे किसी भी स्थिति से निपटने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए 100 फीसदी तैयार हैं।

# पैतृक गांव में शरद यादव का आज होगा अंतिम संस्कार

### पीएम मोदी, राहुल गांधी, अमित शाह समेत कई राजनेताओं ने जताया शोक

**अंतिम संस्कार**

**शरद यादव की बेटी सुभाषिनी ने ट्विटर पर बताया, पापा नहीं रहे**

**विमान से दिल्ली से मध्य प्रदेश लाया जाएगा पार्थिव शरीर, 75 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस**






**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का गुरुवार रात गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। वो 75 वर्ष के थे और काफी समय से गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शरद यादव के निधन की जानकारी उनकी बेटी सुभाषिनी यादव ने फेसबुक पेज पर दी। शरद यादव का अंतिम संस्कार शनिवार को मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। यह जानकारी उनके एक करीबी सहयोगी ने भोपाल में दी है। शरद यादव ने जयप्रकाश नारायण से लेकर, चौधरी चरण सिंह, राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ भी लंबे समय तक राजनीति की। शरद यादव कुल सात बार लोकसभा सांसद चुने गए और तीन बार राज्यसभा सांसद बने। देश में आपातकाल के दौरान वो जेल भी गए थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री मोदी समेत कई शख्सियतों ने शोक जताया है। शरद यादव की बेटी सुभाषिनी ने ट्विटर पर बताया, पापा नहीं रहे। सबसे पहले 1974 में जबलपुर (मध्य प्रदेश) से लोकसभा सांसद बनने के बाद वह 1989-1990 में केंद्रीय मंत्री रहे थे। शरद यादव ने 1999-2004 तक अटल सरकार में कई मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व जेडीयू अध्यक्ष शरद यादव के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया है, उनसे मेरा बहुत गहरा संबंध था। मैं उनके निधन की खबर से स्तब्ध व मर्माहत हूं। उन्होंने लिखा, वह एक प्रखर समाजवादी नेता थे...उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है...ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया है, शरद यादव जी के निधन से बहुत दुखी हूं। उन्होंने लिखा, उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में सांसद और मंत्री के रूप में बेहतरीन काम किया। वह डॉक्टर लोहिया के आदर्शों से काफी प्रभावित थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन के बाद बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तेजस्वी ने कहा, भाई शांतनु (शरद यादव के बेटे) से बात हुई। समाजवादी विचारधारा के सभी योद्धा उनके साथ खड़े हैं। तेजस्वी ने बताया कि हाल ही में शरद यादव से उनकी बात हुई थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया है, शरद यादव जी समाजवाद के पुरोधा होने के साथ एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे।

## अंजलि कांड: 11 पुलिसवाले सस्पेंड

**एफएसएल रिपोर्ट में दावा**

**अंजलि केस हादसा नहीं, हत्याकांड, कार सवार चारों आरोपियों ने शराब पी रखी थी**



**नई दिल्ली।** नए साल की रात दिल्ली के कंझावला में हुए अंजलि एक्सीडेंट केस के आरोपियों की ब्लड रिपोर्ट सामने आई है। इसके मुताबिक कार में मौजूद चारों आरोपियों ने घटना के समय शराब पी रखी थी। रोहिणी की फोरेंसिक लैब ने शुक्रवार दोपहर यह रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी। वहीं, गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को इस केस में 302 की धारा जोड़ने का निर्देश दिया। यानी आरोपियों पर हत्या की धारा लगाई जाएगी। साथ ही पुलिस की तीन पीसीआर वैन और 2 पिकेट में ड्यूटी पर तैनात 11 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। गृह मंत्रालय ने दिल्ली के डीसीपी हरेंद्र कुमार को जांच में ढील बरतने के लिए कारण बताओ नोटिस भेजा है। बता दें कि हरेंद्र कुमार ने कहा था कि यह मामला हत्या नहीं, बल्कि हादसे का है।

दिल्ली पुलिस की वरिष्ठ अधिकारी शालिनी सिंह ने गृह मंत्रालय को मामले की जांच रिपोर्ट सौंपी है। इसके बाद मंत्रालय ने पुलिस को यह निर्देश दिए हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह हादसा नहीं, हत्या है। आरोपियों को पता था कि कार के नीचे कोई फंसा है, इसके बाद भी उन्होंने कार नहीं रोकी।

### आरोपियों को पता था : अंजलि नीचे फंसी है

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने भी माना था कि गाड़ी के नीचे अंजलि के फंसे होने की बात उन्हें मालूम थी। आरोपियों ने कहा कि हादसे के बाद उन्होंने कई बार कार का यू टर्न लिया, क्योंकि वे बहुत डर गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने ये भी माना है कि गाड़ी में तेज म्यूजिक चलने वाली कहानी झूठी थी।

## संक्षेप

### चश्मा वितरित किया



**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के 'स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी' अभियान के बारे में शुक्रवार को सर्किट हाउस में हुई तैयारी बैठक के दौरान प्रथम चरण में चिह्नित 45 नेत्र रोगियों को पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने नि:शुल्क चश्मा वितरित किया। इस दौरान नोडल अफसर डॉ. एके मौर्य भी उपस्थित रहे। इस मौके पर बताया गया कि पीएम मोदी की प्रेरणा से जिला प्रशासन और सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में जारी 50 वर्ष से अधिक आयु के 65 हजार 832 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया है। उनमें से तीन हजार 577 लोगों को मुफ्त में चश्मा मुहैया कराएंगे।

### चायनीज मंझा से सिपाही जख्मी

वाराणसी। चायनीज मंझा से शुक्रवार को एक सिपाही का अंगुली कट गयी। मण्डलीय अस्पताल में इलाज करवाने पहुंचे सिपाही ने बताया कि वह पुलिस लाइन में कार्यरत हैं, अपने भतीजा को डीएवी कालेज में बाइक से छोड़ने गये थे। उसे छोड़ने के बाद वह बाइक से लौट रहे थे कि तेलियाबाग के पास चायनीज मंझा उसके चेहरे पर आ गया। बचने के प्रयास में वह मंझा को हाथ मे हटाने लगे तब तक मंझा उसके अंगुली को जख्मी कर दिया।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

बड़ागांव। बड़ागांव थाना क्षेत्र के भेलखा जैतपट्टी गांव में गुरुवार को हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के लोगों ने पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में बेटे को गंभीर चोट आयी है। उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पीड़ित पक्ष ने बड़ागांव थाने में रपट दर्ज करायी। जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी पेशे से चालक चंद्रकेश को रास्ते के विवाद को लेकर उसी के सगे भाई बबलू और रामभरोस लाठी, डंडे,इंट पत्थर से मारने लगे। बचाव में पहुंचे बेटे रवि को भी पीट दिया। उसे ज्यादा चोट आने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### रेप के आरोपी को दस साल की सजा

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) त्रिभुवन नाथ की अदालत ने अभियुक्त रवि कुमार भारद्वाज को दुष्कर्म के मामले में दोषी पाते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक आदित्य नारायण सिंह के मुताबिक वादी ने थाना चोलापुर में 9 मार्च 2015 को प्राथमिकी दर्ज कराया था। आरोप है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री पांडेयपुर स्थित एक इंटर कॉलेज में सुबह परीक्षा देने के लिए गयी थी। देर शाम तक जब वह घर नही लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की। इस बीच पता चला कि अभियुक्त रवि राजभर भी सुबह से घर से गायब है। वह मुंबई रहता है और अक्सर गांव आता जाता रहता है। वादिनी ने आशंका जताई कि अभियुक्त अपने घर वालों के सहयोग से उसकी पुत्री को कहीं भगा ले गया है। अदालत ने अभियक्त को विचारण के दौरान दोषी पाया और सजा सुना दी।

### आग लगने से गृहस्थी का सामान राख

वाराणसी। कैन्ट थाना क्षेत्र के पक्की बाजार स्थित एक भवन की तीसरी मंजिल पर सुबह आग लग गई। आग लगने से गृहस्थी का सामान जलने से राख हो गया। अच्छी बात ये रही कि जिस जगह आग लगी वहां कोई नहीं था। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की तीन दमकल ने आग पर काबू पाया।जानकारी के अनुसार भवन सरफराज नामक व्यक्ति की है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बतायी गयी। जहां आग लगी थी वहां बिजली का सामान और कुछ फर्नीचर थे जो जलकर खाक हो गया। आग लगने पर घर के लोग बाहर निकले और तत्काल सूचना फायर बिग्रेड को दी। इसके अलावा कैन्ट पुलिस भी मौके पर पहुंची। दमकल की तीन वाहनों ने करीब एक घंटे के प्रयास में आग पर काबू पाया। आग से कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है।

### चाइनीज मांझा के साथ गिरफ्तार

तरना। शिवपुर थाना क्षेत्र के रामबाग इलाके में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लगभग 20 किलो प्रतिबंधित मांझा जब्त कर लिया। उप निरीक्षक धीरज कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि इलाके के एक दुकान पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। सूचना पर सब इंस्पेक्टर धीरज सिंह पुलिस टीम के साथ उस दुकान पर पहुंचे तो वहां देखा की प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचा जा रहा था। पुलिस ने उक्त दुकान से 20 किलो मांझा बरामद करने के साथ दुकानदार रामआसरे गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

### मकर संक्रांति की खरीदारी में जुटी भीड़ से लगा जाम

चौबेपुर। चौबेपुर बाजार चौराहे से बाबतपुर,बलुआ,मारकंडेय महादेव कैथी, वाराणसी आने जानें वालो की काफी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। क्षेत्र में मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर बाजारो में खरीदारी करने निकले लोगों के आने जाने से बाजार में काफी भीड़ दिखी इसी वजह से पूरा चौबेपुर बाजार जाम से जकड़ा रहा। जबकि चौबेपुर पुलिस की ओर से भी पिकेट पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। शुक्रवार को दोपहर दो बजे के बाद वाहनों की संख्या बढ़ते ही चौबेपुर चौराहे पर जाम लग गया। देखते ही देखते सभी तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसने के कारण यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी हुई। लोगों ने कहा कि मकर संक्रांति त्योहार पर पहली बार इतना जाम लगा है देर शाम तक चौराहे पर जाम लगा रहा।

### पैसा डबल करने का लालच देकर महिला से ठगी

तरना। पैसा डबल करने का लालच देकर ठगों ने महिला से लगभग एक लाख रुपए ठग लिया। नेपाली बाग निवासी अनिता सिंह के अनुसार इस्टाग्राम पर बातों में उलझा कर अज्ञात व्यक्ति ने 05 जनवरी को पेटीएम के माध्यम से रुपए ले लिया और बोला कि आपका पैसा डबल करके वापस कर देगे। ठग ने महिला से 75000 रुपए ले लिया और बोला की मुझे 21000 रुपए और दे दो तब तुम्हारा पूरा रुपया वापस दे देंगे। पीड़िता ने बताया कि मुझसे धोखाधड़ी कर पुनः पेटीएम के माध्यम से रुपए ले लिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया।

### रामानंदाचार्य की जयंती आज, निकलेगी शोभायात्रा

वाराणसी। श्री राम मंदिर गुरुधाम में जगद्गुरु रामानंदाचार्य की जयंती महोत्सव में आयोजित श्रीमद् भक्तमाल कथा के छठवें दिन कथा मंच पर काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष एवं पद्मविभूषण वशिष्ठ त्रिपाठी, परिषद के महामंत्री पं रामनारायण द्विवेदी व पं सुखदेव त्रिपाठी का अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वशिष्ठ त्रिपाठी ने संस्कृत व्याकरण प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। 14 जनवरी को रामानंदाचार्य जयंती महोत्सव के अंतिम दिन प्रातः 9 बजे अस्सी घाट से भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर डॉ स्वामी रामकमल दास वेदांती जी महाराज ने श्री भक्तमाल में वर्णित जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के द्वादश शिष्यों का चरित्र गाया। कहा कि भगवान की सबसे बड़ी भक्ति सभी वर्ग के लोगों में समान रूप से उसमें भगवान को देखना है इसलिए जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी ने सदगुरु कबीर साहेब व संत शिरोमणि रविदास, धन्ना जाट, सदन कसाई आदि की समान रूप से भगवत भक्ति का अधिकारी मानकर उन्हें मंत्र दीक्षा दी। जिसके कारण आज सारी दुनिया जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के शिष्य कबीर व रविदास जी को अपना आदर्श मानकर भक्ति पथ पर आगे बढ़ रही है।

### जमीन के विवाद में महिला की पिटाई

वाराणसी। जमीन बेचे जाने के संदर्भ में पूछने पर पट्टीदारों ने महिला को लाठी, डंडे और रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की शिकायत पर अपर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर शिवपुर पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़िता मंजू देवी के अनुसार वह वर्तमान समय में भेलूपुर में रहती है और सभईपुर में उसकी पुस्तैनी जमीन है। पीड़िता के अनुसार पट्टीदारों द्वारा पुस्तैनी जमीन बेचे जाने की जानकारी मिलने पर वह उनसे पूछने गयी तो पट्टीदार बोले कि वह अपने हिस्से की जमीन बेच रहे हैं। इस पर मंजू देवी ने कहा कि बटवारा होने के बाद ही जमीन बेचा जाएगा। पीड़िता मंजू देवी के अनुसार इस बात से नाराज पट्टीदार अरविंद पटेल, मनीष पटेल, अभिषेक पटेल, भाई राम एवं संजय पटेल ने लाठी-डंडे और रॉड से बुरी तरह से पीटा और जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता मंजू देवी ने जानमाल की रक्षा एवं न्याय हेतु अपर पुलिस आयुक्त से गुहार लगाया।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

I, Jharna Rani Dutta, spouse of Late Shyamal Kumar Dutta r/o Qtr No. KB/37, Krishnashila Colony, P.O.: Bina, Distt-Sonebhadra, Uttar Pradesh Pin:231220 have changed my name from Jharna Rani Dutta to Jharna Dutta vide affidavit dated 16.12.2022 before Tehsildar Dudhi, Sonebhadra, Uttar Pradesh.

# पोल से टकरायी बस चालक की गई जान

**आधा दर्जन जख्मी**

**पुलिस की मानें तो चालक था नशे में, जो बनी हादसे की वजह**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैन्ट थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन चौराहे पर शुक्रवार की सुबह सवारी लेकर गाजीपुर जा रही बस लोहे के संकेतिक पोल से टकरा गयी। हादसे में बस चालक की मौत हो गयी वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए। जानकारी के अनुसार वाराणसी से गाजीपुर जा रही निजी बस पुलिस लाइन के सामने लगे संकेतिक बोर्ड के खंभे से टकरायी। चालक राजेश यादव निवासी गजाधरपुर औड़िहार गाजीपुर गंभीर रूप से घायल हो गया उसे अस्पताल लाया गया लेकिन मौत हो गयी। वहीं बस में सवार विनोद कुमार सिंह, मिथिलेश, सुनील, कमला, शेषनाथ, पूजा श्रीवास्तव, कैलाश यादव, संगीता मिश्रा, अभिषेक पाल, शैलेश कुमार, कृष्णकांत पांडेय, विशाल को चोट आयी। सभी को कैंट पुलिस ने पंडित दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया। अर्दली बाजार चौकी प्रभारी प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि बस गाजीपुर की तरफ जा रही थी।

बस का ड्राइवर नशे में था। उसने पुलिस लाइन के पास लगे सांकेतिक खंभे से कुछ पहले नियंत्रण खो दिया और बस पोल से टकरा गयी। घायलों का इलाज कराकर घर के लिए छुट्टी दे दिया गया है। ड्राइवर के शव को पीएम के लिए भिजवाया गया वहीं बस को कब्ज में लिया गया।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

वाराणसी। भेलुपुर थाना क्षेत्र के महमूरगंज पुल के ऊपर चढ़ते समय बाइक लहराने पर बाइक ई रिक्सा में टकराकर बुलेट लड़कर गिरने से अतुल सिद्धार्थ (22) की मौत हो गई। जबकि साथी रजत जयसवाल घायल हो गया। गाड़ी रजत चला रहा था। दोनों को पुलिस ने ट्रामा सेंटर भेजवाया। रजत का इलाज चल रहा हैं। अतुल मैनपुरी से बीटेक कर रहा था। उसकी दो बहन हैं। मौके पर पिता डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर पहुंचे। मृतक लमही गोईठहां का रहने वाले था। साथी के साथ एक काम के सिलसिले में महमूरगंज की तरफ से पुलपर चढ़ रहा था। युवक के मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## बीएचयू आईआईटी की छात्रा के साथ छेड़खानी

**वाराणसी।** बीएचयू आईआईटी की छात्रा के साथ बाइक सवार ने छेड़खानी की। मामला उस वक्त का जब छात्रा हॉस्टल से चाय पीने के लिए निकली थी और लौट कर हॉस्टल आ रही थी। इस मामले में छात्रा ने विवि प्रशासन से शिकायत दर्ज करायी। विवि प्रशासन ने चितईपुर थाने मामले की जानकारी और अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। छात्रा के अनुसार वह अपने हॉस्टल से गुरुवार की रात चाय पीने निकली थी। हैदराबाद गेट से वह कैंपस से बाहर निकली और चाय पीकर वह वापस अपने हॉस्टल जा रही थी। उसी दौरान बाइक सवार एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। छात्रा ने बताया कि वह शोर मचाते हुए युवक को पकड़ने के लिए दौड़ी लेकिन तेजी से वह भाग निकला। चितईपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छात्रा ने आरोपी की बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर नोट कर लिया था। बाइक नंबर की मदद से आरोपी को चिन्हित कर उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# दो पक्षों के बीच मारपीट बुलेट में लगाई आग



**रामनगर।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गोलाघाट सिहाबीर के समीप शुक्रवार को देर शाम जमकर मारपीट हो गई, इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने एक युवक की पिटाई करने के बाद उसके साथी की बुलेट में आग लगा दी। इस दौरान क्षेत्र में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख हमलावार मौका देखकर भाग गए। पुलिस बुलेट को थाने ले आई।

जानकारी के अनुसार कटेसर निवासी दिलीप यादव उर्फ दरोगा आधा दर्जन साथियों के साथ सीहाबीर पहुंचा। लाठी-डंडे से लैस दरोगा यादव सिहाबीर जा कर विकास यादव से आशीष यादव का पता पूछने लगा इसी दौरान बात बढ़ी तो हमलावर विकास यादव निवासी सिहावीर को लाठी डंडे से बुरी तरह पीटने लगे, इस दौरान विकास के साथी अतुल यादव निवासी पंचवटी की बुलेट में आग लगा दी, देखते ही देखते बुलेट धू धू कर कर जलने लगी। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग बुझाई। इस संबंध में पीड़ित पक्ष विकास यादव की ओर से दिलीप यादव उर्फ दरोगा, आकाश यादव, विनोद यादव और सोनू यादव के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# जनाबे फातिमा के जश्ने विलादत पर सजीं महफिलें

**जयंती**

**शायरों ने पढ़े कलाम, उलेमाओं ने पेश की नूरानी तकरीर**



**वाराणसी।** हजरत मोहम्मद साहब (सं.) की बेटी का खातूने जन्नत हसन हुसैन की मां बीबी फातिमा जहरा का 1451वां जन्मदिन पूरी अकीदत व जोशखरोश के साथ बनारस में मनाया गया। इस सिलसिले से शहर भर में कई जगह महफिल का आयोजन हुआ। कदीमी महफिल इमामबारगाह इमदाद व फुरकान काली महल में और जेपी टावर में ख्वातीन की महफिल आयोजित की गई। इस अवसर पर महफिल में मुख्य अतिथि के रुप में आयत उल्लाह मौलाना शमीम उल हसन साहब की शिरकत चर्चा का विषय रही। महफिल की अध्यक्षता मौलाना जमीर उल हसन ने की। मौलाना जावेद नजफी इराक ने नमाज अदा कराई मौलाना जमीर उल हसन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में तकरीर की। इस अवसर पर जिन शायरों ने कलाम पेश किया गया जिसमें डॉक्टर शफीक हैदर मौलाना बाकर रजा बलियावी अयश बनारसी अतहर बनारसी फिरोज सहारनपुरी आमिर चंदौलवी आदि लोगों ने कलाम पेश किए। संयोजक हाजी सैयद फरमान हैदर ने बताया कि महफिल में इमाम हसन का दस्तरख्वान भी सजाया गया। इस अवसर पर दस्तरख्वान पर दावते खाई। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी सैयद फरमान हैदर ने बताया कि सभी प्रकार के मेवो फल व मिठाई से लोगों का स्वागत किया गया जेपी टावर में ख्वातीन की महफिल डॉ नुजहत फातिमा के संयोजन में हुई। यहां कनीज फातमा नौशीन फातमा अनन्या फातिमा अरीबा फातमा समरा अख्तर ने कलाम पेश किए। महफिल का आगाज सुबह से ही शुरू हो गया। मस्जिद कायम भेलूपुर में सुबह की नमाज के बाद महफिल हुई और कदीमी महफिल इनानिया अरबी कॉलेज मुकीमगंज में आयोजित हुई। दोषी पूरा बजरडिया शिवाला रामनगर अर्दली बाजार आदि क्षेत्रों में भी बीबी फातिमा की विलादत पर जश्न का माहौल रहा। श्री हैदर ने बताया कि 1451 साल पहले बीवी का जन्म मक्का में हुआ था। उनकी माता का नाम जनाबे खदीजा था और पिता का नाम हजरत मोहम्मद था। इनका जीवन पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है।

# घर पहुंचकर मुफ्त में करेंगे आंखों का परीक्षण

**सराहनीय पहल**

**भाजपा ने 'स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी' अभियान के लिए तैयारी बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपा दायित्व**

**श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट की टीम का लेंगे सहयोग, जांच से लेकर ऑपरेशन तक देंगे निःशुल्क सेवा**

जनसंदेश न्यूज



भाजपा के 'स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी' अभियान के बारे में शुक्रवार को सर्किट हाउस में तैयारी बैठक की गयी

**वाराणसी।** भाजपा की ओर से जनपद में 'स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी' अभियान आरंभ किया गया है। इस मुहिम के जरिये आम जनता का उनके घर पर ही आंखों की मुफ्त जांच की जा रही है। इस बारे में शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में संगठन के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने बैठक कर पार्टी वर्करों को जिम्मेदारी सौंपते हुए विशेष टीमों का गठन किया।मीटिंग में बताया गया कि यह अभियान वार्डवार चलेगा। चित्रकूट के श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के जरिये अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत सबसे पहले 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की स्क्रीनिंग कर नेत्र परीक्षण होगा। कैटरेक्ट, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, अर्धकपारी, कम दिखाई देना आदि समस्या से पीड़ित व्यक्ति की जांच पूर्णरूप से मुफ्त करेंगे। जरूरत के मुताबिक उन्हें चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति के आंख के ऑपरेशन की आवश्यकता हो तो ट्रस्ट के सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय ले जाकर उसका निःशुल्क ऑपरेशन करेंगे।उन्होंने बताया कि ऐसे रोगियों के लिए आवागमन, प्रवास व भोजन सुविधा भी देंगे। यदि कम उम्र के लोगों के साथ भी ऐसी समस्या है उनका भी निवारण कराएंगे। श्री ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि इस वर्ष के अंत तक वाराणसी के 50 साल से अधिक उम्र के लोगों की दृष्टि की समस्या पूरी तरह दूर हो जाए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में 60 लोगों की टीम लगाकर सर्वे कराएंगे। मीटिंग में विद्यासागर राय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक मौर्य, ट्रस्ट के भास्कर पांडेय, तरुणेंद्र पयासी, अशोक पटेल, अभिषेक मिश्र, नवीन कपूर, आत्मा विशेश्वर, जगदीश त्रिपाठी, किशोर सेठ आदि भी रहे।

# सिख समाज ने धूमधाम से मनायी लोहड़ी

**उल्लास**

**कालोनियों में कई जगहों पर अलाव जला कर हुआ भांगड़ा नृत्य**

**परिक्रमा करते हुए सभी के सुख समृद्धि का मांगा आशीष**



लोहड़ी मनाते सिख समुदाय के लोग

**वाराणसी।** लोहड़ी का पर्व शुक्रवार को सायंकाल सिख समाज के लोगों ने धूमधाम से मनायी। इसमें पंजाबी के साथ ही अन्य लोगों ने भी भागीदारी की। सिख बाहुल्य इलाकों में सुबह से ही खुशी का माहौल था। लोहड़ी की तैयारी में सिख परिवार के लोग दिनभर जुटे रहे। शाम होते ही सिख समाज की महिलाएं व पुरुष घरों से बाहर निकल कर अग्नि प्रज्जवलित कर उसमें तिल, तिलकुट, गजक, पापकार्न, मूंगफली, गुड़ व अन्य सामान छोड़ते रहे। इस दौरान जलते हुए अलाव की परिक्रमा करते हुए भांगड़ा डांस भी किया गया। इस मौके पर सिख परिवारों में विशेष प्रकार के व्यंजन भी बनाये गये। सिख परिवार के लोग अग्नि के चारों ओर परिक्रमा लगाते रहे। परिक्रमा लगाते हुए सुख समृद्धि का आशीष मांगा गया। लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और अपनी पुरानी दुश्मनी को भूलकर एक दूसरे को गले भी लगाया।

गौरतलब हो कि लोहड़ी का पर्व मकर संक्रांति के पहले मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि को समर्पित होता है। ऐसा माना जाता है कि जब फसल अच्छी होती है तब यह पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। वैसे तो ये पूरे देश में सभी धर्मों के लोगों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन सिख समुदाय इस पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। लोहड़ी का शुभ मुहूर्त रात 8 बजकर 57 मिनट पर रहा।



शुक्रवार को दिन भर लोगों ने लाई पट्टी की खरीददारी की।

# उचक्कों ने वृद्ध महिला का चांदी का जेवर लूटा

**जंसा।** थाना क्षेत्र के हरसोस गांव में बीती शाम को बाइक सवार दो लूटेरों ने एक वृद्ध महिला का पेंशन निकलवाने के नाम पर प्रधान के घर ले जाने का बहाना बना उसके पास से चांदी की सिकड़ी, लरी और दोनों हाथ में पहने मोटे ढरकौवा छीन कर वृद्ध को सरसों के खेत में धकेल कर फरार हो गए। वृद्ध के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पीआरबी पुलिस को सूचना देते हुए वृद्ध को उसके घर पहुंचाया। घटना से गांव में दहशत मचा है बताया जाता है कि हरसोस गांव की पच्चो देवी 80 वर्ष पत्नी स्वर्गीय टिल्लू बिंद कई दिन से वृद्धा पेंशन निकलवाने के लिए गांव में संचालित जन सेवा केंद्र का चक्कर लगा रही थी लेकिन उसका पेंशन नहीं निकल पा रहा था, गुरुवार की शाम वृद्ध के घर दो युवक पहुंचे और कहा कि प्रधान बुलाए हैं वहां चलो तो पेंशन निकल जाएगा। वृद्धा के घर पर कोई मौजूद नहीं था जिससे वह झांसे में आकर लूटेरों के बाइक पर बैठ गई। उचक्के उसे लेकर गांव के ताल में पहुंचे। जहां घटना को अंजाम दिया। मजेदार बात तो यह है कि जब महिला के हाथ से ढरकौवा नहीं निकल रहा था तो लूटेरे गांव में पहुंच एक साइकिल की दुकान से यह कहकर पीलास ले आए की गाड़ी खराब हो गई है, अभी ठीक करके देता हूं। घटना को अंजाम देने के बाद उचक्के फरार हो गए। फिलहाल मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने जांच पड़ताल किया।

### सपा नेता के खिलाफ वारंट निरस्त

**वाराणसी।** एसीजेएम की अदालत ने 14 साल पूर्व के एक मुकदमे में आरोपी सपा नेता शमीम अंसारी के खिलाफ वारंट निरस्त कर दिया। अभियुक्त ने अपने अधिवक्ता ज़ियाउद्दीन के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर वारंट रिकाल करने का अनुरोध किया, जिसपर अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन ग्यारह निधि पांडेय ने शुक्रवार को निजी मुचलके पर वारंट को निरस्त करने का आदेश दिया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 099/न0पा0प0गो0/ दिनांक 12.01.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा जायसवाल पत्नी संदीप कुमार जायसवाल ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 04.01.2023 द्वारा भवन संख्या-02 मोहल्ला जीटी रोड वार्ड नं0-19 में स्थित मकान पर अंकित श्री इरशाद खान, शमशाद खान, परवेज खान, जमशेद खान, दिलशाद खान, नौशाद खान व खुर्शीद खान पुत्रगण मोती खान के रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्रीमती पूजा जायसवाल पत्नी संदीप कुमार जायसवाल का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 101/न0पा0प0गो0/ दिनांक 12.01.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ऊषा देवी पत्नी गोपालदास ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 11.01.2023 द्वारा भवन संख्या-198 मोहल्ला पानी टंकी के सामने वार्ड नं0-01 में स्थित मकान पर अंकित श्रीमती पार्वती देवी पत्नी सुबाष चौरसिया के वसीयत/वरासत/स्वकर/रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्रीमती ऊषा देवी पत्नी गोपालदास मकान के 1/2 भाग पर नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 100/न0पा0प0गो0/ दिनांक 11.01.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रशांत कुमार चौरसिया, मनीष चौरसिया पुत्रगण सागरनाथ ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 11.01.2023 द्वारा भवन संख्या-65 मोहल्ला चुड़िहारी वार्ड नं0-16 में स्थित मकान पर अंकित श्रीमती पदमा देवी पत्नी प्रीतमलाल पंजाबी का दर्ज नाम के वारिसान के विक्रय पत्र दिनांक 16.03.2022 रजिस्र्ट बैनामा के आधार पर श्री प्रशांत कुमार चौरसिया व मनीष चौरसिया पुत्र सागरनाथ का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**



# वाराणसी



# काशी अपने पुरातन कलेवर संग वैश्विक मंच पर स्थापित

## नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं अविरल किया गया-सीएम योगी



लोगों को संबोधित करते सीएम



दीप प्रज्ज्वलित करते सीएम

### बोले योगी आदित्यनाथ

### यात्री जल परिवहन से काशी में पर्यटन को बढ़ावा मिला है

**वाराणसी।** अपनी 51 दिनी यात्रा पर गंगा की लहरों पर निकले गंगा विलास क्रूज के शुभारम्भ के मौके पर रविदास घाट पर उपस्थित मुख्यमंत्री ने इसे काशी के लिए नयी शुरूआत बतायी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत 8 वर्षों में बदलते भारत को दुनिया ने देखा है। विगत वर्षों में काशी अपने पुरातन कलेवर को बनाये रखते हुए वैश्विक मंच पर स्थापित हुआ है। वाराणसी में अब पर्यटन और रोजगार में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं अविरल किया गया। उन्होंने कहा कि वाराणसी में यात्री जल परिवहन शुरू होने से लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। काशी के नाविकों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। नावों को सीएनजी में तब्दील कराया गया था। यात्री जल परिवहन के माध्यम से काशी में पर्यटन को बढ़ावा मिला है। आज काशी में पर्यटकों के आवक में जबरदस्त वृद्धि हुई है। काशी आज नई पहचान के साथ आगे बढ़ रही है। कहा कि काशी से एक नई यात्रा प्रारम्भ हो रही है, जो सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए गौरव की बात है, काशी ने आज एक बार फिर दुनिया को संदेश दिया है। नमामी गंगा ने गंगा के शुद्धीकरण को नई ऊचांई प्रदान की है, आज गंगा में डाल्फिन देखी जा सकती है, गंगा के आचमन ही नहीं बल्कि पूरे विधि विधान से स्नान किया जा सकता है यह नमामी गंगा परियोजना ही है। पिछले तीन दिनों में, रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास के पर्यटकों ने वाराणसी और आसपास के स्थानों का दौरा किया और संस्कृति का अनुभव किया,काशी आज एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रही है।



क्रूज को विदा करते सीएम आदित्यनाथ

### इन जलमार्गों से डिब्रूगढ़ पहुंचेगा क्रूज

वाराणसी (काशी),गाजीपुर, बक्सर (बिहार),पटना, सिमरिया, मुंगेर, साहिबगंज (झारखंड), फरक्का (प. बंगाल), कोलकाता, ढाका, बांग्लादेश, गुवाहाटी (असम), डिब्रूगढ़ (असम)



टेंट सिटी में मेहमानों के आगमन के लिए बिछी रेड कारपेट

### सुंदरवन और रॉयल बंगाल टाइगर देखेंगे यात्री

डिब्रूगढ़ के रास्ते में क्रूज मेघना नदी से गुजरेगा। यहां टूरिस्ट सुंदरवन भी देखेंगे। यह वढएरउड से प्रमाणित विश्व धरोहर है। सुंदर वन में रॉयल बंगाल टाइगर भी रहते हैं। रास्ते में काजीरंगा नेशनल पार्क भी पड़ेगा। जहां विश्व प्रसिद्ध एक सींग वाला गैंडा और हाथी पाए जाते हैं। यहीं पर माजुली द्वीप भी है। यह विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप है।

### क्रूज की खासियत

गंगा विलास क्रूज में 36 पर्यटकों की क्षमता और सभी सुविधाओं के साथ तीन डेक और बोर्ड पर 18 सुइट् हैं, क्रूज में जिम, स्पा सेंटर, लाइब्रेरी समेत अन्य सुविधाओं को समावेश है, स्विट्जरलैंड और जर्मनी के 31 यात्रियों का एक समूह क्रूज पर सवार है और जहाज के 40 चालक दल के सदस्यों के साथ क्रूज यात्रा पर निकल चुका है।

### क्रूज की रफ्तार प्रति किलोमीटर

गंगा विलास क्रूज की रफ्तार-अप स्ट्रीम में 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा है। डाउन स्ट्रीम में क्रूज की रफ्तार 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा है। असम-गंगा विलास क्रूज के डिब्रूगढ़ पहुंचने की संभावित तिथि 1 मार्च 2023 है। कोलकाता से वाराणसी अप में था जबकि वाराणसी से डिब्रूगढ़ डाउन में है।





### नावों को सीएनजी युक्त किया गया

सीएम योगी ने कहा कि आज काशी में नाविकों को सीएनजी युक्त नावों के संचालन के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया है, 16 सौ नाविकों को सीएनजी का गिफ्ट दिया गया है। यह निर्मल गंगा परियोजना की सफलता है, इस क्रूज की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अगले दो वर्षों की बुकिंग पूरी तरह से फुल है।

### क्रूज के आगे चलती रहेगी शिप

क्रूज संचालक राज सिंह ने बताया कि क्रूज के सेफ्टी के लिए क्रूज के आगे एक शिप चलती रहेगी। जहां कोहरा दिखेगा, वहां क्रूज रुक जाएगा। गंगा की लहरों पर क्रूज से चांदनी रात का दीदार अद्भुत होगा। शिप पर एक पायलट होगा, जो क्रूज कैप्टन को गाइड करेगा। क्रूज के पायलट और मास्टर कोलकाता में चेंज हो जाएंगे। बाकी सारा स्टाफ वही रहेगा। क्रूज के सुइट्स में सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट, फायर अलार्म आदि लगे हैं। वहीं, इमरजेंसी के लिए छोटी-छोटी 4 स्टीमर भी क्रूज के साथ अटैच हैं।

### जलयात्रा पर दुनिया में मानचित्र पर आया भारत



सर्वानंद सोनोवाल, केंद्रीय जलपत्तन मंत्री ने क्रूज के शुभारम्भ के मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना अब देश में पूरी तरह से साकार हो रही है। जलमार्ग एक पर्यावरण संरक्षित मार्ग है, देश भर में जलमार्ग की संभावनाओं को मानचित्र पर लाया जा रहा है, प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि आज देश के सभी नदियों को जलमार्ग से जोड़ा जा रहा है, सिर्फ पर्यटन की दृष्टि से नहीं बल्कि कला, स़स्कृति विरासत और रोजगार से भी देखा जा सकता है।

### एक बार में कर सकता है 40 दिन की यात्रा

गंगा विलास सेल्फ कंटेट जहाज है। गंगा विलास क्रूज के फ्यूल टैंक की कैपेसिटी 40 हजार लीटर की है। इतने ईंधन में यह 40 दिन की यात्रा कर सकता है। क्रूज का अपना एक एश्वाटीपी प्लांट भी है। इससे किसी भी तरह का सॉलिड वेस्ट गंगा में नहीं मिलेगा। फ्रेश वाटर टैंकर की कैपेसिटी 60 हजार लीटर है। जहाज में ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जो रेगुलर गंगाजल को साफ करता है। इस पानी को वॉशरूम और किचन में इस्तेमाल करते हैं। वहीं, बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में नदी में खारा पानी मिलता है। ऐसे में 60 हजार लीटर का फ्रेश वाटर रिजर्व काम में आता है। यह इस क्रूज की टेक्निकल व्यवस्था है



### देश में जलमार्ग की स्थिति

देश में कुल 111 जलमार्ग है जिनमें पांच पुराने, 106 नए जलमार्ग है। 20,275 किमी. के जलमार्ग 24 राज्यों में फैले हुए है, इनमें 10.87 करोड़ टन कार्गो की ढुलाई होती है, साल 2013-14 में 1.88 करोड़ टन माल की आवाजाही जलमार्ग से हुई है, इसके अलावा 2021-22 में 10.87 करोड़ टन माल की आवाजाही हुई है।

### 15 दिनों तक बांग्लादेश से होकर गुजरेगा क्रूज

गंगा विलास क्रूज अपने 51 दिनों के सफर में 15 दिनों तक बांग्लादेश से होकर गुजरेगा, अपने सफर में गंगा विलास क्रूज यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और असम के कुल 27 रिवर सिस्टम से होकर गुजरेगा। वास्तुशिल्प के लिहाज से अहम 50 से अधिक जगहों पर यह यात्रा रुकेगी।

### क्रूज यात्रियों के स्वागत को बिहार तैयार



गंगा विलास के लॉन्च से पहले समारोह में वर्चुअली जुड़ते हुए बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास के स्वागत के लिए बिहार पूरी तरह से तैयार है, बिहार के लिए सौभाग्य की बात कि मां गंगा इस राज्य से गुजर रहीं हैं, मां गंगा के आर्शीवाद के चलते ही हम सभी को प्रधानमंत्री के के इस एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना क्रूज को देखने का अवसर व अतिथि देवो भवः की तर्ज पर सैलानियों के स्वागत का अवसर मिल रहा है। कहा कि राज्य के बक्सर, छपरा, पटना, मुंगेर, सुल्तानगंज और कहलगांव का दौरा करेगा, हर बंदरगाह पर पर्यटकों का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा और ऐतिहासिक स्थलों की सैर कराई जाएगी।

### शिव और शक्ति का परिचायक बना गंगा विलास



गंगा विलास क्रूज के शुभारम्भ पर वर्चुअल जुड़ते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में पूर्वी उत्तर भारत को विकसित करने की जो पहल की वो आज साकार हो रहा है, खुशी जताते हुए कहाकि,इस रिवर क्रूज से उत्तर पूर्व भारत एक बहुत बड़े पर्यटन मान चित्र में शामिल होगा।कहाकि, मैं पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि आज से जो रिवर क्रूज शुरू हो रहा है, वह काशी को असम से भी जोड़ रहा है। इस क्रूज पर आने वाले यात्रियों को मां कामाख्या मंदिर, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और अन्य स्थानों पर जाने का अवसर मिलेगा। रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास चार प्रदेश सहित एक देश से गुजारेगा। यह उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश से होकर डिब्रूगढ़ तक जाएगा।



कलाकारों ने लोक विधाओं को प्रस्तुत कर मोहा मन

### दिखी लोक संस्कृति की झलक

रविदास घाट पर कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों से आये लोक कलकारों ने विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया, कलाकारों की विधाओं को देख सिर्फ स्थानीय ही नहीं बल्कि विदेशी सैलानी भी भाव विभोर हुए।



कलाकारों के साथ लोक विधाओं का लुत्फ उठाते विदेशी मेहमान

## रविदास मंदिर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**वाराणसी।** संत रविदास मंदिर परिक्षेत्र में चल रहे परियोजना का निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को एडीएम अधिकारीयों के साथ पहुंचे। प्रधानमंत्री के हाथ से शिलान्यास हुए सत्संग हाल से हाइवे को जोड़ने के लिए बनने वाले रास्ते का निरीक्षण किया। रास्ते का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हैं। जिसको जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। संत रविदास जयंती पर होने वाले भीड़भाड़ को लेकर तैयारियों को देखा हैं। जयंती के पहले बिजली, सीवर, पेयजल, सड़क मरममत कार्य को कराने के लिए संबधित अधिकारीयों को निर्देशित किया हैं।संत रविदास जयंती में शामिल होने वाले वीवीआई को शामिल होने को लेकर मंथन किया। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से पंडाल लंगर हाल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा हैं। पांच फरवरी को संत रविदास जयंती में शामिल होने के लिए संत निरंजन दास स्पेशल ट्रेन से संगत के साथ तीन फरवरी को सीरगोबर्धनपुर पहुंचेंगे।

## अस्सी घाट पर जवानों ने पेश की देशभक्ति धुन



**वाराणसी।** अस्सी घाट पर सुबह-ए- बनारस के मंच पर शुक्रवार को योग के उपरांत 39 जीटीसी के जवानों ने बैंड पर देशभक्ति धुन पेश कर सभी के मन में जोश भर दिया। बैंड की प्रस्तुति सूबेदार तिल बहादुर थापा एवं कर्नल विजेंदर सिंह ने की। 22 जवानों ने इस बैंड धुन का प्रदर्शन किया। उन्होंने ऐ मेरे वतन के लोगों एवं वंदेमातरम एवं सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा सहित अंत में राष्ट्रगान की प्रस्तुति की। मनमोहक बैंड धुन सुनकर सभी देशभक्ति की भावना में खो गए। सभी ने भारत माता की जय वंदे मातरम का उद्घोष कर सभी जवानों का स्वागत किया। जवानों का स्वागत सुबह-ए- बनारस के संस्थापक सचिव डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम के उपरांत कर्नल विजेंदर सिंह एवं बैंड के सूबेदार दिल बहादुर थापा को स्मृति चिन्ह को अंगवस्त्रम अजय गुप्ता एवं सुनील शुक्ला ने प्रदान किया।

## हिमगिरी एक्सप्रेस 10 घंटे लेट



**वाराणसी।** ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों के लिए नया समस्या उपन्न कर दिया है। जिसके चलते लोगों की यात्राएं कठीन होती जा रही हैं। शुक्रवार को भी कई ट्रेनें देरी से कैंट स्टेशन पहुंची, जिसमें विभूति एक्स्प्रेस छह घंटे, स्वतंत्रता सेनानी नौ घंटे, वंदे भारत एक्स्प्रेस तीन बजकर 10 मिनट पर आई और सवा तीन घंटे लेट गई, पाटिलपुत्रा सुपरफास्ट एक्स्प्रेस साढ़े तीन घंटे, दून एक्स्प्रेस तीन घंटे, कोटा पटना एक्स्प्रेस पांच घंटे, सदभावना एक्स्प्रेस 11 घंटे, बरौनी गोंदिया साढ़े तीन घंटे, गंगा सतलज एक्स्प्रेस साढ़े दस घंटे,हिमगिरि एक्स्प्रेस साढ़े 10 घंटे शामिल रहीं।

## रोजगार पाकर खिले राज कॉलेज के छात्रों के चेहरे



**वाराणसी।** बाबतपुर स्थित राज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राज स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज सिसवा में उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। जिसमें बीएससी, बीकॉम, बीबीए और एमबीए के कुल 76 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कंपनी के जोनल एचआर मैनेजर रत्नेश मिश्रा और उनके सहयोगी गजय तिवारी एवं रूपेश सिंह ने लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से कुल 22 छात्रों का चयन किया। संस्था के चेयरमैन राजदेव सिंह (पूर्व एमएलसी गाजीपुर) और निर्देशक राहुल सिंह व प्रशासनिक अधिकारी विवेक प्रकाश दुबे ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी नवीन मिश्रा ने छात्रों के प्लेसमेंट के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में और भी कई कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। जिसमें संस्था के अन्य विभाग के छात्रों का प्लेसमेंट कराया जाएगा। उक्त अवसर पर पीयूष श्रीवास्तव, साक्षी त्रिपाठी, डॉ. सोमेंद्र प्रताप सिंह, प्रियंवदा सिंह, डॉ. सत्येंद्र पटेल और संस्था के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## ठंड से दस भर्ती एक की मौत

**वाराणसी।** ठंड से बीमार मरीजों का अस्पतालों में आना जारी है। मण्डलीय अस्पताल में बेहोशी की हालत में भर्ती एक अज्ञात वृद्ध की शुक्रवार को मौत हो गयी। ठंड से बीमार दस लोग भर्ती कराये गये। मण्डलीय अस्पताल में अचेतावस्था में भर्ती अज्ञात 60 वर्षीय व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हो गयी। उसे बीते गुरुवार को सोनभद्र जिला अस्पताल से रेफर होने पुलिस ने यहां पर भर्ती कराया था। अशंका हैं कि ठंड लगने से उसकी मौत हो गयी। अस्पताल कर्मियों ने शव को मोर्चरी में बन्दकर शिनाख्त के लिए सूचना पुलिस को भेज दिया। इसी अस्पताल में ठंड की चपेट में आने से सांस फूलने, बुखार, पेट दर्द, उल्टी व डायरिया की शिकायत पर बेला देवी, योगेंद्र प्रसाद, आदित्य, माया देवी, अनिल, त्रिलोकीनाथ, संध्या, अंजू समेत दस मरीज भर्ती कराये गये। अस्पताल के बहिरंग विभाग ठंड से बीमार दो दर्जन बच्चों समेत सौ ज्यादा मरीजों ने उपचार करवाया।

## जेट स्की और फ्लाई बोर्ड का भी आकर्षण

**तैयारी**

### काशी बैलून एंड बोट फेस्टिवल की नौका दौड़ में प्रथम पुरस्कार में देंगे एक लाख नकद

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आगामी 17 जनवरी से आरंभ होने वाले काशी बैलून एंड बोट फेस्टिवल का प्रमोशन शनिवार से आरंभ करने की तैयारी है। इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन की ओर से लाल व पीले रंग के बड़े-बड़े प्रमोशनल बैलून आकाश में तैरते दिखेंगे। आयोजन के तहत कई वॉटर एडवेंचर गेम्स में शामिल किये जा रहे हैं। फिलहाल प्रमोशन के लिए तैयार किये जा रहे गुब्बारों को घाटों व अन्य स्थान पर किसी सिरे से बांध कर रखा जाएगा। ताकि वह एक ही स्थान पर हवा में स्थिर रहें। उन गुब्बारों पर आयोजन के बारे में संदेश लिखे गये। विशेष आकार के ऐसे इन्फेलेटेड बैलून सभी का ध्यान आकृष्ट करेंगे। विभाग की उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि बोट रेस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एक ट्रॉफी और एक लाख रुपये का पुस्कार दिया जाएगा। द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 50 हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। प्रीति के मुताबिक आयोजन के दौरान वाटर स्पोर्ट्स के कई रोमांचक खेलों की प्रस्तुति भी होगी। उनमें पैरा मोटरिंग, जेट स्की और फ्लाई बोर्ड के प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है।



काशी बैलून एंड बोट फेस्चिवल के प्रचार-प्रसार से लिए शुक्रवार को घाटों पर तैयारी दिखी

रिटेल डायरेक्टरी





# मार्च में मिलेगी कोच रेस्टोरेंट की सौगात

**निरीक्षण**

**वाराणसी अपर मंडल रेल प्रबंधक व स्टेशन निदेशक ने बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा**

**ट्रेन के टॉयलेट में गंदगी देख भड़के अधिकारी ओबीएचएस के ठेकेदार पर जुर्माना लगाने का दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करते एडीआरएम व स्टेशन निदेशक

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर शुक्रवार को यात्री सुविधाओं की हकीकत जानने के लिए अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने स्थलीय निरीक्षण किया।

प्रत्येक शुक्रवार को अपनी रुटीन जांच की तर्ज पर अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी ने विभागीय अधिकारियों के साथ स्टेशन पर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की, इसके साथ ही उन्होंने स्टेशन पर बहुप्रतिक्षीय रेस्टोरेंट कोच की तैयारी के लिए संबंधित एजेंसी के लोगों के साथ बैठक कर इसे जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। कोच रेस्टोरेंट साइट को देखने के बाद स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि कोच रेस्टोरेंट की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है मार्च के अंत तक यात्रियों को कोच रेस्टोरेंट की सौगात मिल जायेगी।

बैठक के बाद दोनों अधिकारियों ने टीम के साथ पार्सल में बन रहे नये क्लॉक रुम, पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम को देखा, सर्कुलेटिंग एरिया में स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए प्रवेश व निकास द्वार के पास नये टॉयलेट ब्लॉक बनाने के लिए निर्देश दिया। यात्री आश्रय हॉल क निरीक्षण करते हुए यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में स्टेशन पर चल रहे तीसरे फुट ओबर ब्रिज के प्रगति देखते हुए समय पर पूरा करने का निर्देश दिया, प्लेटफार्म नंबर पांच व नौ पर स्थित विभिन्न कैटरिंग यूनिट पर मिलने वाले खाद्य वस्तुओं को देखा, इसके साथ जनता खाने की उपलब्धता की जांच की। प्लेटफार्म नंबर नौ पर स्थित ओएसओपी स्टॉल का भी निरीक्षण किया।

### ट्रेन में गंदगी देख भड़के, लगाया जुर्माना

निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म नंबर पांच पर आयी ट्रेन संख्या 19045 ताप्ती गंगा में सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ट्रेन के टॉयलेट में गंदगी देख अपर मंडल रेल प्रबंधक व स्टेशन निदेशक भड़क गये, उन्होंने संबंधित को ओबीएचएस ठेकेदार पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया।

# एलएलबी और एलएलएम प्रवेश परीक्षा की तिथि तय

जनसंदेश न्यूज

**घोषणा**

**काशी विद्यापीठ में नकल मामले को लेकर पूर्व में हुई परीक्षा पर हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक**

**आदेश के बाद पुनः परीक्षा की तिथि की घोषित, छह और आठ फरवरी को आयोजित की गई परीक्षा**



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन की ओर से एलएलबी और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा निरस्त होने के बाद पुनः परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। यह प्रवेश परीक्षा एलएलबी छह फरवरी और एलएलएम आठ फरवरी को निर्धारित की गई है।

शुक्रवार को जारी पत्र में विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि बीते साल 16 अगस्त 2022 को कराई गई एलएलबी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदक छात्र छह फरवरी को और बीते साल 14 अगस्त 2022 को हुई एलएलएम प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदक छात्र आठ फरवरी 2023 को पुनः प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। बता दें कि पूर्व में हुई प्रवेश परीक्षा के संबंध में कुछ छात्रों ने नकल का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें उच्च न्यायालय की ओर से आए फैसले के बाद पूर्व में हुई परीक्षा पर रोक लगाते हुए विश्वविद्यालय को पुनः परीक्षा कराने के आदेश जारी किए गए थे। जिसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से पुनः प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। उक्त जानाकारी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह ने कुलसचिव द्वारा जारी किए गए एक पत्र के माध्यम से दी है।

# मछली उत्पादन बढ़ाने को सीएम मत्स्य संपदा योजना का लें लाभ

जनसंदेश न्यूज

**अच्छी पहल**

**विभाग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता सिंह ने कहा : सरकार कर रही मछली पालकों के उत्थान का प्रयास**

**वाराणसी।** मत्स्य विभाग ने मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना आरंभ किया है। पांच वर्ष के लिए लागू यह स्कीम वर्तमान वित्तीय वर्ष से लेकर आगामी 2026-27 तक चलेगी। यह योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में किन्हीं कारणों से छूटे ग्रामसभा के तालाबों के पट्टाधारकों, मनरेगा कनवर्जेंस या अन्य विभाग के जरिये सुधारे गये तालाबों और अन्य पट्टे के तालाबों के लिए है। जिनके तालाब के पट्टे की अवधि कम से कम चार वर्ष शेष हैं।

महकमे की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के साथ ही मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना संचालित होगी। इस में प्रमुख रूप से प्रथम वर्ष निवेश पर अनुदान और मत्स्य बीज बैंक की स्थापना के लिए दो उपयोजनाएं हैं।

इन उपयोजनाओं में इकाई स्थापना के लिए चार लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से 40 फीसदी अनुदान मिलेगा। जबकि अवशेष 60 धनराशि लाभार्थी को स्वयं लगाना होगा। इस योजना के माध्यम से सरकार स्थानीय पट्टाधारक मछली पालकों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान का प्रयास कर रही है।

इस तरह की पहल से सूबे में मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी। साथ ही मछुआरों व मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति में न सिर्फ सुधार आएगा बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## संग्रहालय से आकाशवाणी तिराहा तक सड़क की नापी, लगा निशान

**सारनाथ।** प्रो पुअर योजना के तहत नाली बनाने व सीवर लाइन बिछाने के उद्देश्य से वीडीए के अधिकारियों द्वारा शुक्रवार की सुबह नापी की गई। इस दौरान नाली निर्माण वाले स्थल पर चुने से निशान लगाया गया। इस पर जल्द ही नाली निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल सारनाथ में प्रो पुअर प्रोजेक्ट के तहत नाली व सीवर का निर्माण होना है। इसके लिए विश्व बैंक ने बजट आवंटित कर दिया गया है। इस संबंध में वीडीए के अवर अभियंता अतुल मिश्रा ने बताया कि संग्रहालय से सुहेलदेव पार्क (ऋषिपत्तन मार्ग) मार्ग पर नाली बनाई जाएगी। इसके बाद सीवर लाइन बिछाया जाएगा, साथ ही सड़क का निर्माण किया जाएगा। बताया कि सारनाथ चौराहा से रेलवे स्टेशन एवं सारनाथ चौराहा से सुहेलदेव मार्ग पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर वीडीए के अधिशाषी अभियंता व वर्ल्ड बैंक की टीम मौजूद रही।

# पीएमजीएसवाई की जर्जर सड़क पर विभाग की अनदेखी

**उदासीनता**

**दल्लूपुर-पचरासी-बड़ागांव आदि को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले खस्ताहाल संपर्क मार्ग पर आवागमन की समस्या**

जनसंदेश न्यूज



**बड़ागांव।** स्थानीय ब्लॉक के दल्लूपुर-पचरासी-बड़ागांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हाल में है। फलस्वरूप इस रोड पर ग्रामीणों और किसानों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। मार्ग की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि यहां आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। लगभग छह साल पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में तैयार इस रोड की कभी मरम्मत तक नहीं की गयी।

बाबतपुर से होकर बसनी, जमालापुर व मछली शहर जाने वाले मार्ग पर दल्लूपुर, रतनपुर, करमपुर, भरतपुर, पचरासी एवं बड़ागांव के संपर्क मार्ग को मुख्य मार्ग से जोड़ता है। इस मुख्य संपर्क सहित गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग गड्ढे में बदल चुका है। इस कारण किसानों अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसले अलावा इस मार्ग पर बने गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। लगभग छह किमी की परिधि में बना यह संपर्क मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनायी गयी थी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते करीब छह साल से न तो इस सड़क की मरम्मत हुई है और न ही इसके दोबारा निर्माण की पहल की गयी। क्षेत्रीय निवासी रविचंद्र पांडेय, अंकित, जगजीवन राम, राजेश कुमार, उदयभान, हनुमान, हौसला प्रसाद, अजीत कुमार, अरविंद कुमार पटेल, प्रेमशंकर पटेल, अलख नारायण पांडेय, विजय नारायण, चंचल आदि इस संपर्क मार्ग को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की। पचरासी के युवा खिलाड़ी अनिरुद्ध, दल्लूपुर के किसान हनुमान पटेल, रतनपुर निवासी अधिवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह एवं प्रमोद कुमार गौड़, बसनी के अरविंद कुमार पटेल आदि ने जर्जर मार्ग के प्रति जिम्मेदार विभाग के उपेक्षात्मक रवैये में रोष व्यक्त किया।

## आज बंद रहेगी गोला मंडी

**वाराणसी।** मकर संक्रांति पर्व पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी 14 जनवरी शनिवार को गोला दीनानाथ किराना मंडी परंपरागत रूप से बंद रहेगी। काशी किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्त ने यह जानकारी दी।

# छात्रों का आंदोलन जारी, कल से भूख हड़ताल

**किया ऐलान**

**छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्र, परीक्षा बंद कराने का किया प्रयास**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को धार देने के लिए छात्रों का आंदोलन शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इसे लेकर कुछ छात्र नेताओं ने 15 से भूख हड़ताल पर जाने की बात कही है। इस बीच धरने पर बैठे छात्रों के अलावा कुछ छात्र विश्वविद्यालय के एक संकाय में चल रही परीक्षा को बाधित करने पहुंच गए।

विश्वविद्यालय में इन दिनों छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्र नेताओं में काफी आक्रोश है। इसे लेकर छात्र और विश्वविद्यालय प्रशासन में ठन गई है। एक ओर छात्र मामने को तैयार नहीं तो दूसरी ओर विश्वविद्यालय स्थानीय प्रशासन का हवाला देकर छात्रों को समझाने में जुटा है। शुक्रवार को भी परिसर में छात्रसंघ चुनाव को लेकर अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। छात्र धरने पर बैठे रहे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं छात्रों का एक गुट वाणिज्य विभाग में चल रही परीक्षा को रोकने का प्रयास करने लगे। जिसका परीक्षा दे रही कुछ छात्राओं ने विरोध किया तो किसी तरह प्रशासन के हस्तक्षेप से विरोध बंद हुआ। पठन पाठन का माहौल खराब न होने पाए इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से शुक्रवार को कुछ छात्रों की स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात कराई। लेकिन बात नहीं बनी। जिसके बाद धरने पर बैठे छात्र नेता गौरव सिंह ने बताया कि अगर छात्रसंघ चुनाव की घोषणा में और देरी हुई तो 15 जनवरी से भूख हड़ताल पर जाएंगे। जिसके बाद आंदोलन को और भी व्यापक तौर पर धार दी जाएगी। धरने में शिवम तिवारी, अफ्तार अहमद, अभिषेक मिश्रा, चंद्रप्रकाश मौर्या, विवेक सिंह किशन और करन प्रजापति समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

## भविष्य में सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी

**चांदमारी।** पलहीपट्टी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को तीन दिवसीय कैरियर एवं सेवायोजन कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र में मुख्य वक्ता राजकीय महिला महाविद्यालय, सैयदराजा, चंदौली के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्रो. डॉ. अभय राज यादव ने कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है, अन्यथा आप भटकते रहेंगे। डाक्टर, आईएएस, पीसीएस, लेखक, कवि, सोशल एक्टिविस्ट आदि जिसमें रुचि हो उस मुकाम को लक्ष्य बना लीजिए। शिक्षाशास्त्र विभाग के डॉ. सर्वेश तिवारी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि लक्ष्य को पाने के लिए हर संभव परिश्रम करने को तैयार रहे। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सुधीर कुमार मानस ने छात्र छात्राओं को इस कार्यशाला के औचित्य व महत्व पर विस्तार से बताया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनंत व्रत पांडे, संचालन डॉ. बृजेश कुमार मौर्य एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सवेर्शानंद ने किया। कार्यशाला में डॉ. सुमन मोहन, डॉ. सुमन, नीति भोला, डॉ. सुमन सिंह, डॉ. जयश्री द्विवेदी, डॉ. उपेंद्र सिंह, डॉ. आलोक यादव, डॉ. रिचा चौधरी, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. सुनील कुमार मौर्या, डॉ. आरजू उपस्थित रहे।

# किसानों ने समाधान के लिए प्रधानमंत्री से लगायी गुहार

**समस्या**

**मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना मामले पर पीएम के जनसंपर्क कार्यालय को सौंपा ज्ञापन**

**कहा : स्कीम के मूर्त रूप लेने पर भारी संख्या में टूटेंगे घर, पांच हजार ग्रामीण हो जाएंगे बेघर**

**रोहनिया।** शासन स्तर पर जब मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना रद कर किसानों की जमीन डिनोटिफाई के लिए फैसला लिया गया है तो जिला प्रशासन दोबोरा इस योजना को लेनी की कवायद में क्यों जुटा है। यदि ऐसा हुआ तो न सिर्फ स्कीम के दायरे में आने वाले भारी संख्या में पुश्तैनी घर टूटेंगे बल्कि लगभग पांच हजार लोग बेघर हो जाएंगे। इस समस्या का समाधान जनपद के सांसद एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करें।

मोहनसराय किसान संघर्ष समिति संरक्षक मंडल अध्यक्ष छेटी पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुधाम स्थित पीएम के जनसंपर्क कार्यालय में ऑफिस इंचार्ज शिवशरण पाठक को प्रधानमंत्री के नाम यह मांग-पत्र सौंपा। उसमें बड़ी संख्या में किसानों के हस्ताक्षर शामिल थे। किसानों ने प्रकरण के समाधान के लिए गुहार लगायी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन बीते 20 साल का किराया लेने की बात कर रहा है जबकि वर्तमान में संबंधित गांवों में सैकड़ों इज्जत घर और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बने हुए हैं। किसानों ने कहा कि हम सभी ग्रामीण कानून के दायरे में रहकर समस्या का स्थायी समाधान चाहते हैं। प्रतिनिधि मंडल में छेदी पटेल, अमलेश पटेल, लालबिहारी पटेल, विजय वर्मा, प्रेम शाह आदि रहे।

# बीज का अनुदान लंबित, कोटेदार कर रहा घटतौली

**आयोजन**

**शासन की प्राथमिकता में शामिल साप्ताहिक 'ग्राम चौपाल' में आए 150 से अधिक मामले**

**चयनित गांवों में जुटे ग्रामीण अधिकांश शिकायतों का निस्तारण कर दिये जाने का है दावा**



जनपद के सभी विकास खंडों के चिह्नित गांवों में शुक्रवार को साप्ताहिक 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया गया

**वाराणसी।** शासन की प्राथमिकता के शामिल साप्ताहिक ग्राम चौपाल 'गांव की समस्या-गांव में ही समाधान' का शुक्रवार को विभिन्न विकास खंडों के चिह्नित ग्राम पंचायतों में किया गया। इस दौरान 150 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। उनमें जल निकासी, लंबित अनुदान, मार्ग का अभाव, आवास आदि से जुड़े प्रकरण रहे। खास यह कि प्राप्त मामलों में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिये जाने का दावा है। वहीं, कई प्रकरणों में आवश्यक निर्देश दिये गये।

जनपद के प्रत्येक विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में इस चौपाल का आयोजन हुआ। उपायुक्त श्रम रोजगार करुणाकर अदीब आराजी लाइंस में और डीसी एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर ने पिंडरा विकास खंड के नोडल अफसर के तौर पर मॉनिटरिंग की। अन्य ब्लॉकों में संबंधित नोडल अधिकारियों से जिम्मेदारी संभाली। काशी विद्यापीठ प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय ब्लॉक के टड़िया और करौता पंचायत भवन खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता की मुख्य उपस्थिति में चौपाल लगी। टड़िया में गांव के सरजू साहनी एवं सावित्री वर्मा ने कोटेदार पर घटतौली करने और अनियमित रूप से राशन बांटने का आरोप लगाया।

गांव के अंतूराम व अन्य को पीएम किसान सम्मान निधि के लिए ई-केवाईसी कराने की सलाह दी गयी। चौथीराम ने गेहूं के बीज का अनुदान न मिलने की शिकायत की। साधना, रन्नो, माधुरी, वंदना तथा किरण ने पीएम आवास योजना में आवास की मांग की। तमाम ग्रामीणों ने पंचायत भवन तक पहुंच मांग बनवाने की मांग की। करौता की चौपाल में अनुसूचित बस्ती के लोगों ने जल निकासी की समस्या का समाधान कराने की मांग की। बीडीओ ने भूमिगत नाली बनवाने का निर्देश दिया। अमरावती देवी ने लंबित विधवा पेंशन की ओर ध्यान दिलाया। निर्मला देवी ने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की मांग की। इन चौपालों में आनंद पांडेय, एडीओ राशिद अहमद तथा अनुराग शुक्ल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रागिनी सिंह, ग्राम सचिव ओमकार, ग्राम सचिव विजय कुमार आदि रहे। सेवापुरी प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय ब्लॉक के रसूलहा और नहवानीपुर में खंड विकास अधिकारी रमाशंकर सिंह ने चौपाल लगायी। जिसके तहत रसुलहा में पीएमकेएसवाई के 14 मामले आये। एक दर्जन ग्रामीणों ने राशन की मांग की। छह लोगों ने आवास की जरूरत बतायी। कई ग्रामीणों ने शौचालय की मांग की। इसी क्रम में नहवानीपुर की चौपाल में प्राप्त कई प्रकरणों का समाधान किया गया।

### कहां-कितने मामले आये

विकास खंड आराजी लाइन के मिल्कीचक में प्राप्त 11 शिकायतों में से सभी निस्तारित, महावन में सभी दस शिकायतें निस्तारित, बड़ागांव ब्लॉक के गांगकला में मात्र एक आवेदन निस्तारित, सिसवा में सभी तीन समस्याएं निस्तारित, चोलापुर विकास खंड के राजवाड़ी में आठ में से साथ का निबटारा, भिदूर में सभी 11 शिकायतें निस्तारित, हरहुआ ब्लॉक के मुरदहा में सभी चार समस्याएं निस्तारित, औरा में सभी चार मामले निस्तारित, काशी विद्यापीठ ब्लॉक के टडिया में सभी चार प्रकरण निस्तारित, कोरौता में सभी दो दर्जन आवेदन निस्तारित, पिंडरा विकास खंड के महगांव में सभी चार प्रकरण निस्तारित, गरथमा में सभी दो मामले निस्तारित, सेवापुरी विकास खंडे के रसुलहा में प्राप्त 37 आवेदनों में से 35 निस्तारित, नहवानीपुर में सभी तीन प्रकरण निस्तारित, चिरईगांव ब्लॉक के पतेरवा में सभी दस समस्याएं निस्तारित, पियरी में सभी 17 आवेदन निस्तारित।

## स्वामी जी आने वाली पीढ़ियों का करेंगे मार्ग दर्शन : प्रो. त्रिपाठी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा ऑन-लाईन माध्यम से स्वामी विवेकानंद जयंती पर साप्ताहिक "युवा महोत्सव के उद्घाटन सत्र का प्रारंभ हुआ। जिसमें स्वामी विवेकानंद विषय पर बीएचयू के व्याकरण विभाग के प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में 12 जनवरी 1863 को हुआ था वे अपने गुरु रामकृष्ण देव से काफी प्रभावित थे। स्वामी जी वेदांत के विख्यात व प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरू थे, उनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्वधर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत की आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदांत दर्शन अमेरिका व युरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानंद जी के कारण ही पहुंचा। अध्यक्षता करते हुये कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि 39 वर्ष के सक्षिप्त जीवन काल में स्वामी जी जो कार्य कर गये वह आने वाली अनेक शताब्दियों के पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेगे।

## संक्षेप

### युवा महोत्सव में काशी विद्यापीठ परिसर अव्वल

**रोहनिया।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर में युवा महोत्सव का आयोजन 12 एवं 13 जनवरी को किया गया। जिसमें विभिन्न विधाओं में काशी विद्यापीठ के युवा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना परचम लहराया। पारितोषिक वितरण में मुख्य अतिथि विद्यासागर सोनकर एमएलसी और कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्या ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने कुल आठ विधाओं में प्रतिभाग किया। जिसमें क्लासिकल वोकल का प्रथम पुरस्कार दिव्यांशी पांडे लाइट वॉकल का प्रथम पुरस्कार सूरज तिवारी और ग्रुप सॉन्ग में लोकगीत के लिए द्वितीय पुरस्कार मनोज कुमार कुमार और उसके टीम को तथा माइम मूक अभिनय के लिए प्रथम पुरस्कार श्रेयांश सिंह एवं उसकी टीम को प्राप्त हुआ। वाद विवाद प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार मृत्युंजय पांडे एवं अनुभव मिश्रा ने प्राप्त किया। ऑन द स्पॉट पेंटिंग में भी विद्यापीठ के छात्र जय गुप्ता ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय का मान वर्धन किया, वही मेहंदी प्रतियोगिता में भी मनीष कुमार ने प्रथम तथा रंगोली में अंशु कुमारी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। नोडल अधिकारी सुमित घोष के नेतृत्व में समस्त प्रतिभागियों ने दो दिवसीय युवा महोत्सव का लुत्फ उठाया। काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने छात्र अधिष्ठाता प्रो. केके सिंह व छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

### चिकित्सकों को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण



**वाराणसी।** शिवपुर स्थित उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र पर शुक्रवार को पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों से आये राजकीय चिकित्सकों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। रमना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. शिव शक्ति द्विवेदी ने सभी को बताया कि किसी को हार्ट अटैक आने पर किस तरह से जान बचायी जा सकती है। बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसे कार्य कर मरीज को राहत दिया जा सकता है इसके बाद ही मरीज को नजदीकी चिकित्सालय ले जाया जा सकता है। बताया कि हर साल हार्ट अटैक से लोगों की मौत हो रही है जानकारी के आभाव में इलाज के बाद भी कभी-कभी मरीज की मौत हो जाती है। सीपीआर एक त्वरित राहत देने वाली प्रक्रिया है। जिसके प्रति सभी को गंभीर होना होगा।

### न्यायालय का वारंटी गिरफ्तार



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने शुक्रवार को न्यायालय के एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी सुनिल कुमार सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जीआरपी कैण्ट वाराणसी द्वारा वारण्ट सं.-7082/16 राज्य बनाम गोरख डोम अन्तर्गत धारा में 356/379 भदवि के वारण्टी अभियुक्त राजन गुप्ता (40)पुत्र श्यामलाल गुप्ता निवासी मुड़ैला, लोहता को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। बताया कि जीआरपी के हरिशंकर यादव व ओमप्रकाश सिह द्वारा गिरफ्तार किया गया।

### शोध आवेदन तिथि 20 जनवरी तक बढ़ी

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के आदेशानुसार पीएचडी के लिए आवेदन करने की तिथि को 20 जनवरी तक विस्तारित की गई है। आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार रक्षा अनुसंधान, समाज कार्य, पत्रकारिता व जनसंचार में कुछ सीटों की वृद्धि गई है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के पीआरओ डॉ नवरत्न सिंह ने दी।

### शिक्षा अधिकारियों के साथ रखा गया सामंजस्य कार्यक्रम



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के बंगलाचट्टी स्थित सरोज वाटिका में शुक्रवार की दोपहर नंदी फाउंडेशन प्रोजेक्ट नन्ही कली द्वारा सरकारी शिक्षा अधिकारियों के साथ सामंजस्य कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि डीआईओएस गिरीश कुमार रहे। प्रोग्राम अधिकारी रुचि उपाध्याय द्वारा प्रोजेक्ट नन्ही कली के बारे में बताया गया और संस्कृत कार्यक्रम किया गया। कक्षा 10 की नन्हीं कलियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बीएसए डॉ. अरविंद कुमार पाठक, बीईओ (आराजी लाइन) शशिकांत श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार मिश्रा, संजय यादव, अमित कुमार दूबे, डीआई सिटी उमेश शुक्ला एवं एआरपी रवि किरन राय आदि उपस्थित रहे।

### गो महायज्ञ में शामिल होंगे कर्नाटक के विद्वान

**वाराणसी।** अस्सी घाट पर काशी का सुरम्य तट गौ सेवा के महात्म्य की गाथा का साक्षी बनेगा। काशी वेद वैदिक प्रतिष्ठानम की ओर से कोविलूर मठ में 15 से 17 जनवरी तक विश्व कल्याणार्थ त्रिदिवसीय विश्व मंगल सुरभि (गौ) महायज्ञ व गौ महात्म्य कथा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी प्रतिष्ठानम के संरक्षक व पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि महायज्ञ व कथा शुरू होने से पूर्व रविवार को प्रातःकाल 8 बजे दुर्गाकुंड स्थित दुर्ग विनायक से शोभायात्रा निकाली जायेगी। महायज्ञ को सम्पन्न कराने के लिए कर्नाटक से विद्वान वेद घनपाठियों का दल काशी आ रहा है।

### ज्ञानवापी में मानस नवाह्न पाठ के लिए नहीं मिल रही जगह

**वाराणसी।** काशी सत्संग मंडल की ओर से आगामी 27 जनवरी से श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ शुरू होने जा रहा है लेकिन इसके लिए ज्ञानवापी में समिति को जगह नहीं मिल रही है। यह आरोप समिति के संरक्षक आचार्य सूर्यलाल मिश्र शास्त्री ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान लगाया। कहा कि नवाह्न पारायण के लिए ज्ञानवापी में उन्हें एक दुकान दी जा रही है। इतनी छोटी दुकान में यह पारायण होना संभव नहीं है। जबकि इसमें 111 भूदेव व वैदिक विद्वान शामिल होते हैं। यह पारायण पाठ ज्ञानवापी में लगभग 65 वर्षों से चल रही है। इस संदर्भ में कई बार आश्वासन भी दिया गया लेकिन कहीं कुछ भी नहीं हुआ।

### कन्या कुमारी से काशी पहुंचेगी विवेकानंद संदेश यात्रा

**वाराणसी।** स्वामी विवेकानंद की सन्देश यात्रा (कन्या कुमारी शाखा) से 17 जनवरी, को वाराणसी पहुंच रही है। यह यात्रा 18 जनवरी, को सुबह 8.45 बजे बंगीय समाज की ओर से स्थापित स्वामी विवेकानंद को (आईपी विजया माल, भेलूपुर) पूजा अर्चना के उपरान्त यात्रा चेतमणि चौराहा, दुर्गा कुण्ड, लंका होते हुए बीएचयू के मुख्य द्वार पर स्थित पं मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मालवीय भवन के लिए रवाना होगी। बंगीय समाज के देवाशीष दास ने कहा कि सभी लोग अपने परिवार के साथ आई पी विजया माल, भेलूपुर स्थित स्वामीजी के मण्डप पर 18 को सुबह 8.45 बजे मौजूद हो।

### एसडीएम ने लिया धान क्रय केंद्रों का जायजा

**सेवापुरी।** स्थानीय क्षेत्र के कपसेठी और लेड़ुवाई में स्थापित धान क्रय केंद्र का शुक्रवार को एसडीएम राजातालाब गिरीश दुबे ने धान खरीद का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने एक दर्जन से अधिक किसानों से फोन पर बातचीत कर धान खरीद संबंधी फीडबैक लिया। उन्होंने कपसेठी सेंटर के प्रभारी को गोदाम में ठसाठस भरे धान को तत्काल मिलर को भेजने का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ किसानों ने भुगतान लंबित होने की शिकायत की। साथ ही बताया कि निजी क्षेत्र के व्यापारी एमएसपी से अधिक पैसा देकर बगैर कोई कटौती किये सीधे किसान के घर से नकद पैसा देकर धान खरीद रहे हैं। क्रय केंद्र के स्टाफ ने एसडीएम को बताया कि अब तक 277 किसानों से कुल 10 हजार 774 कुं. धान की खरीद हुई है।

### चौबेपुर मार्ग पर एफओबी का सर्वे शुरू, ग्रामीणों में खुशी



**चौबेपुर।** वाराणसी-गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर चौबेपुर के नजदीक चौबेपुर गौरा उपरवार को जोड़ने वाले हाईवे पर बनने वाले फुट ओवरब्रिज (एफओबी) व लिंक रोड निर्माण को लेकर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चंदौली सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के प्रयास से सर्वे का कार्य शुक्रवार को प्रारंभ हो गया। जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी देखने को मिली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इससे जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। जल्द ही एफओबी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। एफओबी बनने के बाद एनएच को पैदल पार करने के चक्कर में होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अब लोग पैदल एनएच को पार करने के लिए सड़क पार करने का जोखिम नहीं उठाएंगे। इस चक्कर में वे वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। जिससे दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एफओबी का काम शुरू होने पर गौरा और तिवारीपुर के ग्रामीण राहुल तिवारी, रोहित तिवारी, दुष्यंत सिंह मोनू, सुधीर सिंह संगम, अपूर्व कुमार तिवारी आदि ने खुशी जाहिर की।

# छुआछूत एवं जातिवाद का करें खात्मा

**बोले सुभाष**

### समरसता का संदेश देता है मकर संक्रांति उत्सव


खिचड़ी सहभोज में भाग लेते लोग

**रसड़ा।** श्रीनाथ बाबा मठ मैरिज हाल में शुक्रवार को मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गोरक्ष प्रांत के प्रचारक सुभाष जी ने कहा है कि मकर संक्रांति उत्सव समरसता का त्यौहार है। हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के विषय में सोचना चाहिए।

कहा कि अंत्योदय कार्यक्रम तभी सफल होगा, जब हम अनपढ़ को पढायें और गरीबों के आर्थिक विकास की पहल करें। हम लोगों में व्याप्त छुआछूत और जातिवाद की बुराइयों को खत्म करें। छुआछूत और जातिवाद समाज का बहुत बड़ा कोढ़ है। रहीम और कबीर ने हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया था। कबीर ने काशी की जगह मगहर में समाधि ली थी और हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज सर्वे भवंतु सुखिनः में विश्वास करता है। भारतीय मनीषियों द्वारा योग और आयुर्वेद संपूर्ण विश्व को दिया गया अनुपम भेंट है। कहा कि भारत सोने की चिड़िया था। कोहिनूर हीरा भारत से ही इंग्लैंड गया था। मौके पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बाल्मीकि त्रिपाठी, कौशल गुप्ता, पूर्व सभासद वशिष्ठ नारायण सोनी, जिला प्रचारक अनुज, डॉ. बृजराज सिंह, डा. रामबाबू, श्याम कृष्ण गोयल, श्रीनाथ मठ के महंत कौशलेंद्र, गोविंद नारायण, संजय, ठाकुर मंगल सिंह, संदीप गुप्ता सेठी, कन्हैया आदि मौजूद रहे। संचालन अजय ठाकुर ने किया। संघ की प्रार्थना व गीत विकास ने प्रस्तुत किया।

### खिचड़ी सहभोज में शामिल हुए लोग

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत के एक मैरिज हाल में मकर संक्रांति त्योहार के उपलक्ष्य में शुक्रवार को खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रान्त प्रचारक गोरक्ष प्रान्त सुभाष का पाथेय सभी को प्राप्त हुआ। लगभग 600 लोग खिचड़ी सहभोज में शामिल हुए। इस अवसर पर अनुज, बृजेश पाल, पंकज, प्रेमप्रकाश, मनोज, छठ्ठू राम, देवनारायण प्रजापति देवा भाई, जयप्रकाश जायसवाल, काशीनाथ, राजू सोनी, राजू सिंह, दीपक कुमार, सौरभ किशोर, मार्कण्डेय आदि मौजूद रहे।

# सरकार की नाकामियों से आमजन को करायें अवगत : चौधरी



**बांसडीह।** पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बाढ़, अग्निबीर योजना से किसान, नौजवान, आम जनता परेशान है। वह शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में प्रसपा नेता नीरज सिंह गुड्डू का पूर्व मंत्री रामगोविन्द ने माला पहनाकर स्वागत किया।

रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि ईडी, सीबीआई आदि संस्थाओं का भय दिखाकर विपक्ष को डराया व धमकाया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यों से जनपद व क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। बांसडीह विधानसभा में विकास के शुरू किए गये सभी काम ठप हैं। मनियर से रेवती व सुखपुरा-बांसडीह की मुख्य सड़क बदहाल हैं, लेकिन सरकार को इसकी चिंता नहीं हैं। अस्पतालों में लोगों का ईलाज नहीं हो रहा हैं। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील किया कि आप गांवों में जाए व लोगों को सरकार की नाकामियों से अवगत कराये। पूर्व मंत्री ने 19 जनवरी को सहतवार कस्बे में पूर्व चेयरमैन स्व. बद्रीनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर आ रहें सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इस मौके पर नीरज सिंह गुड्डू, हरेंद्र सिंह, रविंदर सिंह, धीरेन्द्र बहादुर सिंह चुन्ना, यदुनाथ सिंह, नन्दलाल यादव, भिखारी सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अमरजीत ने किया मंत्री का स्वागत




**बलिया।** योगी सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को बलिया के सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांधी इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सीधे देर शाम बलिया के कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। कहा कि सरकार की जो परियोजनाएं हैं, उस पर गंभीरता से काम होना चाहिए। उधर, नगर पंचायत चितबड़ागांव के भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत किया और अपनी बात उनके सामने रखी। अमरजीत सिंह सिकंदरपुर से बलिया तक पूरे कार्यक्रम में मंत्री के साथ रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** दुबहर पुलिस ने दुष्कर्म से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने व वांछित अभियुक्तों/वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दुबहड़ पुलिस को सफलता मिली है। धारा 376, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त हिंमाशु राजभर उर्फ राज पुत्र नन्दू राजभर निवासी सुजाईत, थाना चितबड़गांव को प्रभारी निरीक्षक दुबहड़ राजेश कुमार मिश्र मय फोर्स द्वारा ग्राम टेकार मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में कां. आशीष पाण्डेय, कां. सुरेन्द्र कुमार, कां. धर्मेन्द्र यादव शामिल रहे।

### स्वामी जी के जीवन पर डाला प्रकाश



**बैरिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर में शुक्रवार को युवा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि मोहन सिंह ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि स्वामी जी भारत का प्रतिनिधित्व करने शिकागो धर्म सम्मेलन में पहुंचे थे। उनको वहां तक पहुंचाने में राजस्थान, खेतड़ी के महाराज अजीत सिंह का योगदान रहा। इस तरह से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की चर्चा हुई। नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर भोजापुर में स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में युवा दिवस मनाया गया और सामाजिक समरसता का कार्यक्रम हुआ। वही, खिचड़ी पर्व मनाया गया। वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, मोहन सिंह, रविन्द्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त गिरफ्तार

**सिकंदरपुर।** पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिकंदरपुर के मालदह पुलिस को सफलता मिली है। पिछले दिनों मालदह में कामता प्रसाद वर्मा के दरवाजे के सामने लगा सोलर की बैट्री चोरी हो गया था। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी मालदह शिवरत्न तिवारी व कांस्टेबल अजय चौधरी ने बंशी बाजार से अभियुक्त अक्षय सिंह उर्फ चुटन सिंह पुत्र स्व. अशोक सिंह निवासी हड़सर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको सम्बंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

### हवन एवं भंडारा में शामिल हुए श्रद्धालु



**लालगंज।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर कपूर दियर में कमलनयन ब्रह्मचारी जी के निर्वाण दिवस पर आयोजित यज्ञ कीर्तन का हवन एवं भण्डारा शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ एवं हवन में पंडित योगेंद्र दुबे की अगुवाई में आधा दर्जन पंडित शामिल रहे। बता दे कि उक्त स्थान दियरांचल की अद्भुत मठिया है। अनादि काल से ही यहां पर अद्भुत संत श्री श्री कल्याण दास जी महाराज, श्री श्री जानकी दास जी महाराज और कमलनयन ब्रह्मचारी जी की तपस्या एवं भजन भाव कण-कण में जागृत है। उन्होंने गंगा, गाय, तुलसी और शालिग्राम भगवान के भजन भाव में जीवन समर्पित किया है। वर्तमान में चौथे संत के रुप में श्री श्री राधाकृष्ण ब्रह्मचारी जी मठिया पर परम्परा को अपने भजन भाव से अभिसिंचित कर रहे हैं। यहां सच्चे दिल से जो भी भक्त आता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। यहां की मिट्टी से लोगों का कल्याण होता है।

### आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी बने कृष्णानंद



**बैरिया।** उत्तर प्रदेश के आयुष विभाग में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य (आयुर्वेद-यूनानी) भर्ती परिणाम में बैरिया थाना क्षेत्र के गंगापुर निवासी कृष्णानंद वर्मा को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। कृष्णानंद के पिता श्रीनिवास वर्मा सिंचाई विभाग में गोरखपुर में सहायक अभियंता पद पर तैनात थे। वह हाल ही में सेवानिवृत हुए है। उनके भाई अशोक कुमार वर्मा बलिया सिविल कोर्ट में अधिवक्ता है। उल्लेखनीय है कि इस भर्ती परिणाम में 422 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था, जिसमें कृष्णानंद को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूचना पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने कृष्णानंद का नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री के निधन पर व्यक्त किया शोक

**बलिया।** लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण करके गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने संस्मरण साझा करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन् किया। इस अवसर पर देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, निर्भय नारायण सिंह, शारदानंद सिंह, शिवशरण तिवारी, अशोक राय, अकमल नईम खां मुन्ना, शाहिद अली खां, परमात्मा पांडेय, बासुदेव ठाकुर, ओमप्रकाश मिश्र, विजय शंकर चौबे, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शुभ्रांशु शेखर पांडेय ने किया।

### सांसद ने किया नवनिर्मित उपवन का लोकार्पण



**रतसर।** किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा में नवनिर्मित समद खां स्मारक, जैव पारिस्थितिकी एवं सामाजिक समरसता उपवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि सांसद रविंद्र कुशवाहा ने किया। तत्पश्चात उपवन मं डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण सांसद के साथ पूर्व मंत्री राजधारी एवं पूर्व विधायक भगवान पाठक ने किया। छात्रा स्नेहा सिंह व कशिश गुप्ता ने वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के विकास सिंह ने विषय प्रवर्त्तन किया। संचालन अनिल कुमार यादव ने किया। सभी का आभार डॉ. अभय नाथ सिंह ने व्यक्त किया।

### कृषकों को उर्वरक का विक्रय आधार कार्ड एवं खतौनी के आधार पर हो : जिला कृषि अधिकारी

**बलिया।** धर्मेन्द्र कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जता है कि कृषकों को उर्वरक का विक्रय, आधार एवं खतौनी के आधार पर की जाय एवं एक कृषक को एक बार में 2-3 बोरी से अधिक उर्वरक का वितरण न की जाय। जिससे अनुपातिक रूप से सभी कृषकों को आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जनपद के कतिपय कृषकों द्वारा यह शिकायत की जा रही है कि उर्वरक विकताओं द्वारा अनावश्यक रूप से यूरिया के साथ अन्य उत्पाद की भी टैगिंग की जा रही है। ऐसी स्थिति में कार्यालय में लिखित रूप से शिकायत प्राप्त होती है तो आपके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सभी उर्वरक बिक्रेता उर्वरक ब्रिकी करते समय उर्वरक ब्रिकी पर्ची अनिवार्य रूप से जारी की जाय तथा सभी कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि एक साथ उर्वरक क्रय न करके आवश्यकतानुसार उर्वरक क्रय कर प्रयोग करे जिससे सभी कृषकों को आवश्यतानुसार उर्वरक उपलब्ध करायी जा सके।

# खतरनाक हो सकता है कोहरा एवं शीतलहर : डॉ. गणेश

**बलिया।** अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबेछपरा के पूर्व प्राचार्य एवं जननायक चन्द्रशेखर विवि बलिया के पूर्व शैक्षिक निदेशक पर्यावरणविद् डॉ. गणेश पाठक ने बताया कि नवम्बर शुरू होते ही कुहरा पड़ने लगता है। दिसम्बर तथा जनवरी में इसकी प्रबलता बढ़ जाती है। कुहरा घना हो जाता है, जिससे दृश्यता भी प्रभावित होने लगती है और दुर्घटनाएं भी बढ़ने लगती हैं। यही नहीं, वायु प्रवाह के साथ कुहरे में विषैली गैसे भी मिलकर तीखी गंध उत्पन्न कर देती हैं। आंखों में जलन भी होने लगती है। इससे आंखों में होने वाली जलन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस कुहरे में वायु के विषैला धुंआ सहित अन्य खतरनाक विषैली गैसें मिली हो सकती हैं। इससे यह कुहरा धूम कुहरा के रूप में भी बदलता जाता है, जो सांस के रोगियों के लिए बेहद खतरनाक होता है।

डॉ. पाठक ने बताया कि जब सामान्य कुहरे में धुंआ और वायु में घुली अन्य विषैली गैसें मिल जाती हैं तो उसका प्रभाव मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी खतरनाक हो जाता है और उसकी दृश्यता भी कम हो जाती है। फलतः आगे की वस्तुएँ दिखाई नहीं देती हैं और दुर्घटना की सम्भावनाएं बढ़ जाती हैं। जब कुहरा हल्का होता है और उससे दो किमी तक की वस्तुएं दिखाई देती हैं तो ऐसे कुहरे को कुहासा (मिस्ट) कहा जाता है, जबकि कुहरा को फाग एवं धूम कुहरा को स्माग कहा जाता है। अभी एक-दो दिनों से बलिया में जो कुहरा दिखाई दे रहा है, वह गर्म एवं ठंडी वायुराशियों के मिश्रण की ही देन है। ऐसा देखने में आया है कि इस वर्ष नवम्बर एवं दिसम्बर में कुहरा व शीतलहर का प्रभाव कम रहा, किंतु जैसे ही दिसम्बर के अंतिम सप्ताह से पश्चिमी हवा का प्रभाव शुरू हुआ, दोनों हवाओं के मिलन ने कुहरे को जन्म दिया। यह प्रदूषित वायु व धूम कुहरा कोरोना संक्रमण को भी बढ़ा सकता है। खासतौर से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, खांसी, हृदय रोग से ग्रसित रोगियों व बच्चों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

# सपा का कौन होगा जिलाध्यक्ष चर्चाएं शुरू

**बलिया।** जनपद में समाजवादी पार्टी का जिलाध्यक्ष कौन होगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन चर्चाएं अब शुरू हो चुकी हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि अगला सपा का जिलाध्यक्ष कोई मुसलमान या फिर कोई ब्राह्मण ही होगा। वैसे समाजवादी पार्टी से अब तक जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर यादव समाज से कई नेता बैठ चुके हैं। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर एक समय था, जब संग्राम सिंह यादव, डा. विश्राम यादव, यशपाल सिंह, आद्याशंकर यादव, मोहम्मद रिजवी, राजमंगल यादव बैठे। इनके अलावा और भी ऐसे चेहरे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन रहे हैं। वर्तमान समय में बलिया जनपद की सपा की जिला संगठन कमेटी भंग चल रही है। ऐसे में अब समाजवादी पार्टी को नया जिलाध्यक्ष का इंतजार है। अब देखना यह होगा कि समाजवादी पार्टी का अगला जिलाध्यक्ष कौन होगा?

# किसानों ने दी सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी

**चेताया**

### बाजार भाव के हिसाब से जमीन की कीमत देने की मांग

**जनसंदेश न्यूज**


नारेबाजी करते बैरिया क्षेत्र के किसान

**बैरिया।** क्षेत्र के किसानों की नाराजगी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की राह में रोड़ा बनी हुई है। किसानों की मांग के बाद भी यूपीडा द्वारा जमीन का दर नहीं बढ़ाया जा रहा है। दर्जनों किसानों ने बताया कि हम लोग गुहार लगाते-लगाते थक गए हैं। चेताया कि यदि एक पखवारा के भीतर हम लोगों को बाजार भाव के हिसाब से जमीन की कीमत नहीं दी गई तो उप जिलाधिकारी बैरिया कार्यालय के सामने सामूहिक आत्मदाह करेंगे। वहीं, कुछ प्रबुद्ध किसानों ने प्रकरण को माननीय उच्च न्यायालय में ले जाने का निर्णय लिया है।

बताते चले कि शुक्रवार को बैरिया स्थित डाक बंगला परिसर में किसानों की बैठक हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया। वहीं, किसानों का आरोप है कि बैरिया, दयाछपरा, दलपतपुर, सोनबरसा, शिवन टोला, चांद दियर, टेंगरहीं के किसानों की जमीन का मूल्य प्रशासनिक अधिकारियों ने जान-बूझकर कम निर्धारित किया है। इसकी तुलना में बलिया से मझौंवा तक के किसानों को अधिक मूल्य प्राप्त हो रहा है, जबकि वहां जमीन का बाजार भाव बैरिया की तुलना में बहुत ही कम है। वही, सिताब दियारा इलाके में भी मुआवजा का रेट बहुत अधिक है। वहां की जमीन बैरिया तहसील क्षेत्र की जमीन से कई गुना सस्ती है।

आखिर बैरिया के किसानों के साथ नाइंसाफी क्यों किया जा रहा है? इसकी जांच वरिष्ठ अधिकारियों से कराने की गुहार कई बार लगाई गई, किंतु अधिकारियों ने किसानों की बातों पर ध्यान नहीं दिया। ऐसे में आत्मदाह के अलावा किसानों के सामने कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर बृजेश पांडे, मुन्ना पांडे, धनंजय सिंह, दयाशंकर सिंह, विनोद गुप्ता, नरेंद्र कुंवर, सुरेश चंद्र सिंह, सुभाष सिंह, राणा अमर सिंह, राणा आनंद सिंह, चुनमुन सिंह आदि मौजूद रहे।

# विश्व गुरु बनने की राह पर चल रहा भारत

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

### हुकुमछपरा घाट पर किया गया सामुदायिक जेटी का उद्घाटन


फीता काटकर जेटी का उद्घाटन करते सांसद एवं अन्य

**मझौंवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए बलिया जिले के ग्राम पंचायत हुकुम छपरा गंगा घाट पर स्थित सामुदायिक जेटी का उद्घाटन किया गया। इस दौरान वाराणसी से डिब्रूगढ़ जाने वाली गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को हुकुमछपरा गंगा घाट से लाइव टेलीकास्ट कर दिखाया गया।

इसमें सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद हुकुमछपरा गंगा घाट पर कार्यक्रम के तहत सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, भारतीय अंतरदेशीय प्राधिकरण पटना के उप निदेशक अमित कुमार, एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया और सामुदायिक जेटी का फीता काटकर संचालन शुरू किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जेटी से होते हुए एनडीआरएफ की मौजूद नावों पर सवारी कर जमकर लुफ्त उठाया। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि जल मार्ग की यात्रा रेल मार्ग एवं हवाई मार्ग से सस्ती है। इससे किसानों व व्यापारियों के साथ ही नौजवानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत होने का अवसर प्रदान होगा। मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि भारत विकासशील से विकसित देश की ओर बढ़ रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चल रहा है।

सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं से देश के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। साथ ही रोजगार के भी अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश अंचल, विजय बहादुर सिंह, इंजीनियर उत्कर्ष सिंह, तकनीकी सहायक रवि कुमार, अश्वनी ओझा, कन्हैया सिंह, श्याम सुंदर उपाध्याय, सीबी मिश्रा, उमेश यादव, अयोध्या प्रसाद हिंद, पंडित राजनारायण, कौशल किशोर आदि मौजूद रहे। संचालन अवनीन्द्र कुमार ओझा पप्पू ने किया। सभी का आभार प्रभारी भारतीय अंतर्देशीय जल प्राधिकरण पटना के पर्यावरण अधिकारी रितेश मिश्रा ने व्यक्त किया।

### तूल पकड़ता जा रहा है फर्जी नियुक्ति प्रकरण

**बलिया।** क्या होगा उनका, जिनका सर्विस रिकार्ड ही स्वास्थ्य महकमे से गायब है। बलिया जिले में फर्जी नियुक्ति मामले में दो सीएमओ एवं एक कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर होगा। बलिया में 350 चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की फर्जी ढंग से की गई नियुक्ति के मामले में दो तत्कालीन मुख्य चिकत्सा अधिकारी (सीएमओ) और एक लिपिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने का निर्देश दिए गए हैं। वर्ष 2009 से लेकर 2017 तक तैनात रहे 10 सीएमओ और साथ कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। निदेशक प्रशासन डा. राजा गणपति आर द्वारा जांच रिपोर्ट में की गई सिफारिश के अनुसार कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिए गए हैं। वहीं फर्जी ढंग से कार्य कर रहे 103 चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की तत्काल सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए गए। बलिया में वर्ष 2009 से लेकर 2017 के बीच करीब 350 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फर्जी ढंग से 18 जुलाई 2022 को बलिया के राजेश सिंह द्वारा इस पूरे मामले की शिकायत की गई थी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया। नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी व वित्त एवं लेखा अधिकारी शामिल थे।

# साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त हुए दो आरोपित

**मिला लाभ**

### विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन कोतवाल एवं विवेचक पर दिया कार्रवाई का आदेश

**बलिया।** लगभग चौदह वर्षो पुराने बिजली के सामान चोरी, बरामद ट्रांसफार्मर आदि माल पुलिस द्वारा पेश नहीं करने तथा अभियोजन की उदासीन रवैया की वजह तथा साक्ष्य के अभाव में दो आरोपितों को विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट महेश चंद्र वर्मा ने दोषमुक्त कर दिया। साथ ही खफा अदालत ने इस मुकदमे के तत्कालीन वादी मुकदमा कोतवाल भैया लाल सिंह व विवेचक एसआई त्रिभुवन सिंह के विरुद्ध अनुशासनात्मक व दंडात्मक विधिक कार्यवाही हेतु डीज़ीपी लखनऊ को प्रेषित किया।

कोतवाली थाना अंतर्गत लोहापट्टी निवासी इसरार अहमद उर्फ तमन्ना व सिविल लाइन निवासी हाईडिल कालोनी कालिका प्रसाद उर्फ खोखा को अदालत ने मुकदमा अपराध संख्या 182/08, भादवि की धारा चोरी एवं 3/5(2) विद्युत तार व ट्रांसफार्मर चोरी अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष के असफल होने के वजह से उक्त दोनों आरोपितों को दोष मुक्त कर दी है। अभियोजन साक्ष्य फेल होने के कारण तत्कालीन कोतवाल व विवेचक के विरुद्ध अनुशासनात्मक व दंडात्मक विधिक कार्यवाही हेतु डीजीपी लखनऊ को भेजा है। अभियोजन के अनुसार यह घटना कोतवाली थाना अंतर्गत 14 जून 2008 को घटित हुआ था। इस मुकदमे के वादी मुकदमा तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक भैया लाल सिंह मय हमराही क्षेत्र की देखभाल में मामूर थे कि पता चला कि भारी मात्रा में एल्यूमिनियम के तार जो चोरी किया गया है। उसे गला कर बदमाशो द्वारा बेच दिया जा रहा है, जिसमे माल समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किए और माल भी बरामद किया। लेकिन परीक्षण के दौरान अभियोजन पक्ष पूर्व रूपेण असफल साबित हुआ। इसके परिणाम स्वरूप दोनों आरोपी दोष मुक्त कर दिए गए।

# पशुपालन एवं डेयरी को दिया जायेगा बढ़ावा

**बलिया।** जिले से पलायन रोकने के लिए सरकार पशुपालन और डेयरी को बढ़ावा देगी। इसके लिए दो से 10 पशुओं की डेयरी लगाने के लिए जिला सहकारी बैंक से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। पशुपालकों को 10 फीसदी मार्जिन मनी जमा करनी होगी। इस संबंध में आयुक्त एवं निबंधक (सहकारिता) बीएल मीणा ने जिला सहकारी बैंक को आदेश जारी किया है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने के अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करना है। पशुपालकों को कर्ज में ली गई रकम पांच वर्षों में 60 समान किस्तों में जमा करनी होगी। कर्ज से खरीदे गए पशुओं को बैंक में दृष्टिबंधक करने के साथ टैगिंग भी की जाएगी। डेयरी इकाई के कर्ज के एवज में छह फीसदी ब्याज देना होगा। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद दूबे ने बताया कि बैंक की 20 शाखाएं हैं। डेयरी लगाने के लिए ग्रामीण 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। चार पशुओं वाली इकाई के लिए पहली बार में दो पशुओं की खरीद के लिए ऋण दिया जाएगा। छह माह बाद दो और पशुओं के लिए राशि दी जाएगी। इसी तरह छह पशुओं की इकाई में पहली बार में चार पशुओं और छह माह बाद शेष राशि दी जाएगी। 10 पशुओं की इकाई में पहली बार में छह पशु खरीदने के लिए रुपये मुहैया कराए जाएंगे। छह माह बाद और चार पशु खरीदने के लिए ऋण दिया जाएगा।

### सोलर पैनल खोल ले गये चोर

**बलिया।** पकड़ी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में लगे मोबाइल टावर के आधा दर्जन सोलर पैनलों को गुरुवार की रात चोर खोल ले गये। शुक्रवार की सुबह इसकी जानकारी टावर पर तैनात चौकीदार को हुई तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक शत्रुध्न कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

# विधायक ने किया कटान स्थल का निरीक्षण

**लिया हाल**

### सिंचाई विभाग के अभियंता एवं एसडीएम से फोन पर की बात

**जनसंदेश न्यूज**


कटान स्थल का निरीक्षण करते विधायक जयप्रकाश अंचल

**बैरिया।** सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर नई बस्ती व गोपालनगर टाड़ी के सामने सरयू नदी का कटान रुकने का नाम नही ले रहा है। शुक्रवार को विधायक जयप्रकाश अंचल ने गोपालनगर में हो रहे कटान स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अभियंताओं के अलावे बैरिया के उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र से फोन पर बात कर कटान रोकने तथा कटान पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया।

बता दें कि पिछले वर्ष ही गोपालनगर टाड़ी गांव में सरयू नदी के कटान से दर्जनों परिवारों का रिहायशी मकान नदी में समा गया। मौजूदा समय में भी गोपालनगर टाड़ी के मैनेजर यादव, सुनीता देवी, अनिता देवी, बेबी देवी आदि का मकान कटान के मुहाने पर है।

उपजिलाधिकारी ने इन दर्जनों परिवारों को रिहायशी मकान खाली करने के लिए फरमान जारी किया है। इसी बीच अब सरयू नदी की तेज धारा हर रोज उपजाऊ भूमि को निगल रही है। आलम यह है कि पिछले एक पखवारे के अंदर दो सौ एकड़ से अधिक उपजाऊ खेत सरयू नदी में विलीन हो चुका है। ग्रामीणों के आग्रह के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा है। गोपालनगर नई बस्ती एवं टाड़ी के लोगों में दहशत है।

**तीव्र गति से हो रही कटान**

**बैरिया।** गोपाल नगर टाड़ी के पास पिछले बरसात में कटान हो रही थी। वहां बाढ़ विभाग ने स्पर बनवा दिया है। इसके बाद सरयू नदी ने इस स्थान से पूरब और उत्तर तरफ गोपाल नगर नई बस्ती व टाड़ी के सामने कटान शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की माने तो पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन पन्द्रह से बीस एकड़ खेत सरयू नदी में कटकर विलीन हो रहा है। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही गोपाल नगर नई बस्ती व टाड़ी सरयू नदी के कटान की जद में होगा। यहां लगभग एक हजार की जनसंख्या निवास करती है। श्रीभगवान यादव, विसुन यादव, बच्चा यादव, रामनाथ यादव, हीरालाल यादव, अयोध्या यादव, शिवनाथ यादव, परमेश्वर यादव, मुखराम यादव, डा. हीरा यादव, विजय यादव, गुड्डू यादव आदि ने बताया कि कटान की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है। बावजूद इसके कोई भी अधिकारी इस मामले का संज्ञान नहीं ले रहा है। सरसों, गेहूं व अन्य बोई गई फसल कटान में खेत के साथ कटकर सरजू नदी में समा रही है। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही गोपाल नगर नई बस्ती का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

# न्यायाधीशों ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**बलिया।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्ग दर्शन में 13 जनवरी 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव नरेन्द्र पाल राणा एवं सुश्री शाम्भवी यादव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बलिया द्वारा जिला कारागार बलिया का औचक निरीक्षण किया गया।

दौरान निरीक्षण नरेन्द्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव एवं सुश्री शाम्भवी यादव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बलिया द्वारा किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण कर, बंदियों से वार्ता किये। प्रभारी जेल अधीक्षक, जिला कारागार बलिया को यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, उनसे प्रार्थना पत्र लेकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें, जिससे उनके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित किया जा सके।

इसके साथ-ही जिला कारागार बलिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें बंदियों को विधिक रूप से जागरूक किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, द्वारा बताया गया कि जिला कारागार बलिया में लीगल एड क्लीनिक स्थापित की गई है, जिसमें पैरा लीगल वालेंटियर नामित है, जो बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे।

इस दौरान राजेन्द्र सिंह प्रभारी जेल अधीक्षक, जेलर, रीना तिवारी उपकारापाल, अमर सिंह उपकारापाल, तथा जेल में निरूद्ध विचाराधीन व सिद्धदोष बंदी उपस्थित रहे।

## सर्द हवाओं ने धूप को किया बेसअर

**बलिया।** जिले में पिछले कई दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड का कहर शुक्रवार को भी जारी रहा। कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। सुबह से छाई धुंध की चादर दोपहर में हुई धूप पर भी भारी पड़ी। दोपहर के समय कुछ देर के लिए धूप हुई, लेकिन हवा के रुख में तेजी रहने से धूप भी बेअसर रही। गलन भरी ठंड से लोग बेहाल रहे। शीतलहर व गलन भरी ठंड के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर है। बहुत आवश्यक होने पर ही लोग घर से निकल रहे है। जनपद में शीतलहर और गलन का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गलन के कारण हर कोई बेहाल रहा। अलाव के सहारे लोग समय काटने को विवश रहे। सबसे ज्यादा परेशानी रोजमर्रा के काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले लोगों को हुई। उन्हें कांपते हुए काम पर जाना पड़ा। लोगों को जहां भी आग जलती मिली, उन्होंने अपने शरीर को गर्म किया। सीजन की सर्दी पिछले कई सालों का रिकार्ड तोड़ रही है। लगातार रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह में कोहरे के चलते वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, बाजारों में ऊनी वस्त्र, इनर, मफलर, कोट, टोपी आदि की बिक्री बढ़ गई है।

## कारागार बंदियों में वितरण की गयी राहत सामग्री

**बलिया।** परोपकार और सेवा का मूल्य तभी होता है जब वह सही व्यक्ति को दिया जाय। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी, अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रास सोसायटी बलिया के निर्देशन एवं आदेश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, उपाध्यक्ष इण्डियन रेड क्रास सोसायटी बलिया डॉ. जयंत कुमार तथा जेलर राजेन्द्र सिंह द्वारा जिला कारागार में 60 वर्ष के बंदियों को इण्डियन रेड क्रास सोसायटी बलिया के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया। डॉ. जयंत कुमार ने कहा कि कड़ाके की ठंढ़ और गलन में कैदियों के लिए कंबल वितरण किया जा रहा है, जिससे ठंढ़ से उनकी बचाव की जा सके। रेड क्रास लगातार ही की मदद कर रही है और आगे भी यह जारी रहेगा। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्र ने कहा कि सच्ची मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संस्थालगातार जरुरतमंदों की सेवा कर रही है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजय यादव ने कहा कि रेड क्रास सोसायटी जरुरतमंदों की हमेशा मदद कर रही है। जेलर राजेन्द्र सिंह ने रेड क्रास सोसायटी के पदाधिकारियों, अधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया को धन्यवाद दिया। मौके पर डिप्टी जेलर अमर सिंह, रीना तिवारी, जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार, डॉ. पंकज ओझा, शशिकांत ओझा, सरदार सुरेन्द्र सिंह, मंटू, डॉ नसीम, फार्मासिस्ट व अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहे।



## संक्षेप

### विद्युत पोल से टकरा कर युवक घायल



**सिकन्दरपुर।** कठौड़ा सिकंदरपुर मार्ग पर बरहुचा चट्टी के समीप विद्युत पोल से टकरा कर युवक घायल। विधुत पोल टूट कर सड़क पर गिरने से घंटों मार्ग रहा बाधित। शुक्रवार की देर शाम कठौड़ा की तरफ से आ रहा अज्ञात बाइक सवार हाईटेंशन प्रवाहित विद्युत पोल से अनियंत्रित हो कर टकरा गया, जिससे विद्युत पोल सड़क पर गिर गया। वहीं बाइक सवार घायल हो गया। स्थानीय लोगो द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर भेज पहुँचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज जारी रहा। वहीं घटना के बाद कठौड़ा व सिकन्दरपुर मार्ग घंटों बाधित रहा।

### गंगा भक्तों ने महावीर घाट पर की साफ-सफाई

**बलिया।** गंगा का प्रवाह बढ़ाये बिना गंगाजल की गुणवत्ता में सुधार संभव नहीं है। गंगा की धार के साथ तकरार अब महंगी पड़ने लगी है। पहाड़ों पर हो रहे प्राकृतिक प्रकोप इसके प्रमाण है। गंगा को टिहरी बांध से मुक्त किये जाने पर गंगा प्रदूषण स्वतः समाप्त हो जायेगा। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने शुक्रवार को महावीर घाट पर पतित पावनी का आंचल साफ करने के पश्चात व्यक्त किया। उन्होंने गंगा का न्यूनतम प्रवाह बढ़ाने के लिए संविधान में विधि व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की मांग की। साथ ही गंगा के व्यवसायिक उपयोग की आलोचना की तथा ब्रम्हद्रव गंगा की संज्ञा चरितार्थ करने के लिए गंगा प्रदूषण के जिम्मेदार तत्वों को दंडित करने की मांग सरकार से की। कहा कि नदी सभ्यता को मटियामेट कर राष्ट्र के सुनहरे संसार को सजाना संभव नहीं है। इस अवसर पर विवेक सिंह, सागर सिंह नागेन्द्र, नीरज वर्मा, दीपक साहनी, कृष्णा, सूरज आदि मौजूद रहे।

### मंत्री के स्वागत की चल रही तैयारी

**बांसडीह।** स्थानीय नगर पंचायत में उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ हज मंत्रालय मंत्री दानिश आजाद अंसारी के प्रथम आगमन पर तहे दिल से इस्तकबाल की तैयारी जोरों से चल रही है। उनके आगमन की जानकारी बड़ी बाजार स्थित जामा मस्जिद के सदर अध्यक्ष एखलाख खान ने देते हुए बताया कि शनिवार की दोपहर में मंत्री दानिश आजाद बड़ी बाजार स्थित मदरसे पर आयेंगे। उनके स्वागत कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। यह कार्यक्रम बांसडीह की धरती पर प्रथम आगमन पर किया जा रहा है। मुख्तार अंसारी, अतिकुर्रहमान खान, मुनीर अहमद, अजहर हुसैन, इमामुद्दीन, कामरान खान, इरशाद खान, मु. खुर्शीद, मुहम्मद शाहिद इत्यादि स्वागत की तैयारी में लगे हुए है।

### संगठन की मजबूती पर दिया बल

**रसड़ा।** श्रीनाथ बाबा मठ के प्रांगण में शुक्रवार को ग्रामीण चौकीदार वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। प्रदेश प्रभारी ने रोशन शाह बाबा एवं श्रीनाथ बाबा की धरती को नमन करते हुए कहा कि चौकीदारों को आपस में मिलजुल कर आपसी सद्भावना बनाकर रहने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष रामबाबू मौर्य ने संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। रामाशंकर पासवान ने कहा कि सभी भाई सरकार के दिशा-निर्देश पर कार्य करें। पुलिस प्रशासन चौकीदारों को अपना छोटा भाई समझ कर सम्मान भाव रखें। इस अवसर पर तेज बहादुर यादव, रंगीला यादव, अनिल कुमार चौरसिया, सुरेंद्र राजभर, मुन्ना राम, गोविंद राम, ओमप्रकाश सिंह यादव, नंदलाल यादव, गोविंद राम, राम बहादुर यादव आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण में उद्यमियों को दी गई जानकारी



**बांसडीह।** इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय स्वायत्त संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा उद्यमियों को डिजिटल सेवाओं की एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक सर्वेश चौबे ने ग्राम स्तरीय उद्यमियों को बताया गया कि अब किसानों को अपने लिए कृषि उपकरण खरीदने के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वे सीएससी केंद्र से ही अपने लिए उपकरण का आर्डर कर सकते हैं। सीएससी केंद्र पर अब महिंद्रा ट्रैक्टर की बुकिंग भी उपलब्ध हो गई है। ग्राम स्तरीय उद्यमी महिंद्रा ट्रैक्टर की बुकिंग करा सकते है। सर्वेश चौबे ने बताया कि सीएससी केंद्र एवं राज्य सरकार से संबंधित आनलाइन सेवाओं प्रदान करती है। ब्लाक स्तर उद्यमी का प्रशिक्षण के दौरान ही आयुष्मान भारत की नई पोर्टल की जानकारी बारीकी से दिया गया। वही, अन्य आनलाइन सेवाओं, रेल टिकट, डीजीपे, आईएपी, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान आदि की सेवा एवं बेहतर ढंग से करके के लिए समझाया गया। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन तथा मुख्य विकास अधिकारी की निर्देशन में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभार्थियों के बन रहे आयुष्मान भारत कार्ड में और तेजी लाने को कहा। जिला प्रबंधक सर्वेश चौबे ने कहा कि डिजिटल सेवाओं जैसे प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, दिव्यांग कौशल विकास आदि पर अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर महिंद्रा ट्रैक्टर के मैनेजर पुलकित श्रीवास्तव, निखिल सिंह, राजू रंजन पांडेय, संतोष सिंह, सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

### मारीशस के साहित्यकार रामदेव धुरंधर के पूर्वजों का गांव गंगौली बलिया...



**बलिया।** मारीशस में जन्मे हिंदी गद्य साहित्य के मुर्धन्य, उपान्यासकार, कथाकार एवं नाट्यकार रामदेव धुरंधर जिनके पूर्वज अठारहवीं सदी में गिरमिटिया मजदूर के रूप में भारत से मारीशस चले गये, जहाँ उन्होंने जीवन के अनेक संघर्ष को झेलते हुए न सिर्फ अपने पसीने के दम पर गन्ने के खेतों में जमकर काम किया बल्कि कठिन यातानाएं झेलते हुए स्वयं को शिक्षा, कला, साहित्य, राजनीति के क्षेत्र में पुर्नस्थापित किया। आज इन भारतीय पूर्वज के बंशज मारीशस देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य भी कर रहे है। धुरंधर जी, जब अपने पूर्वजों के द्वारा प्राप्त सम्बंधित दस्तावेजों को खंगालते हुए फोन पर बताते है कि कागज मेरे हाथ में है, उस पर मेरे दादा जी का भारतीय परिचय कुछ ऐसे लिखा है... जिला गाजीपुर, परगना बलिया, का गांव गंगौली है। इसे सुनकर मेरा मन अत्यंत प्रसन्न हो जाता है, क्योंकि मुझे ज्ञात है कि जनपद बलिया 1879 से पूर्व जनपद गाजीपुर का ही हिस्सा था, जो यह दस्तावेज भी कहता है। हिंदी गद्य साहित्य के इस पुरोधा के पूर्वजों का मूल गांव बलिया से है। उस बलिया में है, जो महान साहित्यकार डा. हजारी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य परशुराम एवं आधुनिक हिंदी साहित्यकार डा. केदारनाथ सिंह जी की जन्मस्थली रही है। स्थान (गंगौली) बॉसडीह तहसील का उपगांव गंगौली तो नही है, बल्कि यह वह प्राचीनतम गांव गंगौली है, जो रामगढ़ बंधे के बगल में गंगा के किनारे बसा गांव गंगौली है, जो अब अस्तित्व में नही है और गंगा में विलीन हो गया है। मुझे मेरे मित्र और जनपद बलिया के प्रतिष्ठित विद्यालय सनबीम स्कूल के डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सरकारी दास्तावेजों में आज भी गंगौली दर्ज है।

### 15 को मनेगी मकर संक्रान्तिः डॉ. अखिलेश

**बलिया।** पौषमास की संक्रान्ति को जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होकर धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश के पश्चात ही मकर संक्रान्ति मनायी जाती है। धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी 2023 की रात्रि 3 बजकर 01 मिनट पर हो रहा है। मकर संक्रान्ति का पुण्यकाल 40 घटी यानि 16 घण्टे बाद 15 जनवरी 2023 को सायंकाल तक पुण्यकाल रहेगा। इसलिए मकर संक्रान्ति 15 जनवरी 2023 को मनायी जायेगी। इस दिन सूर्य की उपासना, गंगास्नान, तिलयुक्त पानी में स्नान करना, अन्नदान, पशुओं को गुड़ खिलाना, गरीबों को भोजन कराना, तिल-गुड़, ज्वार बांजरा से बने पदार्थों को सूर्य को अर्पित करने के बाद ही स्वयं सेवन करने का विधान है। संक्रांति के दिन से ही उत्तरी गोलार्द्ध में दिन बड़ा और रात छोटी होने लगती है।

### बिहार में खप रहा द्वाबा का दूध

**बैरिया।** द्वाबा क्षेत्र श्वेत क्रान्ति में अग्रणी है। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश का दूध बिहार में खप रहा है। वही, मकर संक्रान्ति के लिए दूध की किल्लत से दही का संकट उत्पन्न हो गया है। बिहार में दूध जाने से पशुपालकों को मुनाफा मिल रहा है। उत्तर-प्रदेश सरकार की उदासीनता के चलते यूपी के जिला मुख्यालय अंतर्गत पराग डेयरी की जगह बिहार सरकार का सुधा डेयरी बैरिया तहसील क्षेत्र के करीब तीन दर्जन समितियों पर छा गयी है। पशुपालकों को यूपी की तुलना में बिहार से दूध का अच्छा रेट मिल जा रहा है। जिला मुख्यालय अंतर्गत हनुमानगंज में स्थापित यूपी सरकार का पराग डेयरी करीब एक दशक पहले तक बैरिया तहसील क्षेत्रों से दूध लिया करती थी। पशुपालक पराग की समितियों पर दूध देते थे। उन्हें समितियों के माध्यम से दूध की कीमत मिल जाती थी, लेकिन यूपी सरकार की उदासीनता की वजह से पराग की समितियां बन्द हो गयी। उसकी जगह अब बिहार सरकार के सुधा डेयरी ने क्षेत्र के झरकटहा, नवकागांव, नरायनगढ़, हनुमानगंज, चितविसाव, तिलापुर, दतहां, आसमानपुर, लमुही, गोबरही, भोजछपरा, मुराडीह, परमात्मानन्द के डेरा, दलन छपरा, टोला शिवन राय, जयप्रकाश नगर, दोकटी आदि करीब तीन दर्जन समितियों का गठन कर लिया है।

# बसों में गंदगी मिलने पर खत्म होगा अनुबंध

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** यदि अनुबंधित बसों में गंदगी मिलती है तो परिवहन निगम से उनका करार खत्म हो जाएगा। नियम के अनुसार परावर्ती टेप, शीशा, लाइट और गेट दुरुस्त होने के साथ साफ-सुथरी बसों को ही यात्रियों को लेकर चलने की अनुमति मिलेगी।

गंदगी मिलने की स्थिति में एक बार उन्हें वापस कर दिया जाएगा, लेकिन अगर दोबारा गंदगी मिली तो उक्त वाहन का अनुबंध खत्म कर दिया जाएगा। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग जुटा हुआ है।

अभियान के तहत अधिकारी दिन में बस स्टेशनों का जायजा ले रहे हैं और रात में मार्ग पर चल रही बसों को चेक कर रहे हैं। निरीक्षण में पाई जाने वाली खामियों की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दी जा रही है। इसके अलावा परावर्ती टेप, लाइट, गेट, शीशे आदि को दुरुस्त कराने के साथ चालकों को भी जागरूक किया जा रहा है। अगर किसी बस में गंदगी मिलती है तो उसे चेतावनी भी दी जा रही है। एआरएम उमाकांत मिश्रा की ओर से बस चालकों को निर्देश दिया गया है कि अगर उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो उसकी बसों का अनुबंध खत्म कर दिया जाएगा।

**चेताया**

**यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटा विभाग**

शासन और परिवहन विभाग की ओर से बसों की साफ-सफाई के साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## रामती देवी ने राज्य महिला आयोग में लगाई गुहार

**बलिया।** सीएचसी थाना नरही में आशा संगिनी के तौर पर कार्यरत रामती देवी ने 29 दिसम्बर 2022 को विभागीय कार्यक्रम से पिपराकलां गांव में आयुष्मान कार्ड बनवाने के सम्बन्ध में गयी थी तभी पिपराकलां गांव निवासी एक दबंग व्यक्ति विजय सिंह प्रार्थिनी के पास आकर छेड़-छाड़ करने लगे और गालियां देने लगे और धक्का देकर गिरा दिया एवं जान से मारने की धमकी दी, जिसकी शिकायत नरही थाना में किया गया है, जहां विपक्षी के विरूद्ध मुकदमा कायम है। रामती देवी ने राज्य महिला आयोग को यह अवगत कराया है कि विजय सिंह प्रार्थिनी से आये दिन छेड़-छाड़ करते रहते है और काम में बाधा उत्पन्न करते है, मैं उनसे काफी डरी सहमी हूं। उन्होंने कहा कि प्रार्थिनी के पति व बच्चों के साथ कोई भी बुरी घटना घट सकती है। उनके डर से मेरा घर से निकलना मुश्किल हो गया है। रामती देवी ने तत्काल विजय सिंह के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए जानमाल की रक्षा की गुहार लगायी है।

# गेहूं को लगी महंगाई की 'बदनजर'

**बैरिया।** हरी सब्जियों को छोड़कर बेतहासा बढ़ती महंगाई का असर सीधे-सीधे मध्यवर्गीय परिवारों पर दिख रहा है। हरी सब्जी को छोड़कर सबकुछ महंगा हो गया है। अब रोटी को भी महंगाई की बुरी नजर लग गई है। गेहूं का रेट इतना बढ़ता जा रहा है कि गरीब के लिए दो जून की रोटी भी मुश्किल होती जा रही है। आटा महंगा हो गया है। इधर, गेहूं के मूल्य में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इन दिनों गेहूं 2900 से 3000 रुपये प्रति कुंतल पहुंच गया है। पांच महीने पहले यह 2000-2100 रुपये था। मई माह में गेहूं का दाम 2200 रुपये, जून में 2300 एवं जुलाई महीने में 2400 रुपये प्रति कुंतल था। गेहूं की कीमत बढ़ने से आटे की कीमत में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। अब आटे का दाम 35 रुपये किलो हो गया है। मई माह में आटा 24 रुपये प्रति किलो, जून में 25 रुपये, जुलाई माह में 26 रुपये किलो था। मौजूदा समय में सामान्य तौर पर खुला आटा 35 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है, जबकि ब्रांडेड कंपनियों का पैक्ड आटा 32 से 40 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। आटे की लगातार बढ़ी कीमतों के कारण महंगाई से परेशान लोगों का रसोई का खर्च और अधिक बढ़ गया है। सबसे अधिक परेशानी गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को उठानी पड़ रही है। लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर किस तरह से महंगाई में घर परिवार की गाड़ी चलाई जाए। रानीगंज के व्यापारी पदुम प्रसाद गुप्ता का कहना है कि पिछले साल गेहूं की पैदावार कम होने से इसके दाम में बढ़ोतरी हुई है।

**परेशानी**

**दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही आटे की कीमत, गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को होने लगी परेशानी**

दाल, चावल, दूध के बाद आटा भी महंगा हो गया है। ऐसे में आम आदमी के सामने पेट भरने की मुश्किल हो रही है। आटा ज्यादा महंगा होने पर गरीब आदमी के लिए कठिनाई हो रही है।
चन्द्रशेखर सिंह, धतुरी टोला

बाजार में गेहूं के अलावा चावल के भी दाम बढ़े है। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। चावल का अधिक इस्तेमाल हो रहा है।
रोशन गुप्ता, रानीगंज

आटा की जरूरत हर परिवार को पड़ती है। गेहूं महंगा होने से सीधा असर घर की रसोई पर पड़ रहा है। कैसे खर्च चले? इसे लेकर तनाव है।
ओमप्रकाश सिंह, शिवाल मठिया

गेहूं महंगा है, लेकिन आटा का दाम इससे भी अधिक है। इससे रोटी का संकट खड़ा हो गया है।
अजय सिंह, बैरिया

## संक्षेप

### 17 सूत्रीय मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**मऊ।** ओबीसी महासभा के जिला प्रभारी देवेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जनभर कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर उसपर अमल करने की अपील की। ओबीसी महासभा ने प्रदेश की हर एक विकासखंड में स्कूल मॉडल स्कूल की स्थापना कर पिछड़े वर्ग के बच्चों के शिक्षा दीक्षा की माकूल व्यवस्था किए जाने की वकालत की साथ ही साथ उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि पिछड़े वर्ग के विकास उन्नयन के लिए सरकार समावेशी नीति अपनाएं और पिछड़े समाज का उत्पीड़न बंद हो साथ ही साथ सरकार द्वारा तमाम तरह के शिक्षण संस्थानों वह अन्य संस्थानों का निजीकरण तत्काल प्रभाव से बंद कर उनमें खाली पदों को आरक्षण के हिसाब से भरा जाए। इसके साथ ही ओबीसी महासभा ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में की गई धांधली की जांच करा कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान ओबीसी महासभा जिला ईकाइ के जिला प्रभारी ओबीसी देवेन्द्र कुशवाहा, अध्यक्ष रामजन्म यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चैहान अमित मौर्या, नारायण मौर्या, विकास शर्मा, राम किपाल सहित दर्जनो ओबीसी महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु करें आवेदन

**मऊ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रु. 15 हजार व युवती के दिव्यांग के दिव्यांग होने की दशा में रु. 20 हजार तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रु. 35 हजार की एकमुश्त धनराशि दोनों के संयुक्त खाते में प्रदान की जाती है। दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र आय व जाति प्रमाण-पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण-पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण-पत्र एवं युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति, आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मऊ कक्ष संख्या-12 कलेक्ट्रेट कैम्पस में जमा करें।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शुक्रवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा कोरौली से मुअसं 03/23 धारा 279,304बी भादवि में वांछित अभियुक्त रामवृक्ष पुत्र मूसई निवासी कोरौली थाना दोहरीघाट तथा थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा, धारदार हथियार से महिला की हत्या मामलें में पंजीकृत मुअसं 11/23 धारा 302 भादवि में वांछित अभियुक्त प्रदीप पुत्र स्व. रामकेवल निवासी मुहवा थाना हलधरपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वैश्य समाज की महिला शाखा ने वितरित किया कंबल

**मऊ।** शुक्रवार को वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय केशरी के आह्वान पर मऊ जनपद के वैश्य समाज महिला शाखा की अध्यक्ष कृष्ण खण्डेलवाल के नेतृत्व में स्थानीय ढ़ेकुलियाघाट मन्दिर में जरूरत मन्दों को कम्बल वितरित किया गया। अध्यक्ष कृष्ण खण्डेलवाल नें इस अवसर पर कहा कि हमारी सनातन संस्कृति हमेशा से नर सेवा नारायण सेवा के सिद्धान्त पर चलती है और हमारे संगठन का यही मूल मंत्र भी है। तद्क्रम में लगभग सैकड़ों की संख्या में जरूरत मंदों को कम्बल वितरित किया गया। कम्बल पाकर जरूरत मंदों के चेहरे खुशी खिल उठे। बीना गुप्ता ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जन उपयोगी कार्यक्रम महिला शाखा वैश्य समाज करती रहेगी। उन्होनें समाज के विभिन्न वर्गों से अपील किया कि जरूररत मंदों के मदद हेतु आगे आवे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष कृष्णा खण्डेलवाल, महामंत्री अर्चना बरनवाल, पुष्पा जायसवाल, ममता जायसवाल, किरन गुप्ता, प्रवक्ता बीना गुप्ता, डॉ. निधि, मेघा खण्डेलवाल, वेदान्त खण्डेलवाल, सिद्धेश खण्डेलवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से जिले में बढ़ाएं निवेश : जिलाधिकारी

**अपील**

**जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न**



**मऊ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 209 प्रतिषत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 93 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है।

हस्तशिल्प विपणन योजना एवं मुख्यमंत्री विशिष्ट हस्तशिल्प पेंशन योजना के तहत जनपद को कोई भी लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 525 लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है, प्रशिक्षण हेतु संस्था आर. सेट्टी यूबीआई मऊ का चयन कर लिया गया है, अभी इनका प्रशिक्षण कार्य बाकी है। औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा में नाला एवं पानी की निकासी के संबंध में चर्चा के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि शासन को इस संबंध में प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने शासन को अनुस्मारक पत्र लिखकर इस संबंध में यथाशीघ्र कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर में विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने की संभावना के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

ताजोपुर में नालों की सफाई एवं अन्य कार्य किए बिना ही 50 प्रतिशत तक का भुगतान का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने वास्तविक कार्य के आधार पर ही भुगतान करने के निर्देश दिए। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए जाने के संबंध में चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को उद्योगों के प्रोत्साहन हेतु शासन द्वारा जारी नए दिशा निर्देशों से उद्यमियों को अवगत कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद स्तर पर इन्वेस्टर समिट का आयोजन 19 जनवरी को किया जाना है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनपद में निवेश को बढ़ाना है।

उन्होंने जनपद के उद्यमियों से अधिक से अधिक निवेश करने की भी अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार का प्रयास है कि जनपद में निवेश का माहौल अच्छा बने, जिससे उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को बिजली विभाग, यूपी सीडा एवं उद्योग विभाग की एक संयुक्त कमेटी बनाकर उद्यमियों के शिकायतों की नियमित सुनवाई कर उनके निराकरण करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसपी अविनाश पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

### गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन का द्विवार्षिक निर्वाचन तीन को

**मऊ।** गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन के द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 में मतदान संबंधी व्यवस्थाओं के प्रभावी अनुश्रवण, नियंत्रण व शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने हेतु जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है और उन्हें दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 20 एवं 21 के अन्तर्गत निहित विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट के अधिकार प्राप्त होंगे और सहिता की धारा 20 के अन्तर्गत उन्हें निर्धारित क्षेत्रों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु अधिकृत किया गया है। साथ ही सभी सम्बन्धित मजिस्ट्रेट उक्त संहिता की धारा 23 के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट के अधीनस्थ नियन्त्रणाधीन होंगे। जिसमें आरक्षित जोनल मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, अपर उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट, एवं आरक्षित स्टेटिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, जिला होमियोपैथिक अधिकारी, मऊ, भूपेन्द्रनाथ चैधरी, प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निक, मऊ हैं।

# भाजपा सदैव से राष्ट्रहित के मुद्दों पर कार्य करती रही है : भूपेन्द्र सिंह



**मऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चैधरी ने गालिबपुर दलित बस्ती में इंद्रदेव प्रसाद के आवास पर सुबह की चाय कार्यकताओं के साथ पिया तथा स्थानीय निवासियों से सरकार के कार्यप्रणाली पर चर्चा किया। इसके बाद बैठक स्थल पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया के सवालों का जवाब दिया तथा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख कार्यकताओं की जिला बैठक आरएस प्लाजा पुरानी तहसील पर सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी सदैव से राष्ट्रहित के मुद्दों पर कार्य करती रही है। चुनाव के समय में जब हम मैदान में उतरते है तो हमारे वादे और मुद्दे सदैव से देश के हित में रहते हैं।

आज के समय में कश्मीर से लेकर केरल तक भाजपा के कार्यकर्ता और उनकी विचारधारा अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। अब हिंदी भाषी क्षेत्रों से बाहर पूर्वोत्तर का क्षेत्र ही या दक्षिण का क्षेत्र भाजपा की लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है। जनता के समर्थन और सहयोग से भाजपा सरकार लगातार कठोर और रास्त्रहित के निर्णय ले रही है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता अंत्योदय के उत्थान के साथ ही सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास है। पूर्व की सरकारों में अराजकता आतंकवाद और माफिया राज को बढ़ावा मिलता था लेकिन भाजपा की सरकार आते ही ये लोग अब अपनी अंतिम सांस गिन रहे है। अब राम राज का आगाज हो चुका है।

# ठंड में यूरिया के लिए लाइन लगा रहे किसान

जनसंदेश न्यूज


जमानियां रेलवे स्टेशन बाजार स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति पर कतारबद्ध किसान।

**जमानियाँ।** स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति पर शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में एक हजार बोरी यूरिया का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि गेहूं की सिंचाई के बाद यूरिया की आवश्यक्ता होती है। इसके लिए किसान यूरिया के लिए काफी परेशान है।

सुबह से ही समिति पर किसानों का जमावड़ा शुरू होगा। पुलिस की मौजूदगी में किसानों को कतारबद्ध खड़ा कराकर शांति पूर्वक ढंग से यूरिया का वितरण किया गया। बाजार में दुकानदार निर्धारित दर से अधिक दाम पर यूरिया बेच रहे हैं। ऐसे में किसान पूरी तरह से क्रय विक्रय समिति पर आश्रित हो गये है। जिस कारण जैसे ही किसानों को समिति पर यूरिया आने की सूचना मिल रही है, बिना देर किये किसान समिति पर पहुँच रहे है। यूरिया की मांग अधिक होने के कारण समिति पर उपलब्ध यूरिया ऊंट के मुख में जीरा साबित हो रहा है। जबकि नहर ठीक से न चलने के कारण गेहूँ की सिंचाई अभी पूरी तरह नहीं हुई। गेहूँ की सिंचाई के बाद तुरन्त यूरिया के छिड़काव की आवश्यक्ता होती है, ऐसे में समिति पर पर्याप्त यूरिया नहीं रहेगी तो किसानों को मजबूरी में बाजार में बिक रहे उँचे दाम पर यूरिया खरीदना पड़ेगा। इस सम्बंध में समिति के सचिव रमायन यादव ने बताया कि एक हजार बोरी यूरिया आया था। जिसको किसानों में वितरित करा दिया गया। जल्द ही और यूरिया आने की सम्भावना है।

# जखनियां में सड़क गड्ढा मुक्ति का सपना बेकार


जखनियां में बैठक के दौरान व्यापारी एवं नागरिक।

**जखनिया।** प्रदेश सरकार के शासनादेश सड़कों के गड्ढा मुक्ति के नाम पर अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा जखनियां तहसील में खानापूर्ति किये जाने पर जखनिया क्षेत्र के लोगों एवं आम जनता, व्यापारियों में काफी आक्रोशित है। व्यापार प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक दौरान व्यापारियों ने जखनिया में आवागमन एवं रेल मार्ग एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर अधिकारियों से अपनी गुहार लगाई।

व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा पीडब्लूडी के अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण जखनियां तहसील में लिंक रोडो का गढ्ढा मुक्ति का फरमान धरा का धरा ही रह गया। महज कुछ गढ्ढो में गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया, जिससे आने जाने वाले लोगों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। जखनिया को जोड़ने वाली मजुई मार्ग हो, जलालाबाद मार्ग हो, फद्दुपुर मार्ग हो, सभी रोडे वैसे की वैसे ही टूटी फूटी है। सिर्फ सिखड़ी मार्ग से तहसील तक अधिकारी आते हैं इसलिए उस मार्ग पर ठेकेदारों द्वारा गड्ढों में गिट्टी और पिच लगा दी गई, बाजार और पूरे तहसील मार्गो को वैसे ही छोड़ दिया गया। पूर्वमंत्री मनोज सिन्हा द्वारा स्वीकृत कराया गया हाईवे सैदपुर मरदह मार्ग जिसका बजट पास हो चुका है। अक्टूबर से उस पर काम लगना था पर उसका भी कुछ अता पता नहीं चल रहा है। लोगों ने मऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन को लेकर बार-बार संबंधित अधिकारियों आग्रह किया गया। लेकिन अब तक ट्रेनों का संचालन नहीं हुआ। जिससे लोगों को काफी निराशा है। इस मौके पर अशोक गुप्ता, अवधेश यति, धर्मेंद्र चौरसिया, गोपाल गुप्ता, विजय मद्धेशिया, प्रशांत सिंह, छोटे लाल प्रजापति, अशोक जायसवाल, मनोज वर्मा, अच्छेलाल चौहान, सुनील सिंह टिंकू, रविंद्र चौरसिया, रवि भारद्वाज, रामचंद्र यादव, जयप्रकाश गुप्ता, नीरज पांडेय, अरुण सिंह आदि रहें।

## संक्षेप

### फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा



**नंदगंज।** स्थानीय पुलिस ने नन्दगंज में गत वर्ष लूट के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त अजय उर्फ गुड्डू यादव पुत्र सतीराम यादव निवासी पवई लाडपुर, थाना- सरायमीर जिला आजमगढ़ के घर जाकर की नोटिस चस्पा किया। थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप ने बताया कि नन्दगंज- शादियाबाद मोड़ पर ग्राहक सेवा केंद्र से गत वर्ष 28 फरवरी 22 को दिन दहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही तीसरा अभियुक्त अजय उर्फ गुड्डू यादव फरार चल रहा था। जिस पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 82 के तहत कार्रवाई करते नोटिस चस्पा की।

### दो किलो आठ सौ ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**गाजीपुर।** अंतर्जनपदीय अवैध गाजा तस्कर एक नफर अभियुक्त की गिरफ्तारी करते हुए उसके कब्जे से दो किलो 800 ग्राम अवैध गाँजा बरामद करने में कोतवाली पुलिस सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, थाना कोतवाली के निर्देशन में गुरुवार को उ.नि अभिषेक सिंह, सुनील कुमार निर्मल, अरूण यादव,ओमकार के लार्ड कार्नवालिस गेट से मुखबीरी सूचना के आधार पर अन्तरजनपदीय गांजा तस्कर सौरभ सिंह पुत्र गिरीश सिंह नि. खिदिरपुर थाना करण्डा को गिरफ्तार किया गया। तस्कर के पास कुल 2 किलो 800 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया।

### भीषण ठंड में निराश्रित गोवंशों का हाल खस्ता



**बारा।** शीतलहर के साथ हाड़कंपाऊ ठंड ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। पशु - पक्षी भी बेहाल हैं। भदौरा ब्लाक क्षेत्र के बारा, गहमर, भदौरा, सेवराई, देवल, सायर समेत कई गांवों में निराश्रित गोवंश ठंड से ठिठुर रहे हैं। ग्रामीणों की बार - बार मांग के बावजूद गोवंशों को संरक्षित नहीं किया जा रहा है। ऐसे में भीषण ठंड में गोवंश खुले आसमान के नीचे रात-दिन गुजार रहे हैं। प्रशासन शत - प्रतिशत छुट्टा गोवंशों को गोशालाओं में संरक्षित किए जाने का दावा कर भले ही पीठ थपथपा रहा हो लेकिन हकीकत इसके उलट है। आलम यह है कि संरक्षित गोवंशों से कहीं ज्यादा निराश्रित गोवंश भीषण ठंड में खुले में भटक रहे हैं। घने कोहरे के बीच ताड़ीघाट -बारा मार्ग, नेशनल हाइवे 124 - सी पर गंगा व कर्मनाशा नदी के तट पर खेतों के अलावा गहमर, बारा, भदौरा में बड़ी संख्या में गोवंश ठंड से ठिठुर रहे हैं। गोवंशों को ठंड से बचाने के न कोई इंतजाम है, न ही खाने - पीने की कोई व्यवस्था। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री से शीघ्र खुले में रह रहे गोवंशों को संरक्षित कराने की मांग की है।

### पत्रकार के निधन पर जताया शोक

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश जनर्लिस्ट एसोसिएशन उपजा के सदस्यों ने शोकसभा का आयोजन शुक्रवार को पत्रकार प्वाइंट टैगोर मार्केट कचहरी स्थित कार्यालय पर किया गया। शोकसभा में पत्रकार त्यागी मुखदेव सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष उधम सिंह ने कहा कि स्व. मुखदेव सिंह पत्रकारिता क्षेत्र में हमेशा व निर्भिक होकर कार्य किए, अपनी लेखनी व बातों से आम लोगों के बीच हमेशा चर्चा रहते थे। शोकसभा में प्रमोद राय, राजेश सिंह,अमरजीत राय,मदन कुमार, अशोक कुमार, सुजीत सिंह, कमलनाथ, रमेश कुमार आदि रहें।

### बावनो दोनवार भूमिहार ब्राह्मण महासभा की बैठक

**जमानिया।** क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि कमलेश राय के आवास पर बावनो दोनवार भूमिहार ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में महासभा के अध्यक्ष द्वारिकानाथ राय की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व ग्राम प्रधान देवरिया कृष्णा कुमारी राय पत्नी पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व. विन्ध्यवासिनी राय की आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रख मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। उक्त मौके पर पूर्व आवास विकास अधिकारी दिनेश राय, राजेश राय, पूर्व प्रधान रामनगीना राय, राकेश राय, शिवकुमार राय, यमुना राय, राम जी राय, बृजेश राय, पंडित राम नारायण बाबा जी, अरविंद राय आदि लोग मौजूद रहे।

### ताड़ीघाट की टीम ने शील्ड पर जमाया कब्जा



**सेवराई।** विकास खंड भदौरा अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई स्थित मैदान पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में कांटे के मुकाबले में ताड़ीघाट ने नवली के टीम को पहले सेट में हारने के बावजूद भी दो सेटों में पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। सेवराई बालीबाल क्लब द्वारा आयोजित फ्री शील्ड बालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नवली व ताड़ीघाट के टीम के बीच रोमांचकारी मुकाबले में ताड़ीघाट की टीम ने पहले सेट में 26-28 से हारने के बाद दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए नवली की टीम को 25-24 व दूसरे सेट में 15-13 के अंतर से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। वॉलीबॉल के रोमांचकारी मुकाबले को भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीम को जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मनु सिंह ने शिल्ड सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नौली के हर्षित को दिया गया, वहीं प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करहियां के खिलाड़ी अरविंद को भी शिल्ड देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर पर टुन्नू सिंह, शिवम सिंह, टुनटुन सिंह, हेराम सिंह, दुर्गा चौरसिया, विवेक मौर्य,अशोक सिंह, अजय श्रीवास्तव, रूद्रप्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, आकाश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, अनील यादव,झूलन कप्तान,रामप्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। मैच रेफरी विवेक सिंह व कमेंटेटर की भूमिका सन्तोष सिंह ने निभाया।

### 15 को मनाया जायेगा मकर संक्रांति का त्योहार

**भांवरकोल।** मकर संक्रांति का पर्व सूर्य के राशि परिवर्तन के मौके पर मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देव धनु राशि से निकलक मकर राशि में प्रवेश कर जाते हैं। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना मकर संक्रांति कहलाता है। धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा मकर संक्रांति पर्व ऐसे तो हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन पंचांगों की माने तो इस बार मकर संक्रांति की तिथि में बदलाव हो रहा है। क्षेत्र के लोगों में भी 14 और 15 जनवरी को लेकर आसंमजस बना हुआ है। क्षेत्र के कनुवान गांव ब्रह्मानंद पांडेय ने बताया कि मकर संक्रांति मुख्य रूप से सूर्य देव की पूजा का पर्व है। इस दिन सूर्य देव दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश कर जाते हैं। इस दिन भगवान सूर्य की पूजा, स्नान-दान का विशेष महत्व है। ऋषिकेश पंचांग के अनुसार इस बार 14 जनवरी शनिवार की देर रात 3 बजकर 1 मिनट पर मकर राशि में गोचर करेंगे। उदया तिथि 15 जनवरी को प्रातः हो रही है ऐसे में मकर संक्रांति नए साल में 15 जनवरी रविवार को मनाई जाएगी।

# दो सर्वर ठप होने से उपभोक्ता परेशान


आमघाट विद्युत वितरण खंड द्वितीय पर सर्वर ठप होने के बाद खड़े उपभोक्ता।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** विद्युत वितरण खंड द्वितीय शहरी क्षेत्र आमघाट में पिछले एक हफ्ते से सर्वर ठप होने से क्षेत्र से जुड़े आम उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने एवं बिल रिवीजन कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वही सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि जब से सर्वर का काम क्वेश कंपनी को एक जनवरी से दिया गया है। तब से आज तक सर्वर ठप पड़ा हुआ है। जिसके वजह से आए दिन हमारे विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान नजर आ रहे हैं, जिसमें बिजली बिल नही जमा होने से बुरी तरह राजस्व प्रभावित हो रहा है। विभागीय कार्य जैसे बिल वितरण,जंक डाटा, रेड पोर्टल, परमानेंट डिस्कनेक्शन, टेंपरेरी डिस्कनेक्शन सहित अन्य कार्य ठप पड़ा हुवा है। आए दिन उपभोक्ताओं से ऑफिस में कहासुनी हो रही है।

# ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने दी कार्यों की जानकारी


खजूरगांव में चौपाल के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीण।

**मरदह।** विकास खंड के खजूरगांव गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाया गया। ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्यों, मजदूरी भुगतान, महिला सहेलियों, समूह गठन , बीओ, सीएलएफ, बीसी सखी , विद्युत सखी, लखपति महिला सहित किए गए कार्यों के निरीक्षण और उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत रोशनी, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन,जल निकासी चैनल, सड़क,लिंक रोड,गौ आश्रय, विद्यालय भवन, विद्यालय संचालन, एम.डी.एम., सिंचाई, संचारी रोग, टीकाकरण,चौपाल में राशन वितरण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन,हर घर में नल से जलापूर्ति, आंगनबाड़ी व एएनएम केंद्रों का निरीक्षण एवं वृद्धावस्था,विधवा एवं विकलांग पेंशन व छात्रवृत्ति का सत्यापन भी किया गया।

ग्रामीणों के साथ आयुष्मान भारत,किसान सम्मान निधि,कृषि और कृषि संरक्षण,प्राकृतिक और जैविक खेती और हर घर नल जैसी योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। चौपाल में ग्रामीण विकास विभाग के अलावा पंचायती राज, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, शिक्षा, सिंचाई, पशुपालन,समाज कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहें। प्रभारी सहायक विकास अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि गांवों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास है,प्रत्येक ग्राम चौपाल के पांच दिन पूर्व प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनभागीदारी से व्यापक सफाई अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य के गांवों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास कर रहे हैं और राज्य के विकास इंजन के रूप में गांवों के विकास पर ध्यान दे रहे हैं,जिसका असर धरातल पर जल्द दिखाई देगा ।ग्राम चौपाल इसी श्रृंखला का हिस्सा है. सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए पहल कर रही है। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी डा.चन्द्रकांत सिंह,कानूनगोमुख्तार यादव, लेखपाल अभिषेक,सचिव कुमार गौरव,ग्राम प्रधान मीना सिंह, अशोक कुमार सिंह,प्रदीप सिंह,पंचायत सहायक महिमा श्रीवास्तव, धर्मदेव, भरत चौहान, अवधेश चौहान, कविलासी, निर्मला देवी, कलपतिया, उषा, मनराजी, विश्वनाथ, निर्मला, उनुरी,शैलेंद्र चौहान, रामानंद, मैनेजर, रमेन्द्र, इसरावती देवी आदि मौजूद रहे।

## सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा शुक्रवार को शिविर का आयोजन एवं जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1069 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 961 पुरूष, 37 महिला, महिला बंदियों के साथ कुल 02 बच्चे निरूद्ध है व 71 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-दलिया, चाय, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पालक) शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना, उरद की दाल, सब्जी (आलू, गोभी) तथा सायं चाय, बिस्कुट दी जाती है। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। इस अवसर पर कारापाल व उप कारापाल उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद विषयक संगोष्ठी का आयोजन


खाकी बाबा सिद्धार्थ इंटर कालेज परिसर में संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता।

**मनिहार।** भारत विकास परिषद शाखा की तरफ से खाकी बाबा सिद्धार्थ इंटर कॉलेज परिसर में वर्तमान संदर्भो में स्वामी विवेकानंद विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ इसके पश्चात आस्था एवं वर्षा द्वारा वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता द प्रेसीडियम इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक माधव कृष्ण ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द को देखते समय पूर्वाग्रहों से मुक्त होना होगा' वह समाजवाद, राष्ट्रवाद, सभ्यता, संस्कृति, प्रवृत्ति, निवृत्ति, वेद, विज्ञान, बुद्धि और ह्रदय सब कुछ हैं; और इनसे परे भी हैं' उनके वचनों को पढ़कर मनुष्य संकीर्णताओं की सभी सीमाओं से मुक्त होकर मनुष्यमात्र के विषय में संवेदनशील हो उठता है' भारतीय नवजागरण में राजा राममोहन रॉय ने उपनिषदों के अद्वैत को पकड़ा, जबकि आर्य समाज ने वेदों को पकड़ा, थियोसोफिकल सोसाइटी ने प्राचीन संस्कृति को पकड़ा' इन्होंने भारतीय जनमानस को जगाने का कार्य किया लेकिन इनके अंदर समग्र भारतीय सभ्यता और संस्कृति अपना प्रतिनिधि नहीं पा सकी। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव ने परिषद के बारे में पूरी जानकारी प्रस्तुत की। संरक्षक चंद्रमा यादव ने स्कूल के छात्रों को आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के संयोजक संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर अशोक कुमार,अनिल कुमार उपाध्याय, प्रेम कुमार सिंह, उग्रसेन सिंह,अनुपम आनंद श्रीवास्तव, प्रमोद राय रुन्नू, सूर्यप्रकाश राय, अरुण कुमार राय आजाद ,प्रवीण गुप्ता ,विनय राय, जयप्रकाश लाल, अजय प्रताप सिंह, विनोद सिंह डब्लू, सचिन यादव, भुल्लन यादव, दिग्विजय सिंह ,हीरालाल , उदय प्रताप यादव ,सूबेदार यादव , प्रफुल्ल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला में 142 अभ्यर्थियों का चयन

**गाजीपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में आकांक्षात्मक विकास खण्ड रेवतीपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियाँ एलएण्डटी कान्स्ट्रक्सन बैगलूरु, होली हर्ब्स वाराणसी, टीडीएस मैनेजमेन्ट कन्सल्टेन्ट प्रालि मोहाली, टीपीआई मोहाली एवं वीएसडी टायर एण्ड ट्यूब, गाजीपुर द्वारा सेल्स मैनेजर, ब्रान्च मैनेजर, फील्ड आफीसर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कम्प्यूटर आपरेटर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 360 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 142 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। जिसमें दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वे मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में 285 अभ्यर्थियों का स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेन्टर वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गयी। जिसमें से 246 अभ्यर्थी विदेशों में रोजगार पाने हेतु योग्य पाये गये। जिसमें से 105 अभ्यर्थी पासपोर्टधारी है।

# बक्सर-बनारस के बीच चलने वाली दो पैसेंजर 28 फरवरी तक रद्द



बारा कला हाल्ट का सुनसान पड़ा प्रतीक्षालय।

**बारा।** बक्सर से बनारस के बीच चलने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों को विभाग की ओर से रद्द कर दिया गया है। इन ट्रेनों को रद्द करने के कारणों के बारे में धुंध और कोहरा छाया होना बताया जा रहा है। रेलवे ने ट्रेनों के रद्द होने संबंधी सूचना पूछताछ कार्यालय पर चस्पा दी है, लेकिन एकाएक रद्द हुई ट्रेनों की जानकारी पाकर स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्टेशनों पर पहुंचने वाले यात्रियों को ट्रेन रद्द होने की जानकारी मिलने पर बिना यात्रा के ही लौटना पड़ रहा है। बक्सर से सुबह 6:20 बजे चलने वाली 03649 पैसेंजर सवारी गाड़ी बारा कला हाल्ट, गहमर, करहियां, भदौरा, उसिया, दिलदारनगर, दरौली, जमानियां, धीना, सकलडीहा, कुछमन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते होते हुए बनारस सुबह को 10:15 बजे पहुंचती है। वहीं यह गाड़ी शाम 6:45 बजे बनारस से चलकर इसी रूट से वापस पंडित दीनदयाल उपाध्याय होते हुए रात को बक्सर पहुंचती है। रेलवे की ओर से दोनों ओर से इन पैसेंजर गाड़ियों को 28 फरवरी तक रद्द कर दिए जाने की सूचना जारी की गई है। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने पहुंचे यात्री अशफाक अहमद, गोपाल निषाद, जुनेद अहमद, संतोष कुमार आदि ने बताया कि उन्हें रेलवे स्टेशन पर आकर ही ट्रेनों के रद्द होने की जानकारी मिली। जिस कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, गहमर स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें ट्रेनों के रद्द होने की सूचना कंट्रोल से मिलते ही सार्वजनिक कर दिया गया है।

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक से छीना बाइक-मोबाइल

**कासिमाबाद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कवल पट्टी गांव के पास गुरुवार की रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने कट्टा सटा कर एक बाइक छीन कर फरार हो गए। बाइक चालक ने घटना की सूचना देकर पुलिस को कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के मखदुमपुर निवासी राजेश यादव के घर पर कुछ लोगों का खाना खाने का कार्यक्रम था। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में नोनहरा थाना क्षेत्र के रोहिली गांव निवासी पूर्व प्रधान राम सूरत यादव भी शामिल थे। रामसूरत यादव को घर छोड़ने के लिए राजेश यादव का पुत्र विशाल यादव अपने चाचा उपेंद्र यादव के साथ अपनी बाइक से लेकर गुरुवार की रात 9:30 बजे रोहिली गांव छोड़ कर घर वापस आ रहा था। रास्ते में कासिमाबाद गाजीपुर कवल पट्टी गांव के पुलिया पास एक बाइक पर तीन नकाब पोश बदमाश बाइक से आएं। विशाल यादव को कट्टा दिखाकर रोक लिए। विशाल कट्टा तना हुआ देख कर रुक गया। जैसे ही बाइक खड़ा किया। नकाबपोश बदमाशों ने उसमें से एक बदमाश विशाल का मोबाइल छीनकर बाइक लेकर फरार हो गया। इसके बाद दूसरा बदमाश बाइक के साथ फरार हो गया। विशाल लाल यादव किसी तरह थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही विशाल की मोबाइल का लोकेशन ट्रेस कराकर पुलिस मिले लोकेशन के अनुसार महुआरी गांव तक पीछा किया। वही पीड़ित युवक के पिता राजेश यादव ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। जल्द ही बदमाश पुलिस के गिरफ्त में होंग। कासिमाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के कवल पट्टी गांव के पास गुरुवार की रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने कट्टा सटा कर एक बाइक छीन कर फरार हो गए।

**बेखौफ**

**मोबाइल के लोकेशन पर कुछ दूरी तक पुलिस ने किया पीछा**

## जिला बास्केटबाल प्रतियोगिता में दस टीमों ने किया प्रतिभाग

**गाजीपुर।** स्वामी विवेकानन्द के जन्म व युवा दिवस के शुभ अवसर पर जिला बास्केटबाल एसो. द्वारा जनपद स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कालेज के खेल मैदान पर किया गया। जिसमें जिले के 10 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन अरविन्द यादव जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में पीजी कालेज ने सनबीम स्कूल की टीम को 34-23 से हराकर पहला मुकाबला जीता। उसके साथ ही प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मरदह की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर, एमजेआरपी स्कूल की टीम को 40-18 से हराकर विजेता रही। इस प्रतियोगिता का संचालन प्रतियोगिता के सचिव ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में डा. अतुल सिंह, अभिषेक तिवारी, मुकेश, शिव सुन्दर ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा प्रतियोगिता का समापन करते हुए प्रतियोगिता के संरक्षक अशोक सिंह ने खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया तथा इस प्रतियोगिता में, खेल प्रशिक्षक लव श्रीप्रकाश, शशांक, ऋषि आदि उपस्थित रहें।

# आधुनिक सामुदायिक जेट्टियों का पीएम ने किया लोकार्पण


पीएम के वर्चुवल लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान डीएम आर्यका अखौरी एवं अन्य।


**गाजीपुर।** भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक की तकनीकी एवं आर्थिक सहायता से जलमार्ग विकास परियोजना के तहत अर्थगंगा की संकल्पना पर उत्तर प्रदेश में जलमार्ग संख्या 1 (गंगा नदी के तटों पर 15 स्थानों पर वाराणसी से लेकर बलिया तक आधुनिक सामुदायिक जेट्टियों का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को तहसील सैदपुर अन्तर्गत बूढेनाथ महादेव घाट एवं तहसील जमांनियां अन्तर्गत बलुआघाट पर एक-एक जेट्टियों का लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से संत रविदास घाट वाराणसी से किया गया।

इस अवसर पर सैदपुर के बूढेनाथ महादेव घाट पर प्रधानमंत्री का वर्चुवल लोकार्पण कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। इन सामुदायिक जेट्टियों पर नाव के ठहराव एवं यात्रियों के उतरने चढ़ने के हेतु उचित व्यवस्था तथा तट पर आने वाले यात्रियों के ठहराव एवं विश्राम हेतु एक विश्राम स्थल इत्यादि अन्य विभिन्न तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी। इन सामुदायिक जेट्टियों के माध्यम से नदी तट पर रहने वाले किसान, छोटे व्यापारी, उद्यमी, मछुआरे एवं अन्य नागरिकों को नदी के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने एवं नदी के आर-पार परिवहन को सुगम बनाया जा सकेगा। इनके निर्माण से आस पास के क्षेत्र में लघु औद्योगिक इकाईयों को बल मिलेगा तथा रोजगार मे बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, उपजिलाधिकारी सैदुपर, तहसीलदार सैदपुर एवं जमांनिया के बलुआघाट पर उपजिलाधिकारी जमांनियां भारत भार्गव, तहसीलदार जमानिया एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनसंपादकीय

# समर्थन और विरोध की पराकाष्ठा

तनवीर जाफरी



कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के नेतृत्व में सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ो यात्रा भीषण शीत लहरी के बावजूद अपने पूरे जोश-उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ते हुये अपनी मंजिल की ओर अग्रसर है। देश के 12 राज्यों से गुजरते हुये लगभग 150 दिन में 3750 किलोमीटर का सफर तय करने वाली इस यात्रा को प्रत्येक राज्यों से, चाहे वे भाजपा शासित राज्य हों,कांग्रेस शासित या गैर कांग्रेस शासित राज्य, हर जगह अकल्पनीय समर्थन हासिल हो रहा है। देश के अनेक विपक्षी दल के नेताओं,पूर्व नौकरशाहों,सामाजिक कार्यकताओं से लेकर फिल्म व खेल जगत आदि के अनेक दिग्गज राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि इतनी कड़ाके की ठंड में इस यात्रा में शिरकत करने व राहुल गाँधी की एक झलक देखने के लिये क्या शहर क्या कस्बा तो क्या गांव हर जगह भारी भीड़ उमड़ती दिखाई दे रही है।

भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे इस राष्ट्रव्यापी समर्थन से जहां कांग्रेस कार्यकताओं में ऊर्जा का नया संचार हो रहा है वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जिसने गत दस वर्षों से राहुल गाँधी की छवि को बिगाड़ने के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी,इस यात्रा से बुरी तरह से बौखला उठी है। भाजपा नेता भारत जोड़ो यात्रा को 'भारत तोड़ो यात्रा' का नाम दे चुके हैं। इस कठिनतम यात्रा को नकारात्मक नजरों से देखने वालों की नजरें राहुल गाँधी की टी शर्ट से लेकर उनकी दाढ़ी व कंटेनर्स पर ही नहीं बल्कि इस यात्रा में शामिल होने वाले लोगों पर भी लगी हुई हैं। और भाजपा समय समय पर चयनात्मक रूप से उनकी यात्रा में शिरकत को लेकर सवाल भी उठाती रही है। उदाहरण के तौर पर भारत जोड़ो यात्रा में जिस समय सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर शामिल हुई थीं उसी समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि जो लोग 'गुजरात के लोगों को प्यासा रखना' चाहते थे, वो भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हैं। इसी प्रकार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुये राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हमला करते हुए कहा था कि यह 'भारत तोड़ो यात्रा' है। नड्डा ने यहां तक कहा था कि - यह एक प्रायश्चित यात्रा है क्योंकि राहुल गांधी के पूर्वजों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने राहुल गांधी को गुजराती विरोधी बताया था।

अब गत 3 जनवरी को जब कि भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में नौ दिनों तक रुकने के बाद उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई उस समय भारतीय खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ' (रॉ ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत भी राहुल के साथ यात्रा में राहुल के कदम से कदम मिलाते नजर आए। भाजपा पूर्व रॉ प्रमुख दुलत की यात्रा में शिरकत को लेकर भी हमलावर हुई । भाजपा आई टी सेल प्रमुख ने दुलत पर निशाना साधते हुये कहा कि- ' पूर्व स्पाईमास्टर दुलत अपने काम के प्रति कभी प्रतिबद्ध नहीं थे। वे अलगाववादियों और पाकिस्तान से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि रॉ के पूर्व सचिव दुलत की कश्मीर संकट में यादगार भूमिका है। भाजपा आई टी सेल प्रमुख ने यह भी कहा कि-'अलगाववादियों और पाकिस्तान के समर्थन और कश्मीर बवाल में उनकी अहम भूमिका है'। गौर तलब है कि यही अमरजीत सिंह दुलत अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में प्रधान मंत्री के कश्मीर मामलों के सलाहकार भी थे। उन्होंने रॉ से अवकाश प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जम्मू-कश्मीर मामलों के सलाहकार के रूप में कार्य किया था। उस समय तो वाजपेई जी को पूर्व स्पाईमास्टर दुलत में योग्यता व कुशलता नजर आई जबकि आज की भाजपा उन्हीं के बारे में 'अलगाववादियों और पाकिस्तान को समर्थन और कश्मीर बवाल में उनकी अहम भूमिका' जैसी गैर जिम्मेदाराना बातें कर रही है? क्या यह इसलिये है कि कश्मीर मामलों के विशेषज्ञ समझे जाने वाले यही वह दुलत भी थे जिन्होंने गत वर्ष अप्रैल में बॉलीवुड की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को कोरा दुष्प्रचार बताया था जबकि भाजपा इस फिल्म को बढ़ावा दे रही थी तथा इसे प्रचारित कर रही थी ?

अब तक भारत यात्रा में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व प्रियंका गाँधी,आदित्य ठाकरे, म ?हात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी ,आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन,सहित फि ल्मी दुनिया के प्रसिद्ध सितारे कमल हासन,स्वरा भास्कर, पूजा भट्ट, रिया सेन,पटवर्धन,रिया सेन,अमोल पालेकर स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा , व सुशांत सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय,रोहित वेमुला की मां और खेल जगत की अनेक मशहूर हस्तियां यात्रा में शामिल हो चुकी हैं। योगेंद्र यादव जैसे समर्पित सामाजिक कार्यकर्त्ता तो कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पूरी यात्रा में साथ चल रहे हैं। इन समस्त भारत यात्रियों को यही उम्मीद है कि शायद ये यात्रा उस बिसरे हुए भारत की याद ताजा कर सके जो उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष, समावेशी और प्रगतिवादी मूल्यों के साथ साथ अनेकता में एकता के लिए विश्व प्रसिद्ध था।

सवाल यह है कि क्या महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी , आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, व रॉ के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत जैसे अनेक लोग जो देश व संविधान की रक्षा के लिये देश को संवैधानिक व सामाजिक रूप से एकजुट करने के मकसद से भारत जोड़ो यात्रा को अपना समर्थन दे रहे हैं वे भाजपा के मतानुसार ' भारत तोड़ो यात्रा ' के शरीक हैं ? और जो गाँधी के हत्यारे का महिमांडन करते हों,जो संविधान विरोधी जहर उगलते रहते हों,जो हेमंत करकरे जैसे शहीद को अपने 'श्राप ' का शिकार बताते हों वे सब न केवल राष्ट्रवादी बल्कि 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी ' हैं ? जो लोग समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की बात करें वे 'भारत तोड़क ' और जो वर्ग विशेष के विरुद्ध दूसरे वर्ग के लोगों को चाकू तेज करने के लिये उकसाये वह 'राष्ट्र जोड़क '? जिनके शासनकाल में सैकड़ों सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित किये गये हों वे भारत विरोधी और जो लोग इन्हीं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो को किसी व्यक्ति विशेष के हाथों बेच रहे हों वे राष्ट्रवादी ? कहना गलत नहीं होगा कि भारत जोड़ो यात्रा इस समय भारी जनसमर्थन और पूर्वाग्रही राजनीति के विरोध की पराकाष्ठा से जूझती हुयी देश में सामाजिक एकता का एक नया इतिहास लिख रही है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## डी एम मिश्र की गजलें



1

आग जलाकर रक्खो मौसम नम ज्यादा है.मुस्काने की वजह तलाशो गम ज्यादा है
सूरज डूब चुका है फिर जाने कब निकले/ उम्मीदों के दीप जलाओ तम ज्यादा है
मेरी बस्ती के लोगों के चेहरे देखो/आँखों में हैं खुशियाँ कम मातम ज्यादा है
घबराओ मत खुलते खुलते खुल जायेगा/ बाली उम्र है शायद अभी शरम ज्यादा है
वक्त तुम्हारे पास बहुत कम देर करो मत/ मारो चोट कि लोहा अभी गरम ज्यादा है
एक समंदर उसके आगे छोटा पड़ता/नन्हीं सी मछली है लेकिन दम ज्यादा है


2

खिली धूप से सीखा मैंने खुले गगन में जीना/ पकी फसल में देखा मैंने खुशबूदार पसीना
अभी तो मेरे अम्मा - बाबू दोनों घर में बैठे/ अभी तो मेरा घर ही लगता मक्का और मदीना
अगर न होते लोग साथ कितने हिचकोले खाता/ कर गया कैसे पार वो दरिया छोटा एक सफीना
कहाँ ढूँढने निकले हो अमरित इस अंध गली में/ अगर ज़िंदगी जीना है तो सीख लो विष भी पीना
कई हुकूमत देख लिया है सदियाँ गुजर गईं हैं/ बहुत बार टकराया तेरा खंजर मेरा सीना

# भारतीय दृष्टि और सर्जना के सजग रचनाकार

## स्मरण

गिरीश्वर मिश्र



व्यक्तित्व की शास्त्रीय अवधारणा उसे एक गत्यात्मक संगठन या रचना के रूप में ग्रहण करती है जिसका स्वरूप जीवन काल में विभिन्न चरणों में नई-नई विशेषताओं के साथ विकसित होता रहता है। यह बहुत कुछ एक आख्यान (नेरेटिव) की तरह होता है जो परिस्थितियों से रस लेते हुए क्रमशः विकसित होता है । व्यक्तित्व को प्रायः किसी व्यक्ति के समग्र अस्तित्व के सार तत्व के रूप में स्वीकार कर उसे एक टाइप (कोटि) में स्थापित कर दिया जाता है। परंतु उससे व्यक्ति की वास्तविकता का पता नहीं चलता। निबंध विधा के प्रमुख हस्ताक्षर और भारतीय ज्ञान परम्परा के व्याख्याता पंडित विद्यानिवास मिश्र की कई छवियाँ प्रचलित हैं । उनके सृजन कर्म और योगदान को उन्हीं छवियों के अनुसार देखा समझा जाता है। मिश्र जी के प्रारंभिक व्यक्तित्व का गठन एक आस्तिक परिवेश में हुआ था जहां एक बड़े संयुक्त परिवार में नियमित जीवन-चर्या थी, शास्त्र-चर्चा और आचार-विचार पर बहुत बल दिया जाता था। प्राकृतिक परिवेश और लोक-जीवन से बड़ी निकटता थी क्योंकि तब प्रकृति सिर्फ.उपभोग का संसाधन न हो कर जीवन-स्रोत थी । फिर युवावस्था से ही उन्हें घर से दूर इलाहाबाद में स्वतंत्र रहते हुए जीने और अपनी राह स्वयं तय करने का अवसर मिला। इन स्थितियों में मिश्र जी विचारपूर्वक भारतीय वेश-भूषा, सात्विक आहार और सहज आचरण का स्वेच्छया वरण किया। वे सांस्कृतिक विवेक के साथ आचरण की पवित्रता और शुचिता को मूल्यवान मानते रहे। वैसा करना उन्हें न केवल आनंदित और आश्वस्त करता था बल्कि कार्य के लिए ऊर्जा और चुनौती भी देता था ।

यहाँ इस बात को भी रेखांकित करने की जरूरत है कि मिश्र जी अपनी जीवन शैली को कभी दूसरों पर आरोपित नहीं करते थे और अपनी स्वतंत्रता की ही तरह दूसरों की व्यक्तिगत निजता, रुचि और पसंद को यथेष्ट सम्मान देते थे । वे इसका अच्छी तरह ख्याल रखते थे कि अतिथियों और मित्रों को किसी तरह का कष्ट न हो। इस दृष्टि से वे निश्चय ही उदारवादी थे। हाँ, वे स्वयं को जरूर अनुशासित रखते थे और शायद इसी का यह परिणाम है कि पारिवारिक, सामाजिक और प्रशासनिक व्यस्तताओं से भरे जीवन में भी वे अध्ययन, पर्यटन, और लेखन के लिए अवकाश निकाल पाते थे। जीवन के परिसर में वे बड्डे सक्रिय थे और उन्हें घर-परिवार के बीच रहना जितना अच्छा लगता था उतना ही नदी, पर्वत, समुद्र, आश्रम, संत समागम, और पुरातात्विक स्थलों, आदि के निकट पर्यटन और सांस्कृतिक आयोजनों भी भागीदारी भी प्रिय थी।

निश्चय ही मिश्र जी ने अपने अध्यवसाय से बहु आयामी दक्षता अर्जित और विकसित की थी जिसका बड़ा व्यापक फलक था । वे भाषा, साहित्य, दर्शन, कला, इतिहास और संस्कृति आदि विषयों में अध्यवसायपूर्वक जुड़े रहे । मिश्र जी अपने को भारतीय और पाश्चात्य चिंतन दोनों से अद्यतन करते रहते थे । अपने संसर्ग में आने वाले छात्रों, अध्येताओं और मित्रों को भी वे सदैव अकादमिक और सांस्कृतिक कार्यों में निबद्ध करते रहते थे। यह कर्मठता उन्हें पंडित क्षेत्रेश चंद्र चट्टोपाध्यय, महापंडित राहुल सांकृत्यायन, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन, तथा कवि लेखक स. ही. वात्स्यायन ह्यअज्ञेयह्ल जैसे लोगों के साथ निकट से जुड़ने और कार्य करने से आ सकी थी। दूसरी ओर उथल-पुथल भरे जीवन में परिस्थितियों के दबावों और देश काल की बदलती स्थितियों के बीच मिश्र जी की रचनाओं में विषय की विविधता और व्यापकता आती गई । उनकी संवेदना क्रमशः मनुष्य, समाज, संस्थाओं और प्रकृति से जुड़ती रही। वे स्वयं जीवन जिस रूप में और जो भी देता है उसे स्वीकार करने को प्रस्तुत रहते थे। लगातार बदलती भूमिकाओं और विभिन्न प्रकार के दायित्वों के बीच लेखन सृजन में सातत्य और नियमबद्धता की व्यवस्था कम ही चल पाती थी। ऐसे में कार्यों का विस्तार होता गया और उनके सम्पादन को लेकर उनके स्वभाव में व्यग्रता या व्याकुलता भी शामिल हो गयी थी ।

मिश्र जी के व्यक्तित्व का खुलापन, औदार्य और संवेदना सम्पर्क में आने वालों को सहज ही प्रभावित करती थी। कहा जा सकता है उनमें एक कि स्म की संक्रामक सामाजिक वृत्ति थी। वे मित्रों के लिए एक अच्छे मित्र थे और उनका गुस्सा या प्यार, बिना किसी दुराव-छिपाव के, अंदर और बाहर एक सा होता था। अक्सर कार्य के लिए उनकी अपेक्षाएँ नए ढंग की और सामान्य से ऊँची स्तर की हुआ करती थीं जिनके लिए श्रम और लगन की जरूरत होती थी जो आज के माहौल में धीरे-धीरे कम होती जा रही है। ऐसे में कार्य में बाधाएँ भी आती रहीं फिर भी कई नयी दिशाओं में वे यत्नशील रहे। उनके सृजन कर्म में एक विरल कि स्म की बहु आयामी संलग्नता आसानी से देखी जा सकती है जिसमें मूल का आदर करते हुए नए मार्ग तलाशने की तीव्र उत्सुकता है । यह उत्सुकता भारतीय चेतना की विविधवर्णी अभिव्यक्तियों को जन्म देती है। मिश्र जी का रचना-संसार अत्यंत विस्तृत है अतः यहाँ इसका संकेत देने के लिए में सत्तर के दशक में जब उनकी सृजनशीलता की बानगी देती कुछ कृतियों का उल्लेख समीचीन होगा। प्रकाशित कृतियों में से कुछ की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा। वर्ष 1973 में रीति विज्ञान आई जिसमें सर्जनात्मक आलोचना की एक नई दृष्टि प्रस्तुत की गई थी। मिश्र जी ने सिद्धांत पक्ष का विकास और उसका प्रयोग दोनों प्रकार का कार्य किया। इस दिशा में अनेक शोध कार्य भी हुए। फिर दो निबंध संग्रह आते हैः वसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं (1974) और मेरे राम का मुकुट भींग रहा है (1974)। फिर वैचारिक-सांस्कृतिक रचना हिंदू धर्म : जीवन में सनातन की खोज और परम्परा बंधन नहीं 1976 में प्रकाशित हुईं। इसके बाद कौन तू फुलवा बीन निहारी, (1980) का प्रकाशन हुआ । सन 1981 में निज मुख मुकर, तमाल के झरोखे से और भ्रमरानंद के पत्र का प्रकाशन होता है। इसके बाद अंगद की नियति (1984), अग्निरथ (1985), शेफाली झर रही है (1987) जैसे निबंध संग्रह और लागौ रंग हरिःश्याम रसायन (1985), महाभारत का काव्यार्थ (1986), भाव पुरुष श्रीकृष्ण (1989), भारतीय परंपरा (1998), सोरहम (1991), फागुन दुई रे दिना (1994), पीपल के बहाने (1994), शिरीष की याद आई (1995) सहृदय (1995), भारतीयता की पहचान (1994), बूँद मिले सागर में (1994), भारतीय चिंतन धारा (1995), तंत्र कला और आस्वाद (1996), कँटीले तारों के आर-पार (1998), और जयदेव के ह्यगीत गोविन्दह्ल की व्याख्या राधा माधव रंग रंगी (2000) प्रकाशित हुई। इन सारी रचनाओं में लोक, शास्त्र, परम्परा और समकालीन जीवन के साथ संवाद तथा संस्कृति के स्तर पर आत्म-साक्षात्कार के साथ राह ढूँढने की कोशिश दिखती है।

व्यक्तिगत स्तर पर भी मिश्र जी के लिए संवाद महत्वपूर्ण था। वे रिश्तों को निभाना जानते थे और यह अपेक्षा भी करते थे कि दूसरे भी वैसा ही करें। वे अपने गुरु जनों को हृदय से आदर देते थे । उनकी मित्र मंडली अत्यंत व्यापक थी और गाँव से लेकर विदेशों तक फैली हुई थी। वे अपने व्यस्त जीवन में मित्रों के साथ सम्पर्क साधने का कोई न कोई बहाना निकालते रहते थे। उनके साथ हास-परिहास में वह तरोताजा होने का अवसर पाते थे। मिश्र जी के आचरण और व्यवहार में आडम्बर ढूँढना संकुचित दृष्टि के कारण होता है। जो अपने को ह्यआधुनिकह्ल और ह्यवैज्ञानिकह्ल कहलाना पसंद करती है। यह दृष्टि अपने प्रतिमान यूरो-अमेरिकी चिंतन से उधार लेती आ रही है



और औपनिवेशिक पृष्ठभूमि के निहितार्थ को नजर अन्दाज करती है जो अब वैश्विकता या भूमंडलीकरण के बानक में छाती जा रही है । भारतीय संस्कृति और विचार-परम्परा के प्रति मिश्र जी का आग्रह इस सांस्कृतिक सोच की अंतर्निहित विशेषताओं पर टिका है जो विश्व में पारस्परिकता और पूरकता को देखती है। पूजा- पाठ और स्नान-ध्यान की सार्थकता को समझने के लिए जो संवेदना चाहिए वह आज घट रही है। यह कहना पर्याप्त होगा कि मिश्र जी के लिए यह सब दिखावटी न होकर उनके जीवन और जीवन-दृष्टि का हिस्सा या स्वभाव था और संभवतः अधिसंख्य भारतीयों के मन में अभी भी बसा हुआ है । आज के युग में जब अपने सत्य को पहचानने, स्वीकार करने और व्यक्त करने का साहस खोता जा रहा है । अब जब लोग दुहरी तिहरी ज़िंदगी जीने के लिए तत्पर हैं उसे स्वीकार कर जीना साहस का कार्य हो जाता है। यदि सहिष्णु दृष्टि न हो तो प्रतीक समझ में नहीं आते और तब सब कुछ अस्पष्ट और उलझाऊ सा लगने लगती है । उसे अज्ञानतावश बड़ी आसानी से कुछ लोगों द्वारा ह्यदकियानूसह्ल या ह्यपुरातनपंथीह्ल कह नकार दिया जाता है। ऐसे लोग सांस्कृतिकहीनता की छवि लिए नई अस्मिता की बेसब्री से तलाश कर रहे हैं। भारतीय दृष्टि अनेक प्रकार से जीवन जीने और आध्यात्मिक होने का अवसर देती है। यानी इसमें लघु से विराट होने की गुंजाइश बनी रहती है।

**( रोशन सिंह, हिंदी विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय, अलीगढ़ के साथ बातचीत पर आधृत)**

# अमेरिका ईसाई राष्ट्र की राह पर

## प्रसंगवश

भगवान स्वरूप कटियार



जब वर्चस्व की सत्ता और अकूत धन कमाने की राजनैतिक होड़ शुरू हो जाती है तब देश स्वार्थान्धता और धर्मान्धता के ऐसे दलदल में फंसता है जहाँ से फिर निकलना मुश्किल हो जाता है । दिक्कत तब और बढ़ जाती है जब देश की जनता धर्मान्धता और धन के वैभव को ही असल राष्ट्रवाद समझ बैठती है और देश के लोग उसके अफीमी नशे में सबको साथ लेकर चलने वाले सार्वभौमिक भाईचारे और विश्वबन्धुत्व के असल राष्ट्रवाद को दरकिनार कर देते हैं। स्वार्थी नेतागण कुछ जातियों, धर्मों और देशों को अपना दुश्मन मान कर संकीर्ण कट्टरता में फंस कर देश के लोगों को असल मुद्दों से भटकाने लगते हैं। दुनिया के देशों में यह प्रचलन बड़ा आम हो गया है। यह पूरे मानव समाज की वैश्विक एकता के लिए भी बड़ा खतरा है। अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान, ईराक जैसे तमाम देशों की धार्मिक कट्टरता को मैं नजरंदाज नहीं करना चाहता पर लोकतांत्रिक देशों की जिम्मेदारी बनती है कि दुनिया में लोकतंत्र को मजबूत करें। यह दक्षिणपंथी बयार के झोंके इंग्लैंड, नीदरलैंड, जर्मनी, फ्रांस और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भी आये और इंग्लैण्ड जैसे लोकतांत्रिक देश में ब्रेक्जिट जैसी परिघटना घटी और इंग्लैंड यूरोप यूनियन से अलग हो गया और वहां एशियाई लोगों के साथ सौतेला वर्ताव परिलक्षित हुआ। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ईसाई कट्टरवाद और कार्पोरेट पूंजीवाद के गठजोड़ के प्रतीक बन गये थे पर अमेरिका की जनता ने उन्हें उखाड़ फेंका। डोनाल्ड ट्रंप गैर अमेरिकी नागरिकों के घोर विरोधी भी थे जैसे एक समय इग्लैंड की प्रधानमंत्री रहीं मार्गेट थ्रेचर। यह टुच्चे किस्म का राष्ट्रवाद हल्के और संकीर्ण सोच के लोगों को लुभाता है। पर व्यापक आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए व्यापक विश्व बंधुत्व की वैश्विक अवधारणा बेहद जरूरी है।

अमेरिका घोर साम्राज्यवादी और समाजवाद विरोधी देश है यह किसी से छिपा नहीं है। वह दुनिया के देशों को आपस में लड़ा कर अपनी चौधराहट कायम करने में शातिर और माहिर है। अफगानिस्तान, ईराक, लीबिया और लैटिन अमेरिकी देशों में उसने जो कुछ किया या आज भी जिस तरह षड्यंत्रकारी योजनाओ में लगा हुआ है पूरी दुनियां के सामने है। आज यूक्रेन के जो हालात हैं, अमेरिका उसके लिए कम जिम्मेदार नहीं है पर अमेरिका का आंतरिक लोकतंत्र और वहां का संघात्मक ढांचा इतना मजबूत है कि कट्टरवाद वहां जल्दी पनप नहीं सकता। ऐसी ताकतें वहां भी हैं जो ईसाई कट्टरवाद फैलाने में लगी हैं। अमेरिकी आबादी का एक तिहाई हिस्सा एशियाई या गैर अमेरिकी है। वहां कट्टर ईसाईवाद और नस्लभेदी श्वेतवाद तेजी से सर उठा रहा है ।अमेरिका में आजकल रंगभेद की क्रूरता और हिंसा की घटनाएँ बढ़ रही हैं। ट्रंप की पार्टी रिपब्लिक का एक बड़ा हिस्सा इसी रणनीति पर चल रहा है। अगर कहीं संयोग से अमेरिका ईसाई राष्ट्र बनता है तो यह दुनिया के लिए दुर्भाग्यपूर्ण राजनैतिक घटना होगी और धर्मनिरपेक्षता को गहरी चोट पहुंचेगी ।और दुनिया के तमाम देश अमेरिका की राह पर चल पड़ेंगे जिससे शक्ति संतुलन का रूप बदल जायेगा।

अमेरिका का जन्म ही साम्राज्यवाद से हुआ है। ब्रिटिश नस्ल के लोगों ने वहां पहुँच कर न केवल भूभ्रभाग पर आधिपत्य जमाया, बल्कि वहां के स्थानीय लोगों को जो आदिवासी और काले थे, दास बनाया। कुछ समय बाद दास प्रथा और वर्चस्ववादी सत्ता के खिलाफ वहां के मूल निवसियों ने विद्रोह किया। इस गृह युद्ध के बाद ही वहां दास प्रथा का अंत हुआ। आजादी के प्रतीक के रूप में वहाँ स्टेचू ऑफ लिबर्टी का निर्माण करवाया गया। इसके अतिरिक्त वहां नस्लभेद मिटाने के न सिर्फ कानून बने बल्कि जन अभियान भी चलाए गये। अमेरिका की सम्रद्धि और सुविधासम्पन्नता ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया। द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान के हिरोशिमा-नागासाकी पर एटोमिक हमले के बाद अमेरिका आर्थिक और सामरिक विश्व शक्ति बन गया। इसके पहले इटली, जर्मनी, ब्रिटेन और जापान विश्व की आर्थिक सामरिक शक्तियां थीं। जापान के विध्वंस और जर्मनी और इटली के बबार्दी ने सोवियत रूस को अमेरिका के प्रतिद्वंद्वी के रूप में खड़ा किया, जिसने एक लम्बे समय तक अमेरिका को चुनौती दी जिसकी जगह अब चीन ने लेली है। साम्राज्यवादी अमेरिका को समाजवादी ताकतों से हमेशा भय रहा है ।इसलिए जहाँ भी समाजवादी लोकतंत्र की शुरूआत होती है, चाहे वियतनाम हो या नेपाल या नॉर्थ कोरिया, लीबिया, ईराक आदि अमेरिका वहां दखलंदाजी जरुर करता है ।रूस और चीन की सामरिक शक्ति से अमेरिका को चुनौती मिली और शीत युद्ध शुरू होगया।

शीत युद्ध एक प्रकार से कूटनीति और रणनीति के कौशल का युद्ध था जिसमें सीधे हथियारों का प्रयोग नहीं होता था बल्कि यह अमेरिका और रूस पीछे से अपने प्यादे और मोहरों को लड़ाते थे। उन्हें हथियार और धन की आपूर्ति करते थे। लगभग दो दशक तक यह स्थिति रही। रूस के बिखराव के बाद अमेरिका अकेली विश्व शक्ति बन गया। बीसवीं सदी खत्म होते होते चीन अमेरिका के लिए चुनौती के रूप में खड़ा हो गया पर अमेरिका आज भी टेक्नोक्रेट और व्यावसायिक लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहाँ लगभग 33.19 करोड़ की आबादी में 05 करोड से ज्यादा प्रवासी नागरिक हैं। अमेरिका सीआईए के जरिये समूची दुनिया के देशों में उथल झ्रपुथल करने का केंद्र बना रहा और गैर अमेरिकी दुनिया के देशों को कैसे अस्थिर रखना है, कहाँ कैसे अनुकूल सरकारें बनवानी और प्रतिकूल सरकारें गिरवानी हैं इन सब षड्यंत्रों का केंद्र अमेरिका रहा है।

चीन की आर्थिक और सामरिक सम्पन्नता के उभार के बाद अमेरिका में एक नये किस्म के राष्ट्रवाद का उभार हुआ जिसमें यह अवधारणा जन्मी कि विदेशी नागरिक हमारा हक छीन रहे हैं। वे नौकरियां औ नागरिकता हासिल कर उनके देश की धन संपदा भी हड़प रहे हैं। इस भावना ने गैर अमेरिकियों के साथ दुर्व्यवहार और हत्याएं तक की घटनाओं को अंजाम दिया जो मानवीय और अन्तर्राष्ट्रीय नजरिये से बेहद अफसोस जनक एवं आपत्तिजनक है और मानवाधिकारों का हनन भी है। जो अमेरिका कभी बाहरी लोगों के लिए रोजगार और व्यवसाय के आकर्षण का केंद्र था आज वह बाहरी लोगो से मुक्ति चाहता है। इसका पहला चरण आप्रवासियों को वापस भगाना है जिसके लिए ग्रेट रिप्लेसमेंट स्ट्रेटजी शुरू की जारही है। किसी न किसी बहाने आप्रवासियों को आने से रोका जा रहा है।जो वहां रह रहे हैं उन्हें कड़े कानून बना कर वापस भेजने के लिए बाध्य किया जा रहा है ।

हाल के सर्वेक्षण में सूचना तकनिकी के क्षेत्र में लाखों की संख्या में रोजगार कम हुए हैं। ट्विटर के मालिक एलन मस्क और फेसबुक के मालिक जुकरबर्ग ने भी छंटनी शुरू कर दी है। दूसरी ओर अमेरिकी लोगों में रंगभेद की कट्टरता बढ़ रही है। बाहरी लोगों के खिलाफ ऑन लाइन नफरत का प्रचार तेजी पकड़ रहा है। आप्रवासियों के खिलाफ मॉस शूटिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। अमेरिका अटॉर्नी जनरल जेम्स ने अपनी रपट में ऑन लाइन कट्टरपंथी विचारधारा के दुष्प्रचार को स्वीकार किया है।

अमेरिका में 2010 में श्वेत आबादी 64 प्रतिशत थी जो अब घट कर 60 प्रतिशत रह गयी है। अमेरिकन को डर है कहीं 2045 तक अमेरिकन अल्पसंख्यक न हो जाएँ। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शासन काल में इस नफरत को ज्यादा हवा दी।

अमेरिका में 45 फीसदी लोग अमेरिका को ईसाई राष्ट्र घोषित करना चाहते हैं । वहां यह भी चल रहा है कि श्वेत श्वेत को ही वोट दे। रिपबलिक पार्टी के कर्ता धर्ता डोनाल्ड ट्रंप तो खुल्लम खुल्ला नफरत का बाजार चला रहे हैं। अफसोस है जी 20 जैसे संगठन भी इस गंभीर समस्या से मुंह मोड़े हुए हैं। अमेरिका बनाम चीन तो चलता रहेगा पर गरीब देश इसके निशाने पर होंगे जो सबसे अधिक चिंता का विषय है।

**( लेखक कवि एवं चिंतक हैं, संपर्क 94155 68836)**

## नाटक



# 'चाणक्य' युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरक प्रस्तुति

**अमल मिश्र**

चाणक्य जैसे कूटनीति, अर्थनीति और राजनीति के विद्वान शिक्षक और संरक्षक को न सिर्फ याद करना बल्कि उनके व्यक्तित्व के अनेक आयाम और सन्दर्भों को रंगभूमि पर जीवन्त होते देखना सदैव सुखद और प्रेरक रहता है। चाणक्य यानी विष्णुगुप्त जिन्होंने अपने महाज्ञान का सदुपयोग जनकल्याण तथा भारत को अखंड और महाशक्ति बनाने में किया, कौटिल्य कहलाये जिनके द्वारा स्थापित राजनीति और अर्थनीति के सन्दर्भों के अतिरिक्त वह एक शिक्षक की भूमिका में सदैव समादृत रहे और उन्होंने राष्ट्र हित को सदैव सर्वोपरि रखा।

दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य योगेश सिंह, कुलपति की प्रेरणा से आयोजित प्रख्यात रंगकर्मी मनोज जोशी द्वारा निर्देशित और अभिनीत नाटक चाणक्य की एक हजार सात सौ अस्सीवीं नाट्य प्रस्तुति एक महान द्दष्टा और राष्ट्र निमार्ता आचार्य की भूमिका को रेखांकित करती हुयी दर्शकों के मन में उतरती जा रही थी। प्रस्तुति का पहला दृश्य इस संवाद के साथ शुरू होता है कि 322 ईसापूर्व में ग्रीस के राजा फिलिप का पुत्र अलेक्जेंडर विश्व विजय की महत्वाकांक्षा लिए भारत की पश्चिमी सीमा पर पहुंचा था। पश्चिमोत्तर प्रदेश गांधार था जिसकी प्रसिद्धि तक्षशिला विश्वविद्यालय के विद्वानों और आचार्यों के कारण उत्कर्ष पर थी। उस प्रदेश के राजा आम्भि ने एलेग्जेंडर के साथ राजनैतिक संधि कर ली थी। एक ओर एलेग्जेंडर भारत में प्रवेश कर रहा था तो दूसरी ओर तक्षशिला विश्वविद्यालय के कुलपति और आचार्य अपने-अपने शिष्यों के साथ गांधार का त्याग कर चुके थे पर आचार्य चणक के पुत्र विष्णुगुप्त चाणक्य के चिन्तन में कोई और आकृति बन रही थी, वह थी अखण्ड भारत की परिकल्पना। अपनी संस्कृति की रक्षा और जाति, सम्प्रदाय व संघों में बंटे समाज को एक सूत्र में बाँधने की परिकल्पना। क्योंकि वह जानते थे कि इस संधि से अलेक्जेंडर का केवल भारत में आने का द्वार ही नहीं खुला है



बल्कि अगला प्रहार हमारी संस्कृति पर होगा।

सिकंदर (अलेक्जेंडर) की दृष्टि और सैन्य क्षमताओं का आकलन कर चुके चाणक्य इस दृश्य में अपने शिष्य से कहते हैं कि वह महान योद्धा है, एक अच्छे राज्य का परिकल्पक। वह अगर भारत में जन्मा होता तो उसे पाकर भारत धन्य हो जाता। परंतु उसकी सोच और कार्य भारत विरोधी हैं। इस पर उनका छात्र पूछता है कि ऐसे व्यक्ति के साथ मित्रता क्यों न की। जाए? इस पर चाणक्य कहते हैं कि महान संत की मित्रता और शत्रु योद्धा की शत्रुता ही पुण्य प्रबल होती है। संत के साथ शत्रुता करने से धर्म संस्कार का अंत होता है और अमित्र योद्धा के साथ मित्रता करने से साहस और बल दोनों ही क्षीण हो जाते हैं। इसके बाद हम देखते हैं कि पुरु नगर के राजा पुरुराज का आगमन होता है। उन्हें चाणक्य अलेक्जेंडर के विषय में आगाह करते हैं तथा उसे रोकने के लिए उनसे मदद माँगते हैं और उनसे अलेक्जेंडर की सैन्य कुशलता और क्षमता के विषय में विस्तार से बताते हैं परंतु कुछ सार्थक हो पाने में देर हो जाती है और पुरु मारे जाते हैं। ईसा पूर्व 320 में पुरु की पराजय और हत्या, एलेग्जेंडर की सेना में विद्रोह और उसकी युद्ध के प्रति अनिच्छा, उसकी ग्रीस वापसी के मार्ग बेबीलोन के पास मृत्यु आदि घटनाओं का सजीव और भावपूर्ण प्रस्तुति दर्शकों को गुदगुदाती, रोमांचित और उत्तेजित करती रही। इस बीच नाटक में एक महत्वपूर्ण मोड़ आता है। एलेग्जेंडर की मृत्यु के पश्चात भी चाणक्य की चिंताएं समाप्त नहीं होती हैं क्योंकि उसके उत्तराधिकारी सेल्यूकस की विस्तारवादी सोच का भी आचार्य चाणक्य को भान था। इसलिए वह भारत की अखंडता और बंटे हुए समाज व साम्राज्य को एकजुट करने भारत भ्रमण पर निकल गए। पुरु से निकलकर पारसेक (कश्मीर), इंद्रप्रस्थ (दिल्ली), मिथिला, काशी, कोशल से होते हुए मगध आ पहुंचे। मगध में नंद वंश के राजा हिरण्यगुप्त गुप्त का साम्राज्य था जो अपने अभिमान और धनलिप्सा के कारण प्रजा में धनानंद के नाम से प्रख्यात था। नाटक के अगले दृश्य में हम देखते हैं कि धनानंद के दरबार में चाणक्य अपने अखंड भारत का सपना लेकर उपस्थित होते हैं तथा उसको सेल्यूकस की सोच के कारण संभावित खतरे के प्रति आगाह करते हुए आगे आने का निवेदन करते हैं पर मद में चूर धनानंद चाणक्य को भरे दरबार में अपमानित कर, उनकी शिखा को पकड़कर दरबार से बाहर धकेल देता है। धनानंद के इस व्यवहार पर क्षुब्ध चाणक्य ने प्रतिज्ञा ली कि वह उसका समूल नाश कर उसके स्थान पर एक योग्य शासक को बैठाएंगे। आगे अभिनीत किया जाता है कि चाणक्य ने कैसे पूरे भारत को एक सूत्र में बांधते हुए धनानन्द का नाश कर चन्द्रगुप्त को मगध का राजा बनाया और अपने अखंड भारत की परिकल्पना को साकार किया।

संगीत और प्रकाश के समुचित प्रबन्धन के साथ पूरे अभिनय में कलाकारों झ्र अशोक बंथिया, चारू जोशी, संजय भाटिया, राजीव भारद्वाज, कविता राणा, सुनील शिंदे, दिनेश कनाडे द्वारा किरदार को जीना, अपने साथ ही दर्शकों को घटना के काल और तल पर ला खड़ा करना चाणक्य नाटक की अविस्मरणीय और असाधारण प्रस्तुति को पुष्ट करता है। यह प्रख्यात अभिनेता व निर्देशक मनोज जोशी जैसे प्रयोगवादी, विद्वान और मंझे हुए कलाकार ही कर सकते हैं जिनके लिए यह एक नाटक नहीं बल्कि चाणक्य के अखण्ड भारत की पुनर्स्थापना उद्देश्य बन चुका हो। आशा है कि इस नाट्य प्रस्तुति से नयी पीढ़ी के हृदय के गहरे तल में राष्ट्र के प्रति प्रेम, समर्पण और प्रतिबद्धता उत्पन्न होगी और यही हमारे राष्ट्र की ताकत और उद्देश्य भी। हमें यह स्मरण रखना होगा कि व्यक्ति से कुटुंब, कुटुंब से समाज, समाज से राज्य और राज्य से राष्ट्र जुड़ा है। यह विचार यदि हम सभी देशवासियों के दिलों में प्रज्वलित कर पाए तो इसकी सार्थकता है।

**(मोतीलाल नेहरु कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय साउथ कैंपस, संपर्क 99568 99939)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गोकशी में महिला संग सात गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अम्बारी माहुल रोड पर नहर पुलिया के पास से गौकशी के मामले में एक महिला सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

फूलपुर थाना के अम्बारी चैकी क्षेत्र के नई बस्ती अम्बारी माहुल रोड पर नहर पुलिया के पास लड्डन उर्फ सकलैन पुत्र शोहराब के मकान में अम्बारी चैकी इंचार्ज हरेन्द्र सिंह व चैकी के पुलिस जवान व उपनिरीक्षक माखन सिंह थाना फूलपुर पुलिस बल के साथ गोवंशीय करने के मामले में लिप्त व्यक्तियों को पुलिस ने भारी विरोध के बाद गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस को 80 किलो कटा मांश 6 गाय 3 बछड़ा जीवित, तराजू 4 आदत चापड़ लोहा, 4 अदद चाकू स्टील, दो लकड़ी का ठीहा, 6 मोटर साईकिल, तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतुस, 7 माबाईल फोन अठ्ठारह हजार दो सौ पचीस रुपया नगद सहित आठ व्यक्ति जिसमे लड़डन उर्फ सकलैन पुत्र शोहराब गोधना थाना पवई, समीर पुत्र लड्डन गोधना, रिजवान पुत्र कदीर ससना थाना फूलपुर, रिजवान पुत्र दिलशाद गद्देपुर थाना दीदारगंज, समसाद पुत्र अनारूल सहजेर पुर थाना फूलपुर, रेहान पुत्र आजम अम्बारी थाना फूलपुर, सोनू पुत्र नगीना काधुपट्टी थाना कप्तानगंज, साजिदा पत्नी लड्डन गोधना थाना पवई मोके से गिरफ्तार किये गये। कटे हुए मांश का चिकित्सीय परीक्षण पशू चिकित्साधिकारी से कराया गया। जिंदा पशू गोआश्रय स्थल सदरपुर बरौली भेज दिया गया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को गोवध अधिनियम में चालान कर जेल भेज दिया।

## दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** गम्भीरपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गोमाडीह बाइपास के पास से गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया। गम्भीरपुर थाना में 8 जनवरी को एक महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी बच्ची को आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया जिसके सम्बंध में पुलिस स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की। गम्भीरपुर थाने के उपनिरीक्षक राकेश तिवारी मय हमराह द्वारा थानाक्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर ने आकर सूचना दिया कि पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गोमाडीह बाईपास के पास कहीं जाने के फिराक में खड़ा है । अगर जल्दी किया जाय तो पकडा जा सकता है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने उक्त स्थान पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## रेलवे स्टेशन के पास मिला युवक का शव



स्थानीय लोगों से पूछताछ करती पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**सरायमीर/संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर रेलवे स्टेशन के पास युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सरायमीर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी सिगनल के पास बने रेलवे क्वाटर के पास एक 20 वर्षीय युवक बीती रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मृतक पाया गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने सुबह पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सरायमीर थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जांच में मृतक युवक की पहचान अतुल उर्फ शिवा सिंह पुत्र संजय सिंह ग्राम खानकाह के रूप में हुई। गांव वालों के अनुसार युवक इण्टर मे पढ़ता था। यहां किस काम से आया और कैसे मर गया सुबह हम लोगो को जानकारी हुई।मृतक का कीमती मोबाइल भी गायब है।पैर में जूता भी नही था। पिता रोजी रोटी में बाहर हैं घर पर केवल मां है बड़ा भाई पहले मर चुका है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**मामला**

**जकात के नाम पर धन गबन का मामला**

**निजामाबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फरहाबाद मुहल्ले मे जकात के नाम पर धन गबन करने का मामला प्रकाश आया। परिजनों की इसकी गुहार पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू हो गयी है।

निजामाबाद क्षेत्र के फरहाबाद मुहल्ले में जकात के नाम पर धन गबन का एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। गांव के कुछ लोगो ने मानसिक रूप से कमजोर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को बहला-फुसलाकर उसके घर रखा लगभग 10 लाख रुपये का जेवर बेचवा कर सारा रुपया जकात के नाम पर बंदरबाट कर दिया। इसकी जानकारी जब उसके पुत्र को हुई तो यह खबर सुनकर उसके कदमो तले जमीन खिसक गई।

पहले तो युवक गांव के उन लोगों के पास पहुंचा और रुपया वापस करने के लिए कहा। लेकिन गांव के लोग उससे भी वही दीन, मजहब, सवाब और आखिरत की बात करने लगे। रुपया लौटाने से इनकार करते रहे। थक हार के पुत्र जो एलएलबी का छात्र है सदुल्लाह ने पुलिस कप्तान के यहां न्याय की गुहार लगाई। पुलिस कप्तान के निर्देश पर पुलिस भी हरकत में आ गई। निजामाबाद पुलिस ने फरहाबाद मुहल्ले में पहुंचकर आरोपितों को थाने ले आयी। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो हकीकत सामने आ गई। आरोपित 50 हजार रुपया वापस किये और बाकी रुपया किस्त पर देने के लिए राजी हो गये। थाना प्रभारी निजामाबाद राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला प्रकाश में आया था। कुछ रुपया आरोपितों ने लौटाया है।

## आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा की नोटिस

**गांव में मुनादी कराकर नोटिस कराई चस्पा**

**अंजानशहीद।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के कराला गांव में युवती के भगाने के आरोपी के घर जीयनपुर पुलिस ने 82 की नोटिस की चस्पा। जानकारी के अनुसार जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के हरैया गांव निवासी युवती को भगाने के आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी होने के उपरांत हाजिर ना होने पर न्यायालय के आदेश पर जीयनपुर एसआई रामगोपाल त्यागी ने शुक्रवार की शाम 4रू00 बजे आरोपी शुभम मिश्रा पुत्र सुनील मिश्रा निवासी करैला के घर पहुंच कर लाउडस्पीकर से घोषणा करने के पश्चात नोटिस चस्पा की वही रामगोपाल त्यागी ने कहा कि आरोपी न्यायालय में हाजिर ना होने के उपरांत उनके घर पर पूर्ति की कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान महिला सिपाही रंजू, जयसिंह पटेल, मुशर्रफ सहित गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# विवेकानन्द जयंती पर असहायों में कम्बल और दिव्यांगों में ट्राईसाइकिल वितरित



दिव्यागों को ट्राईसाइकिल वितरित करते गुरुप्रसाद, सांसद संगीता आजाद व पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन

**आजमगढ़।** आजाद पीजी कॉलेज सरैया पल्हना में स्वामी विवेकानंद की जयंती कालेज परिसर में बड़े धूमधाम से मनाई गई मुख्य अतिथि प्रोफेसर गुरु प्रसाद बीएचयू वाराणसी रहे। विशिष्ट अतिथि राकेश दुबे रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद जी पर आधारित प्रहसन एवं नाटक गीत प्रस्तुत किए गये जो लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक एवं पूर्व विधायक लालगंज आजाद अरि मर्दन एवं सांसद कॉलेज की चेयरमैन संगीता आजाद द्वारा गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को 1000 कंबल निःशुल्क तथा 100 दिव्यांग लोगों को निःशुल्क ट्राई साइकिल भी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि द्वारा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने कहा कि हम स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर ही चलकर एक नए युग संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान दे सकते हैं और अपनी भारतीय संस्कृति एवं हिंदू धर्म सनातन धर्म की रक्षा कर सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता लालगंज सांसद संगीता आजाद ने किया अपने संबोधन में संगीता आजाद ने छात्र- छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए भारतीय संस्कृत एवं सभ्यता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि आज के समय में वृद्धाश्रम की बाढ़ आ गई है इसका कारण है कि युवा पीढ़ी के लोग अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से दूर होकर अपने बूढ़े माता-पिता की पूर्ण सेवा करने में विफल है जिसका कारण है कि अपनी संस्कृति को हम लोग भूल कर माता पिता को वृद्धा आश्रम की शोभा बढ़ाने के लिए भेज देते हैं इस प्रथा में सुधार आना चाहिए। युवा पीढ़ी एक सशक्त समाज एवं देश की सेवा करने में अग्रसर रहेगी जिससे हमारे समाज का विकास हो सकेगा। इस अवसर पर डा. आरजे, डा. अजय राजभर, प्रबंधक एमके राय एडवोकेट, प्रमोद, डा. दिनेश, कमलेश, राजाराम, अमित, अरविंद, हरिश्चंद्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# धनराशि के सापेक्ष निर्माण को निर्धारित समय में करें पूर्णः डीएम

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निमार्णाधीन 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों एवं 50 लाख से अधिक के निमार्णाधीन सड़कों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने 788.40 करोड की 89 निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं जारी की गई धनराशि के सापेक्ष शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग आजमगढ़ द्वारा जनपद के थानों मे बैरक विवेचना कक्ष, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्याल?, अटल आवासीय विद्यालय गंभीरवन, 20वीं वाहिनी पीएसी में 200 व्यक्तियों की क्षमता का बैरक के निर्माण के लिए जारी की गई धनराशि के सापेक्ष निर्माण को निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खंड वाराणसी-03 आजमगढ़ को मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर को उच्चीकृत कर 100 शैय्या युक्त चिकित्सालय, जनपद न्यायालय में ट्रांजिट हॉस्टल, लालगंज में विधिक कार्य मानक प्रयोगशाला, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज देवगांव में ब्वॉयज हॉस्टल हेतु किचन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में 100 शैय्या चिकित्सालय के निर्माण कार्य को पूर्ण कर हैंड ओवर करने के निर्देश दिये।

उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पैकफेड, जल निगम, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0, यूपी सिडको, सेतु निगम, यूपीपीसीएल, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0, सी एण्ड डीएस, उ0प्र0 जल निगम, पीसीसीडी एवं उ0प्र0 सहकारी विद्यापन एवं शीतगृह संघ लि0 द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में 50 लाख से अधिक लागत के प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा बिंद्रा बाजार-चिरैयाकोट बेल्थरा मार्ग का चैड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, जीयनपुर-मुहम्मदाबाद मार्ग के किलोमीटर 3 जोलहापुर संपर्क मार्ग, इलाहाबाद-जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, ताड़ी चिरैयाकोट नहर की पटरी के अवशेष भाग का नवनिर्माण आदि कार्यों को जारी की गई धनराशि के सापेक्ष त्वरित गति से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, पीडब्ल्यूडी, डीईएसटीओ एवं अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## धान क्रय केन्द्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते एसडीएम

**लालगंज (आजमगढ़)।** धान क्रय केंद्र विपणन शाखा सोफीपुर का शुक्रवार को उपजिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। धान विक्रय के लिए धानक्रय केन्द्र पर कुल छः ट्रालियां खडी थी। उपजिलाधिकारी के निरीक्षण में धान क्रय केंद्र पर सब कुछ ठीक रहा। किसी भी किसान की कोई शिकायत नहीं रही। विपणन शाखा लालगंज का पन्द्रह हजार कुंतल धानक्रय का लक्ष्य था। जो पूर्ण हो चूका है। विपणन अधिकारी लालगंज गायत्री सिंह ने बताया कि विपणन शाखा सोफीपुर में धान खरीद का लक्ष्य पन्द्रह हजार कुन्तल था। जिसके सापेक्ष निरीक्षण के समय तक 301 किसानो से 15890.40 कुन्तल धान की खरीद की जा चुकी थी। जिसमे से 10530 कुन्तल धान मिलो को प्रेषित किया जा चुका है। धानक्रय के लिए क्रय केंद्र पर दो सत्यापित इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, पावर डस्टर, झरना, पंखा सहित अन्य यन्त्र उपलब्ध रहे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, गायत्री सिंह, सहायक प्रमोद कुमार, किसान राम प्रकाश यादव, जयसिंह राय, विजय यादव, राम सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## पवई ब्लॉक में संपन्न हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

**पवई (आजमगढ़)।** पवई विकासखंड के क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख वरुण कांत यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बैठक में खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार बिंद एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे। जिसमें सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान भी उपस्थित थे। सभी सदस्यों द्वारा इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का प्रस्ताव दिया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख वरुण कांत यादव द्वारा सभी कार्यों को कराने का आश्वासन दिया गया। खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार बिंद द्वारा बताया गया कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों का यात्रा भत्ता अगले सप्ताह तक उपस्थित सभी सदस्यों के खाते में डोंगल के माध्यम से भुगतान कर दिया जाएगा। और कार्य कराने के लिए प्रस्ताव लेखाकार के पास जमा कर दें। इस मौके पर धर्मेश चैहान, लेखाकार राजकुमार, सहायक विकास अधिकारी पारसनाथ यादव, कुमार गौरव, प्रधान प्रतिनिधि राहुल चैरसिया, व बीडीसी अभय राज यादव, विद्या आदि लोग उपस्थित रहे।

# कैफी आजमी की 104वीं जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



कैफी आजमी के चित्र पर माल्यार्पण करते जितेन्द्र हरि पाण्डेय व अन्य

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** शुक्रवार को तहसील निजामाबाद स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय एवं साहित्य से दोस्ती पुस्तक केंद्र पर कैफी आजमी की 104 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर कैफी आजमी और उनका गांव मिजवां विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ.नवाज आजमी और संचालन कॉमरेड अजय तिवारी ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुये सीपीआई राज्यपरिषद सदस्य एवं इस्कफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र हरि पांडेय एडवोकेट ने कहा कि कैफी आजमी तरक्कीपसंद शायर, गीतकार के रूप में आजीवन दबे कुचले आम आवाम की आवाज को बुलंद किया। उन्होंने कहा कि कैफी साहब हंसमुख व्यक्तित्व, सादगीपूर्ण जीवन और प्रतिवद्ध कॉमरेड थे। कैफी आजमी की प्रतिवद्धता के चलते ही उनका पूरा परिवार फिल्म, साहित्य, राजनीति और समाज मे जिन ऊंचाइयों पर है ऐसा परिवार शायद ही विश्व मे कोई दूसरा परिवार हो। अब्दुल्लाह एडवोकेट ने कहा कि कैफी साहब ने अपने पैतृक जिले के विकास के लिए आजीवन संघर्ष किया। वर्ष 1981-82 में इनकी पहल पर मेजवां गावं को सड़क से जोड़ा गया। लोगों को पगडंडी से छूटकारा मिला। इसके पूर्व वे गांव में प्राइमरी स्कूल की स्थापना कर चुके थे। कैफी साहब का सपना था कि गांव के लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करें। इसके लिए उन्होंने शिक्षण संस्थानों के साथ ही चिकनकारी, कंप्यूटर शिक्षण संस्थान आदि की स्थापना की। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनकी यादें हर दिल में बसी हुई हैं। इस अवसर पर मोहनलाल एडवोकेट, किशोरीलाल गुप्ता, अजय तिवारी, लालमन यादव, शाहआलम फराही, वीरेंद्र मिश्र, अबुजर आजमी, संतोष कुमार, सादुल्लाह आदि उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग की लापरवाही से डूब गई किसानों की फसल

जनसंदेश न्यूज



पानी में डूबी किसानों की फसल

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अतरौलिया ब्लॉक के पेड़रा ग्राम सभा और अंबेडकरनगर के बॉर्डर पर स्थित नाला में अधिक पानी आने से सैकड़ों किसानों की फसल डूब गई। किसान रात रात भर अपने खेत से पानी निकालने में लगे हैं ताकि किसी तरह से उनकी कुछ ही फसल बच जाए।

किसानों का आरोप है कि जब पानी की जरूरत होती है तब नहर में पानी नहीं छोड़ा जाता है और जब जरूरत नहीं होती है तो नहर में अधिक पानी छोड़ दिया जाता है।

यही मामला एक बार फिर देखने को मिला जब किसानों को जरूरत थी तब नहर में पानी नहीं आया और अब जब किसान किसी तरह से अपनी सिंचाई कर चुके हैं तो नहर में इतना अधिक पानी छोड़ दिया गया कि बड़े नाले से पानी किसानों के खेतों में जा रहा है। किसानों की सैकड़ों बीघे की खेती बर्बाद होती नजर आ रही है। कुछ अंबेडकर नगर की खेती बर्बाद हो रही है तो वहीं आजमगढ़ की भी कुछ खेती बर्बाद होती नजर आ रही है। ऐसे में किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। अनंतपुर गांव के रहने वाले छोटे लाल ने बताया कि लगभग 200 से 250 सौ बीघे से ज्यादा फसल बर्बाद हो रही है। सिंचाई विभाग की लापरवाही की वजह से हम लोग भूखों मरने के कगार पर हैं। हम लोग किसी तरह से खेतों से पानी निकालने में जुटे हैं लेकिन कहीं उचित मार्ग न होने की वजह से हम लोगों के खेतों से पानी नहीं निकल रहा है और खेती बर्बाद हो रही है।

क्षेत्र में कुछ ऐसी भी नहरें हैं जिनमें अभी तक पानी पहुंचा ही नहीं। तो वहीं कुछ ऐसी नहरें हैं जिनमें ओवरफ्लो की समस्या है। लेकिन सिंचाई विभाग पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है और किसानों को बर्बाद करने पर तुला हुआ है। इस मामले में पीड़ित किसानों ने दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



गोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** युवा शक्ति के साथ सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक जगत को अपने जीवन के मात्र 39 वर्षों में झकझोर कर एक नई दिशा देने वाले महान विचारक व युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नेहरू युवा केन्द्र आजमगढ़ के तत्वावधान में विकास खंड अतरौलिया के मदियापार स्थित स्ट्रगल कोचिंग इंस्टीट्यूट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य विवकानंद पाण्डेय उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन कोचिंग के प्रबंधक व युवा मंडल के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने किया। इस दौरान युवा मंडलों से जुड़े ओमेंद्र कुमार, रामजी मौर्य, विशाल राव आदि लोग उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों में बांटे गये कम्बल



महिला को कम्बल देते पूर्व प्रधान योगेश सिंह

**लालगंज (आजमगढ़)।** शीत लहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मसीरपुर के पूर्व प्रधान योगेश सिंह ने 100 गरीबों को कंबल वितरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के पूर्व क्षेत्रीय संयोजक एवं पूर्व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि शीत लहर के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए पूर्व प्रधान योगेश सिंह ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित करके सराहनीय कार्य किया। गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। सेवा को समर्पित योगेश सिंह की जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम है। भाजपा नेता वह प्रधान योगेश सिंह ने कहा कि मैं प्रत्येक वर्ष गरीबों की मदद करता हूं। गरीबों की सेवा करने में मुझे असीम सुख का अनुभव होता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान योगेश सिंह, संतोष यादव, दुर्गेश सिंह, प्रधान शीला सरोज,गुड्डू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। सरायमीर प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत सरायमीर के पठान टोला मोहल्ले में नफीस अहमद अपने आवास पर जरूरतमंदों में बांटे कंबल। इस दौरान मोहल्ला गढ़वा, खुदकास्ता, सेराजी का पूरा, नईबाजार, तलिया, पूनापोखर, पठान टोला, पूराना थाना सहित अन्य मोहल्लो से आए जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को लगभग 500 कम्बल का वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीब असहाय लोगों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिली।

### दबंग ने दी गोली मारने की धमकी

**संजरपुर (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के एक गाव की रहने वाली लड़की से बात न कर पाने के कारण एक दबंग व्यक्ति द्वारा उसके घर पर चढ़कर मोबाइल फोन पर गोली मार देने की धमकी दिया है निजामाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की के घर पर लगभग 15 दिनों से फोन करके घरवालों को परेशान करने वाला व्यक्ति उसके भाई से कहा कि यदि मुझसे मिलने की इजाजत नहीं दी गई तो घर पर चढ़कर गोली मार दूंगा इस संबंध में पीड़ित ने निजामाबाद थाने में मोबाइल नंबर के साथ प्रार्थना पत्र दिया है और बातचीत का ऑडियो रिकॉर्डिंग भी दिया। इस संबंध में निजामाबाद थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपी को ढूंढ निकालकर जेल भेजा जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण

**आजमगढ़।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाईन्स में परेड का निरीक्षण किया गया, परेड में पुलिस लाईन्स तथा पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त आरक्षी, मुख्यआरक्षी, उपनिरीक्षक व निरीक्षकों द्वारा भाग लिया गया। क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन्स के साथ अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### नगर में अलाव न जलाये जाने का लगाया आरोप

**माहुल (आजमगढ़)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के माहुल मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने नगर के विभिन्न वार्डो में नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अलाव न जलवाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में शुक्रवार को उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अधिशासी अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की है। जिलाधिकारी को सौपे शिकायती पत्र में अभिषेक गुप्ता ने माहुल नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य पर आरोप लगाते हुए यह कहा कि कड़ाके की ठंड में नगर पंचायत मात्र दो तीन जगहों पर अलाव जलवा रहा। जिसके कारण लोग ठंड से बचाव हेतु लकड़ियां खरीद कर अलाव जला रहे है। उन्होने आरोप लगाया कि वे व्यक्ति विशेष के कहने पर अलाव जलवा रहे हैं और पार्टी बन कर शासन की मंशा और पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में अलाव जलवाने के साथ ही साथ अधिशासी अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की है।

### फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी का पैतृक गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत

**फूलपुर (आजमगढ़)।** फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी शुक्रवार को अपने पैतृक गांव मेजवां पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने शबाना आजमी को फूल मालाओं से लाद दिया। फतेह मंजिल में महिलाओ ने उनकी आरती उतारी। मिजवां सोसायटी से जुड़े लोगों ने कमाने वाला खायेगा लूटने वाला जाएगा ने नारे लगाए जिससे फतेह मंजिल गूंज उठा। शाबाना आजमी बाबतपुर से बोर्ड मेम्बर विकास यादव के साथ सड़क मार्ग से फतेह मंजिल पहुची। उनके मेजवां पहुचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कैफी आजमी चिकनकनरी की इंचार्ज संयोगिता और उनकी सहयोगी महिलाओ ने शबाना आजमी की आरती उतारी। शबाना ने फतेह मंजिल परिसर में स्थापित अपने पिता उर्दू के मशहूर शायर कैफी आजमी और दादा फतेह हुसैन की मूर्ति पर माल्यांपर्ण किया। इस दौरान वे भाऊक हो गई। इस मौके पर अंशुमान जायसवाल, मनोज प्रजापति, गोपाल, राजेश यादव, रामफेर, सीताराम, सुनीता, जुगुनतारा, जयराम, नैयर रजा, संतोष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### भारत की आध्यात्मिकता को प्रचारित करने में स्वामी जी का बड़ा योगदानः डा. प्रशान्त

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आर्यमगढ़ गोरक्षप्रान्त के कार्यकताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर पूरे जिले में सभी नगर इकाइयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डा. प्रशांत राय ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संगठन के कार्यकताओं की बैठक पिछले 2 जनवरी से 10 जनवरी तक सभी नगर इकाईयों में हुई थी। सभी कार्यकताओं ने अपने अपने नगरों में धूमधाम से विवेकानंद की जयंती मनाया। पूर्व प्रान्त उपाध्यक्ष मंजुला सिंह ने बताया कि कार्यक्रम स्वरूप में संगोष्ठी, पुष्पांजलि, दीपदान, खेल गतिविधि, छात्र संवाद, प्रतियोगिता रहा। प्रान्त प्रवासी मारुति नंदन ने बताया कि स्वामी जी हमेशा युवाओं के भविष्य के विषय पर चिंता करते थे उनको शारिरिक, मानसिक, समाजिक मजबूत करने हेतु हमेशा उन्होंने प्रयास किया। भारत के आध्यात्मिकता को प्रचारित करने स्वामी जी का बड़ा योगदान रहा हैं। इस दौरान जिला प्रमुख आर्यमगढ़ जगदम्बा सिंह एवं लालगंज जिला प्रमुख डा. अजित प्रसाद राय ने संयुक्त रूप से स्वामी जी के जीवन सर प्रेरणा लेने की अपील किये। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय, शहादुज अली, रामजन्म कुमार, जितेंद्र प्रजापति, अजय मौर्य, कृपामणि, शिखा, आँचल, असमेत अन्य मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने विद्युत सब स्टेशन पर किया प्रदर्शन

**संजरपुर (आजमगढ़)।** क्षेत्र के राजापुर सिकरौर गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को विद्युत सबस्टेशन बस्ती सरायमीर पर प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहले बिजली का नंगा तार लगा था तो ठीक चलता था जब से तार हटाकर पीवीसी केबल लगा दिया गया है तब से आए दिन ओवरलोड के चलते केवल भ्रष्ट हो जा रही है हर सप्ताह केवल भ्रष्ट हो जा रही है कितने लोग जलने से बाल-बाल बच चुके हैं किसी के भी घर पर या छत पर केबल धू धू कर जल कर कट कर गिर जा रही है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि खराब लाइन बनवाने के लिए गांव में पर घर 200 चंदा लगाया जाता है तब लाइनमैन को दिया जाता है इसके बाद ही लाइन सही हो पाती है ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए जेई आशुतोष गुप्ता ने कहा कि गांव की लाइन चालू करवा देता हूं सोमवार तक इसका निराकरण कराया जाएगा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, एक गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर शुक्रवार को सायं हाजीपुर पेट्रोल पम्प के पास आटो में पीछे से ट्रैक्टर के टक्कर मारने से आटो पलट गई। जिससे आटो चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तथा एक गंभीर रुप से घायल हो गया।

जिसे स्थानीय चिकित्सक ने ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया। अदलहाट थाना क्षेत्र के गरौड़ी ग्राम निवासी 44 वर्षीय सईद अख्तर पुत्र अजीजुल्ला आटो चालक सवारी लेकर अहरौरा की ओर से अदलहाट आ रहा था। हाजीपुर ग्राम के पास एक यात्री द्वारा रूकने का इशारा करने पर आटो चालक एकाएक बाएं तरफ मोड़ लिया। इसी दौरान पीछे आ रही ट्रैक्टर ने आटो में टक्कर मार दिया। जिससे आटो पलट गई और चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। आटो पर सवार अदलहाट थाना क्षेत्र के मानिकपुर (भुइली) ग्राम निवासी 45 वर्षीय कृष्ण लाल पुत्र सिया राम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आटो को सीधा कराने के बाद घायल को स्थानीय निजी चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सक ने ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

### बिजली करंट की चपेट में आने से दो बच्चे अचेत

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव में बाथरूम में स्नान कर रहे बालक व बालिका इनवर्टर के करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी राधेश्याम करवल की 10 वर्षीय पुत्री महिमा अपने मामा के लड़के 7 वर्षीय आदेश के साथ शुक्रवार को बाथरूम में नहाने गई थी।कि बाथरूम में लगाए गए इनवर्टर के करंट के चपेट में आ गए। जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। काफी देर तक जब दोनो बच्चे बाथरूम से बाहर नहीं निकले, तो परिजन बाथरूम का दरवाजा खटखटाने लगे। परंतु बाथरूम के अंदर से कोई आवाज नहीं आई। जिससे परिजन आनन-फानन में बाथरूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो दोनों बच्चे बेहोशी की हाल में जमीन पर पड़े मिले। जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर बताया है।

## बिजली विभाग की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**चील्ह।** विद्युत विभाग पुरजागिर पावर हाउस द्वारा लगातार सघन विद्युत चेकिंग का अभियान जारी है। एक्शन में अवर अभियंता और एसडीओ काम कर रहे है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तिलठी में विद्युत विभाग की टीम एसडीओ उमेश चंद्र और अवर अभियंता टंकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को बृहद चेकिंग अभियान मय फोर्स के साथ चलाया गया। इस दौरान 15 बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया, जबकि मौके पर 40 हजार की वसूली उपभोक्ताओं से किया गया। 3 लोगों पर 138 बी के तहत एफ आई आर दर्ज कराया गया। इसके अतिरिक्त दो और लोगों पर विद्युत चोरी का मुकदमा धारा 135 के तहत दर्ज किया गया। जो लोग चोरी से विद्युत जला रहे थे, अवर अभियंता टंकेश मिश्रा ने कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा। जैसे यह जानकारी आस-पास के गांव में हुई। ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

## स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार पिता-पुत्र को रौंदा

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरकछ साधन सहकारी समिति के पास स्कॉर्पियो एवं साइकिल सवार पिता-पुत्र में टक्कर होने से पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार को नया गांव निवासी राम सजीवन अपने पुत्र लव कुश को साईकिल पर बैठा कर महुलार कोटे की दुकान पर खाद्यान्न लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही साधन सहकारी समिति बरकछ के सामने पहुंचा की विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो ने धक्का मार दिया। धक्का लगते ही पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस घायल पिता पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

### घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**जिगना।** बिंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा चौकी अंतर्गत विजयपुर पहाड़ी पर गैपुरा लालगंज मार्ग पर गुरुवार की देर शाम पिकप की टक्कर में घायल महुवाडाड़ निवासी झल्लू 40 पुत्र स्व गोवर्धन की बीती रात 11 बजे मंडलीय अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह गैपुरा से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पिकप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे पीएचसी सरोंई में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात उसने दम तोड़ दिया। चौकी प्रभारी रविकांत मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## संक्षेप

### बच्चों की शिक्षा एवं आकस्मिक चिकित्सा से लोग हो रहे वंचित



**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र अन्तर्गत किसान इंटर कॉलेज के सामने राजगढ़ धनसरियां मार्ग से सेमरा बरहो वाया मधुपुर मार्ग पर बने रेलवे अंडर ब्रिज के अंदर पानी भर गया है। लगातार नहर का पानी पुल के अंदर आ रहा है। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है वहीं स्कूली छात्र छात्राओं का आवागमन होता है। लेकिन नहर का पानी भरने से रेलवे अंडरपास तालाब की तरह भरा हुआ है जिसमें छोटी बड़ी गाड़ियों के डूबने का खतरा बना हुआ है तथा बड़ी दुर्घटना का कारण बना हुआ है जिसके चलते पूरा रास्ता अवरुद्ध हो गया है। जबकि रेलवे प्रशासन की ओर से न तो कोई रास्ता रोकने के लिए बोर्ड लगा है और ना ही कोई इसकी जानकारी दे रहा है। किसान का धान लेकर जा रहा पिकअप पिछले 2 घंटों से पानी में फंसा हुआ है। सैकड़ों मोटरसाइकिल चालक पानी में आकर फंस जा रहे हैं। इतना पानी भरा हुआ है कि पैदल भी जाना मुश्किल है। परंतु स्थानीय लोगों के साथ साथ राजनैतिक लोग भी मूकदर्शक बने हुए हैं। ऐसे में दर्जनों गांवों के लोगों ने रेलवे विभाग के अधिकारियों से तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था कर राहगीरों के लिए आम रास्ते को तत्काल चालू कराने की मांग किया है।

### बैकुंठपुर में बीडीओ ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओ को जाना

**अदलहाट।** बैकुंठपुर स्थित शिव मंदिर परिसर के पास विडियो ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्यायों को सुना और उस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। उपस्थित ग्रामीणों ने नये राशनकार्ड में नाम दर्ज करने, वृध्दा पेंशन, आवास, बैकुंठपुर में बिजली केबल, बाजार में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, वर्मा हास्पीटल से सब्जी मंडी तक पक्की नाली निर्माण कार्य, आम जन मानस के लिए सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य,फाटक पार मार्कंडेय साहनी के घर से मल्लु राम के घर तक पक्की नाली का निर्माण कार्य, गरीबों को जमीन का पट्टा, नरायनपुर में फाटक पार रास्ते में पानी भर जाने से आवागमन के सम्बन्ध में विडियो को ज्ञापन दिया। रेलवे अंडरपास में भरे पानी से दर्जनों गांव का आवागमन प्रभावित।

### सरकारी सबमर्सिबल का बिजली कनेक्शन काटने से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा कला गाँव में शुक्रवार को लाव लश्कर के साथ पहुँचा बिजली विभाग ने कटिया चेकिंग अभियान के तहत गाँव मे सार्वजनिक पेयजल स्थल का बिजली कनेक्शन काट दिया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है की मुफ्त कनेक्शन के नाम पर पहले तो लाल कार्ड पर मुफ्त बिजली कनेक्शन का लालच देकर गरीबों का कनेक्शन कर दिया गया। अब बिजली बिल वसूली के नाम पर गाँव के गरीबों का शोषण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की घरों का कनेक्शन काट दिये हम लोग शांत रहे। गाँव में दो से तीन बोर समर्सेबल ऐसे है जहाँ से पुरा गाँव पानी पिता है। बिजली विभाग अपनी मनमानी करते हुए सार्वजनिक पेयजल स्थल का भी कनेक्शन काट दिया । सभी ग्रामीण पानी की किल्लत को देखते हुए विभाग के सामने गिड़गिड़ाते रहे किन्तु विभाग ने एक नही सुना । पेयजल समर्सेबल का केबल काटते ही ग्रामीण उग्र हो गये। ग्रामीणों को इकट्ठा होते देख बिजली विभाग वहाँ से भाग खड़ा हुआ । जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पटेहरा से मिजार्पुर जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया । सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया गया जिसके बाद आवागमन शुरू कराया गया।

### कांग्रेस ने नियुक्त किया दो ब्लॉक अध्यक्ष

**मीरजापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने 3 कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है जिसमें लालगंज ब्लाक का कार्यकारी अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय जमालपुर ब्लाक शशी पटेल, राजगढ़ ब्लाक गोविंद भारती को कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी गई। बधाई देने में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, पूर्व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन दीपचंद जैन, जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे, मीडिया प्रभारी छोटे खान, गुलाब चंद पांडेय, शशि भूषण दुबे, राज धर दुबे, अमिताभ पांडेय, कंचन पांडेय, कैलाश नाथ उपाध्याय, कमलेश दुबे, अशोक धरकार, अनुज दुबे, मोनू पटेल, प्रियंका जैन, जनार्दन पाठक, अर्चना चौबे, द्वारका पाल, राजू भारती सत्येंद्र जायसवाल आदि लोगों ने बधाई दी।

### विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**हलिया।** क्षेत्र के मड़वां धनावल गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ व रामकथा के समापन के बाद शुक्रवार को ग्रामीणों तथा क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नौ दिन तक चले श्रीराम महायज्ञ पूजा व राम कथा से भक्तिमयी वातावरण बना रहा। शुक्रवार को दिनभर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रीराम महायज्ञ व रामकथा के संयोजक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने श्रीराम महायज्ञ व रामकथा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व सहयोग करने के लिए क्षेत्रीय लोगों का आभार जताया। ग्राम प्रधान रमेश सिंह, प्रतीक सिंह, शिव दत्त दूबे, दामोदर सिंह, सत्येन्द्र दूबे, घनश्याम श्रीवास्तव, देवेन्द्र शुक्ल, प्रमोद मिश्र, पुष्पेन्द्र शुक्ल, द्वारा भंडारे में विशेष योगदान दिया।

### युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** कटरा पुलिस द्वारा युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने व घर में घुसकर धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक जनवरी को क्षेत्र की निवासिनी एक महिला द्वारा अपनी बहन की आपत्तिजनक वीडियो वनाकर वायरल करने व घर में घुसकर धमकी देने के सम्बन्ध में नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी इमरान फारूखी को शुक्रवार को हथिया फाटक के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### शरद यादव के निधन पर जताया शोक

**जमालपुर।** क्षेत्र के बहुआर गांव स्थिति रबिंद्रालय में गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं ने प्रखर वक्ता एवं सात बार रहे लोक सभा सदस्य शरद यादव के निधन पर समाजवादी पार्टी चुनार द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रविप्रकाश त्रिपाठी, राणा प्रताप सिंह, वीरेन्द्र यादव, जंगबहादुर सिंह, हरिवंश सिंह, विजय सिंह, अशोक सिंह, मोहित यादव, बुल्लू यादव, रमाकांत चौबे, राजेश बियार, अवधेश सहित तमाम लोगों ने दुख व्यक्त किया।

### 15 जनवरी को होगा कम्बल का वितरण

**जमालपुर।** क्षेत्र के गोरखी गांव में नवनिर्मित सचिवालय का लोकार्पण एवं गरीब असहायों को कम्बल वितरण 15 जनवरी दिन रविवार को सदस्य राज्य सभा व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा की दर्शना सिंह करेगी। उक्त आशय की जानकारी ग्राम प्रधान वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने दिया है।

## चोरों ने चटकाया पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के घर का ताला



चोरी के बाद बिखरा सामान

**मीरजापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रमई पट्टी मोहल्ले में गुरुवार की बीती रात में चोरों ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया।

जब मेन गेट का ताला पड़ोसियों ने टूटा देखा तो इसकी जानकारी अध्यक्ष के परिजनों को दी। अध्यक्ष के परिजनों को चोरी के सूचना की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। बताया जाता है कि परिवार के सभी लोग घर से बाहर गए थे। घटना के समय परिवार का कोई भी सदस्य घर में मौजूद नहीं था। पड़ोसियों की मानें तो चोरों ने 10 से 12 लाख रुपए के सामान पर हाथ साफ किया है। जैसे ही घटना की जानकारी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जीडी बिनानी अभिषेक कुशवाहा को हुई तो उन्होंने घटना की जानकारी शहर कोतवाली पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल अरविंद मिश्रा ने मामले की छानबीन कर जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन परिजनों को दिया।

मौके पर पहुंची शहर कोतवाल ने मोहल्ले के ही एक युवक को उठाकर मामले की छानबीन कर रहे हैं। शहर क्षेत्र में आजकल चोरियों की संख्या में इजाफा हुआ है। देर रात तक गश्त करने वाली पुलिस चोरों तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है, यह जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**लिया हाल**

**किसान केडिट कार्ड को आधार से लिंक कराने का दिया निर्देश**

**उर्वरकों की बिक्री में लायें पारदर्शिता, अधिक दाम पर बेचने की शिकायत पर होगी कार्रवाई : मण्डलायुक्त**

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने आयुक्त कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों की सेक्टरवार समीक्षा कर विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति लाते हुये पारदर्शिता बरतने का दिया निर्देश। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा संयुक्त निदेशक कृषि को निर्देशित करते हुये कहा कि किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के दृष्टिगत उन्हें दी जाने वाली बीज संयत्र, उरवरक व अन्य देय सुविधाओं में पूरी पादर्शिता अपनाते हुये मुहैया कराया जाय।

धान खरीद के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि मण्डल के जनपदवार धान का उत्पादन कितना है तथा अब तक खरीद प्रगति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट आगामी 16 जनवरी की बैठक में रखा जाय। उरवर्का की उलब्धतता के बारे में बताया गया कि वर्तमान में यूरिया की मांग अधिक है परन्तु मण्डल के तीनों जनपदों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध हैं। मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशि करते हुये कहा कि सहकारिता विभाग केन्द्रो एवं प्राइवेट दुकानों पर कृषि विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उरवरकों की बिक्री निर्धारित मूल्य पर ही किया जाय।

यदि कही पर अधिक मूल्य पर खाद बेचने की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित केन्द्र एवं जिला कृषि अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने क्रेडिट कार्ड बनाये जाने की प्रगति समीक्षा के दौरान कहा कि केडिट कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किया जाय ताकि सही व्यक्ति केडिट कार्ड की सुविधा ले सकें। निशुल्क सोलर सिचाई के सम्बन्ध में बताया गया कि फरवरी माह तक शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करा लिया जायेगा।

फसल बीमा योजना में किसानों के मुआवजे का समय से भुगतान न करने पर सम्बन्धित एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्राचार करें। बैठक में फसली ऋण वितरण, सहकारिता औद्यानिक मिशन के कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। औद्यानिक मिशन के अन्तर्गत जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्राप्त धनराशि के सापेक्ष मण्डल में शत प्रतिशत व्यय करा लिया गया हैं। भूमि संरक्षण कार्यो में भी प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। खाद्य एवं रसद विभाग के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि मण्डल के तीनों जनपदों में रिक्त राशन की दुकानों का नियमानुसार कार्यवाही करते हुये आवंटन सुनिश्चित करा लिया जाय। ऊर्जा विभाग में विद्युत वसूली, विद्युत बिलों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाना, त्रुटिपूर्ण बिलों में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में पंचायती राज विभाग के तहत सामुदायिक शौचायल, पंचायत भवन, श्रम विभाग में श्रमिकों के देय सुविधाओं में प्रगति तथा खादी ग्रामोद्योग विभाग में टूल किट वितरण आदि के प्रगति के बारे में समीक्षा की गयी। दुग्ध विकास के योजनाओं की समीक्षा के दौरान दुग्ध समितियों को क्रियाशील करने तथा पशुपालको से क्रय किये जाने वाले दूध का भुगतान समय से कराने का निर्देश दिया। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र, उपायुक्त श्रम पंकज राणा सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीएम ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने की अपेक्षित प्रगति न आने पर डीएम द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी /नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत को निर्देशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायतों के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर गोल्डन कार्ड बनाये जाने की प्रगति में सुधार लायें।

उन्होने कहा कि गोल्डन कार्ड की प्रगति जनपद की डी श्रेणी में आने पर जनपद की स्थिति खराब हो रही हैं। अतएव जनवरी माह के अन्त तक प्रगति न लाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा। आशाओं के मानदेय भुगतान को समय से कराने का निर्देश दिया गया। जननी सुरक्षा योजना में भी कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना दिये जनपद से बाहर एवं बैठक से अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण की मांग की गयी। आई.सी.डी.एस. की समीक्षा के दौरान निमार्णाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रों के प्रगति की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि जिन केन्द्रो पर छत स्तर तक कार्य पूर्ण हो गया है उसकी फिनिशिंग करते हुये तत्काल हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। सड़क निर्माण एवं चैड़ीकरण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि पॉच नये स्वीकृत सड़कों पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया हैं। डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि सड़को के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाय। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के द्वारा बताया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष चार सड़को को पूर्ण करा लिया गया हैं 18 सड़को पर द्वितीय किश्त प्राप्त हो गयी है जिस पर कार्य प्रगति पर हैं। अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि कुछ सड़को पर वन विभाग एवं एक सड़क पर स्थानीय लोगो का विवाद है जिस पर डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व वन विभाग सम्पर्क स्थापित करते हुये समस्या का निदान कराते हुये कार्य प्रारम्भ किया जाय।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा उप डीएमसदर से वार्ता कर समस्या निदान कराने का निर्देश दिया। फसल बीमा के सम्बन्ध में उप निदेशक कृषि एवं सम्बन्धित बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि को कड़े निर्देश देते हुये कहा गया कि किसानों के फसलों के नुकसान का मुआवजा देते हुये साप्ताहिक रूप से प्रगति से अवगत कराया जाय। बैठक के दौरान डीएम द्वारा जिला गंगा समिति की भी बैठक की गयी। जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा गंगा आरती, गंगा किनारे प्राकृतिक खेती, घाटों का विकास, गंगा किनारे सामाजिक वनीकरण, गंगा के किनारे पार्को का निर्माण सौन्दर्यीकरण आदि कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया गया।

### पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कराने को लेकर दी तहरीर

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के लहंगपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े विभिन्न गांवो में बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी कर रहे 5 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को बिजली विभाग के एसडीओ सुमित यादव के नेतृत्व में लहंगपुर क्षेत्र के पगार, चिंताग, मड़वा नेवादा आदि गांवों में बिजली विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में 12 लोगो का कनेक्शन काटने के साथ 5 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराया गया। विद्युत विभाग के एसडीओ सुमित यादव, अवर अभियंता रामकेश पटेल, सर्वेश दुबे की टीम ने 12 बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काटते हुए 5 लोगों विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। एसडीओ ने कहा जिन विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है। बिना विद्युत बिल जमा किए बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गए तो उनके खिलाफ एफआइआर की कार्रवाई की जायेगी। चेकिंग टीम में एस डी ओ सुमित यादव, जेई रामकेश पटेल, सर्वेश दुबे, लाइनमैन गुड्डू, अक्षैवर, महेंद्र, व राकेश विश्वकर्मा मौजूद रहे ।

## दो आरोपी गिरफ्तार दो अपहृता बरामद

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** मड़िहान पुलिस द्वारा युवती को बहला फुसलाकर भगाने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपहता को बरामद किया। थाना मड़िहान पर 10 जनवरी को थाना मड़िहान क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा आरोपी के विरूद्ध बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी।

जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर धारा 363 ,366,504,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। शुक्रवार को उ.नि. सुरेश यादव व म.आ. अंजली यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहता को बरामद करते हुए नामजद आरोपी कमलेश मुसहर पुत्र सुरजभान निवासी गोपलपुर तनुईया थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं दूसरी ओर थाना राजगढ़, मीरजापुर पर पांच जनवरी को थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर धारा 363,366 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

शुक्रवार को उ.नि. शिवानन्द राय व म.आ. ललिता यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहता को बरामद करते हुए नामजद आरोपी सिन्टू पुत्र खटाई लाल सोनकर निवासी ददरा थाना राजगढ़ को गिरफ्तार करके जेल भेजा दिया।

**सफलता**

**मड़िहान व राजगढ़ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार**

# चैन से सोइये, क्योंकि हम आपकी सेवा में जाग रहे है ?

## जनसंदेश टाइम्स की टीम ने रात्रि में की पड़ताल, चुस्त दिखी पुलिस की व्यवस्था

मुकेश पाडेंय

**मीरजापुर।** जब आपके जिले का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस हो। रात के 12 बज रहे हो और शीतलहर के साथ कोहरे का जबरदस्त प्रकोप हो, तब आप कमरें में रूम हीटर लगाकर रजाई में सो रहे होते है। बॉर्डर पर सुरक्षा करने वाले सेना के जवान की तारीफ सभी करते है, लेकिन आपके अपने शहर में सड़कों पर तैनात रहने वाले जवान जो मुस्तैदी के साथ आपकी सुरक्षा करते है।

उनकी तारीफ कोई नही करता है। जिले में इन दिनों भयंकर ठंड पड़ रही है। रात्रि में तापमान पांच डिग्री तक चला जाता है। पांच डिग्री सेल्सियस तापमान हो जाने के बाद भी पुलिस का जवान मुस्तैदी के साथ आपकी सेवा में तत्पर रहा है। शहर में जनसन्देश टाइम्स की टीम ने रात्रि पड़ताल किया, जहां पर भीषण ठंड में भी पुलिस के जवान गस्त करते हुए नजर आए। कहीं पैदल तो कहीं पर बाइक से, कहीं पर सिटी बजाकर तो कहीं लाइट से पुलिस के जवान जनता की सेवा करते हुए नजर आए।

### 11 बजकर 13 मिनट पर गश्त करती दिखी पुलिस



जनसंदेश टाइम्स की टीम सबसे पहले सुरेखापुरम कालोनी में पहुंची। सुरेखापुरम कालोनी में पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ सिटी बजाकर टार्च के सहारे गलियों में भ्रमण करते हुए नजर आए। पुलिस के जवान से जब बातचीत किया गया तो उन्होंने बताया कि रात्रि के 11 बजे से 5 बजे तक इसी तरह गस्त करके चोरों और उच्चकों पर नजर रखा जाता है, ताकि कोई घटना ना होने पाए।

### 11 बजकर 50 मिनट पर ड्यूटी पर तैनात मिले जवान



कटरा कोतवाली के नटवां तिराहा पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए पुलिस के तीन जवान मुस्तैदी से मौजूद रहे। अलाव के सहारे जवान रात्रि में ठंड के बीच में खड़ा होकर वाहनों के आवागमन सुचारु रूप से बनाये रखा, इसके साथ ही संदेह पर होने पर लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस के जवान ने बताया कि इस पुल से वाहन न जाए, इसके साथ ही जाम की समस्या न हो हम लोगों यहां ड्यूटी देते रहते है।

### 11 बजकर 56 मिनट पर इमामबाड़ा में भ्रमण करते दिखे सिपाही



कटरा क्षेत्र के इमामबाड़ा में रात्रि के 12 बजकर 13 मिनट पर पुलिस के दो जवान हाथ में लाठी लेकर सिटी व टार्च के साथ गस्त करते दिखे। इस दौरान गलियों में जाकर भी गस्त किया, वहीं गली में खड़े लोगों से पूछताछ भी की।

### होमगार्ड नही, इन्हें भी समझिये जवान

पुलिस के जवान के साथ होमगार्ड की भी सराहना की जानी चाहिये, जिन्हें जिस चीज की ड्यूटी मिलती है वो शिद्दत से निभाते है। शायद यही वजह है कि होमगार्ड के जवान रात्रि के 12 बजकर 26 मिनट पर रोडवेज तिराहा पर बिना अलाव के सहारे ड्यूटी करते नजर आए। होमगार्ड के जवान से बातचीत किया गया तो उन्होंने बताया कि हम लोग तिराहे पर ड्यूटी देते है, जहां पर आने जाने वाले लोगों से पुछताछ करते है। कई बार यात्री भी भटक जाते है, जिन्हें रोडवेज रेन बसेरा में रुकने को लेकर सलाह दिया जाता है। परिवार के लोगों की चिंता के सवाल पर कहा कि घर के लोग बड़े चिंतित रहते है, लेकिन यह हमारी ड्यूटी है और इसे करना हमारा फर्ज है। दो दिन से अलाव नही जल रहा है, उसके बावूजद भी हम ड्यूटी कर रहे है।

### 12 बजकर तीन मिनट पर त्रिमोहानी में मिले शहर कोतवाल



शहर के सबसे व्यस्त इलाके में पुलिस के दो जवान अलाव के सहारे ड्यूटी में तैनात रहे। इसी बीच शहर कोतवाली प्रभारी अरविंद मिश्रा भी सायरन बजाते हुए पहुंचे, शहर कोतवाली प्रभारी ने मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि गलियों में भ्रमण करते रहे। आते जाते वक्त कोई संदिग्ध दिखाई दे तो उससे पूछताछ करें। पुलिस की सायरन अपराधियों के कान में जाते ही नौ दो ग्यारह हो जाते है।

### हिंदू युवा वाहिनी ने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

**मीरजापुर।** बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर के नालंदा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में रामचरित मानस पर दिए बयान से आक्रोशित हिन्दु युवा वाहिनी ने फूंका पुतला। श्रीरामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बताने के खिलाफ भड़के हिन्दु युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने मंत्री को बर्खास्त किए जाने की मांग की। शिक्षा मंत्री के बयान से नाराज कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। कहा कि प्रोफेसर चंद्रशेखर को बिहार सरकार मंत्री पद से बर्खास्त किया जाय। बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर सिंह नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करने गए थे। उस वक्त श्री रामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बताने के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने इसे मानसिक विकृति बताया। कहा की प्रोफेसर चंद्रशेखर के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं होती है, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर अभिषेक केसरी बजरंगी, सुनील सिंह, पवन मालवीय, अंशु साहू, विजय गुप्ता, हर्ष रावत, हेमन्त सिंह, शरद कुमार एवं विवेक सिंह राजपूत सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# नीलू हत्याकांड में पति को 10 वर्ष की कैद, 45 हजार जुर्माना

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए नीलू शर्मा हत्याकांड के मामले में दोषसिद्ध पाकर दोषी पति तरुणेंद्र शर्मा को 10 वर्ष की कैद एवं 45 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं साक्ष्य के अभाव में आरोपी सास, ससुर, देवर व ननद को दोषमुक्त करार दिया। अर्थदंड में से 30 हजार रुपये मृतका के पिता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाने में 22 फरवरी 2014 को दी तहरीर में ओबरा कालोनी निवासी विजय शर्मा पुत्र गुना शर्मा ने अवगत कराया था कि उसने अपनी बेटी नीलू शर्मा की शादी वर्ष 2012 में मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला अंतर्गत थाना बैढ़न के डिग्घी निवासी तरुणेंद्र शर्मा पुत्र लालबहादुर शर्मा के साथ हिंदु रीति रिवाज से किया था। बेटी विदा होकर ससुराल गई तो वहां पर पति तरुणेंद्र शर्मा द्वारा दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। जानकारी होने पर कई बार सुलह समझौता कराया गया।

दो-तीन माह पूर्व दहेज में मोटरसाइकिल, फ्रिज व दो लाख रुपये नकद की मांग को लेकर बेटी को पति, सास, ससुर, देवर व ननद द्वारा मारापीटा गया था। इसी बीच 16 फरवरी 2014 को रात्रि सूचना मिली कि बेटी नीलू ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब जाकर देखा तो बेटी पेड़ में लटकी हुई थी। उसे पूर्ण विश्वास है कि दहेज के लिए बेटी को मारकर पेड़ में लटका दिया गया है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना कर चार्जसीट दाखिल कर दिया।मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने बहस की।

**आदेश**

**आरोपी सास, ससुर, देवर व ननद साक्ष्य के अभाव में बरी**

## महेंद्र हत्याकांड में पांच दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** साढ़े 17 वर्ष पूर्व हुए चालक महेंद्र हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर पांच दोषियों रंजन सिंह, शिवकुमार सिंह, मुन्ना यादव उर्फ विजय शंकर, शत्रुघ्न यादव व वृजेश यादव को 3-3 वर्ष की कैद एवं प्रत्येक को 6-6 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनपरा थाने में 17 मई 2005 को दी तहरीर में राजस्थान प्रांत के जिला झुंझुन अंतर्गत थाना चिड़ावा के पदमपुरा गांव निवासी नवरंगलाल पुत्र गयनारायन हालपता रेनुसागर थाना अनपरा ने अवगत कराया था कि वह रेनुसागर कंपनी में कार्यरत है। उसने दो माह पूर्व एक बोलेरो खरीदा था जिसे अनपरा बाजार निवासी महेंद्र प्रसाद पुत्र डॉक्टर प्रसाद को चलाने के लिए चालक रखा था। 19 अप्रैल 2005 को रंजन सिंह पुत्र सभाजीत सिंह, शिवकुमार सिंह पुत्र रामनाथ सिंह, मुन्ना यादव पुत्र राजेंद्र यादव, शत्रुघ्न यादव पुत्र बैजनाथ यादव व वृजेश यादव पुत्र बनारसी समस्त निवासीगण रेनुसागर कालोनी थाना अनपरा जिला सोनभद्र उसके चालक महेंद्र प्रसाद को बहलाकर उसे बोलेरो के साथ शाम 8 बजे चालक का अपहरण कर हत्या करने की नीयत से उसे वाराणसी ले गए। उसने गाड़ी व चालक का 2-3 दिन तक इंतजार किया, लेकिन पता नहीं चला। जब गाड़ी व चालक का पता लगाने लगे तभी देखा कि जो लोग वाराणसी लेकर गए थे वे चोरी छिपे रेनुसागर में ही रह रहे हैं। तब पूर्ण विश्वास हो गया कि इनलोगों ने चालक की हत्या करके लाश को कहीं छुपा दिए हैं। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

### बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला का समापन

**बीजपुर।** नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद में बालिकाओं हेतु 5 से 12 जनवरी तक चले बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का समापन गुरुवार को एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित इंद्रधनुष प्रेक्षागृह में अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल कृष्णा चट्टोपाध्याय के उपस्थिती में हुआ। कार्यशाला के समापन समारोह का शुभारंभ अध्यक्षा के अलावा पंकज मेदिरत्ता सभी महाप्रबंधकगण, डीसी सीआईएसएफ एवं वर्तिका महिला मंडल की सदस्याओं, प्रधानों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलित एवं एनटीपीसी गीत गाकर किया। चट्टोपाध्याय ने कहा कि शीतकालीन कार्यशाला बालिकाओं को दोबारा से नयी चीजें सीखने का अवसर प्रदान कर रहा है, जो कि उनके बेहतर भविष्य के लिए है। कार्यक्रमों से इन बच्चियों के जीवन में बदलाव आयेगा। महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण पंकज मेदिरत्ता ने कहा कि बच्चियां कल का भविष्य हैं और उपस्थित अभिभावकों से अनुरोध किया कि इन्हे आगे बढ़ने का अवसर दें। संचालन एवं संयोजन कार्यपालक नैगम सामाजिक दायित्व मोक्षदा जोगी ने किया।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों ने उड़ाया पतंग



पतंग उड़ाकर विरोध जताते कर्मी

**सोनभद्र।** पुरानी पेंशन बहाली हेतु पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने शुक्रवार को पतंग उड़ा कर पुरानी पेंशन बहाली हेतु सरकार से अपील किया। अध्यक्षता जिला मंत्री मानिकचंद ने की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए संघष जारी रहेगा। राजाराम दुबे व राकेश चौधरी ने कहा कि जो भी कार्यक्रम होगा हम लोग उसको पूरी मजबूती से करेंगे। अभिषेक मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढापे की लाठी है व हमारा सम्मान है। कार्यक्रम में सुनील यादव, राजेश गुप्ता, राजेश मिश्रा, देव आनंद पाठक, बृजेश श्रीवास्तव, भीम सिंह चौहान, सुनील तिवारी, उदयभान समेत तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अभियान चला दुद्धी बाजार से 6 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त


दुकान पर जांच करती टीम

दुद्धी। डीएम व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन के क्रम में थाना एएचटीयू, श्रम विभाग व जिला बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के होटल, ढाबों, ऑटो पार्ट्स गैराजों आदि जगहों पर बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाकर सघन चेकिंग की गयी। इस दौरान आधा दर्जन बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करवाकर नियोक्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए निरीक्षण नोट जारी किया गया एवं नाबालिग बालकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओआरडब्ल्यू शेषमणि ने आमजन से अपील किया कि बाल श्रम ना करायें। बाल मजदूरी बच्चों से स्कूल जाने का अधिकार छीन लेता है। बाल मजदूरी शिक्षा में बहुत बड़ी रुकावट है, जिससे बच्चों के स्कूल जाने में उनकी उपस्थिति और प्रदर्शन पर खराब प्रभाव पड़ता है। टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी राम कुमार, रोमी पाठक, रामजी यादव, हरिदत्त पाण्डे, धनंजय यादव शामिल रहे।

### बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें, 13 निस्तारित

**दुद्धी।** शासन के निर्देश पर सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले ग्राम समाधान दिवस में दुमहान व कादल ग्राम पंचायत में समाधान दिवस का आयोजन खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान आवास, पेंशन, सीसी रोड निर्माण अलावा राशन कार्ड संबंधी शिकायतें आयी। जिसमें कुछ मामलों का निस्तारण करते हुए अन्य मामलों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण के निर्देश संबंधितों को दिए गये। वहीं दुमहान में आयोजित चौपाल में कुल 18 मामले आये, जिसमें 8 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। कादल में 12 मामले आये, जिसमें 5 का निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत समर बहादुर, सीडीपीओ, एडीओ कॉपरेटिव, एडीओ समाज कल्याण, जेई, सचिव राघवेंद्र, एएनम, लेखपाल रेशमा, पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

### फांसी लगा अधेड़ ने की आत्महत्या

**म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा के हरिजन बस्ती में शुक्रवार को अर्जुन राम 45 पुत्र नौरंगी ने अपने घर के बड़ेर में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया। आस पास के लोगों के मुताबिक अर्जुन राम कुछ दिनों से आर्थिक रूप से काफी परेशान था और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

### ढाई किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने बबलू बाल्मिकि पुत्र सत्यपाल वाल्मिकि, विष्णु कुमार पुत्र श्यामदेव चन्द्रवंशी निवासीगण पूर्वी परासी, अनपरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.500 किग्रा गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरी की योजना बना रहे दो गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को पन्नूगंज पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे आदर्श मौर्या व दीपक कुमार मौर्या निवासीगण कसारी, पन्नूगंज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### शिवद्वार में 24 फरवरी से होगा विराट रुद्र महायज्ञ

सोनभद्र। गुप्तकाशी शिवद्वार मंदिर प्रांगण में 16 जनवरी को धर्म ध्वज पूजन होगा। यह पूजन सोनभद्र एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह करेंगे। भिखारी बाबा ने बताया कि भगवान भोले बाबा की अपार कृपा से शिवद्वार मंदिर प्रांगण में विराट रूद्र महायज्ञ 24 फरवरी से शुरू होकर 4 मार्च तक चलेगा।

### अखंड हरिकिर्तन का हुआ शुभारंभ

**चोपन।** नगर के हाईडिल कालोनी सब स्टेशन के समीप स्थित राजा लाखन बीर बाबा मंदिर परिसर में 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ शुक्रवार को वीर बाबा का विधि विधान से पूजन अर्चन कर वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ। ग्रामीणों व स्थानीय समाजसेवियों के सामूहिक सहयोग से हरीकीर्तन में दर्जनों महिला पुरुष कीर्तन मंडल के सदस्यों ने भाग लिया। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण हरे हरे तथा ढोलक झाल और करताल के बोल पर श्रद्धालु झूमते रहे। पुरोहित शारदा पाठक ने बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से लोगों के घरों में सुख, शांति, समृद्धि तथा भक्तों के मन को शांति के साथ घरों में खुशहाली आती है। वहीं पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया है। यहां हरिकीर्तन का आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है। हरिकिर्तन का समापन शनिवार को हवन, भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। इस मौके पर दयाशंकर, अमरनाथ चौधरी, बड़क गुप्ता, रमेश गुप्ता, विरजू राम, लोकनाथ केशरी, रामजी आदि मौजूद रहे।

## विधायक, ब्लॉक प्रमुख ने असहायों में बांटे कंबल, खिले चेहरे


महिला को कंबल देते विधायक व ब्लॉक प्रमुख

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के भलुही स्थित अधोराचार्य बाबा कीनाराम शोध संस्थान के तत्वाधान में सर्वेश्वरी समूह शाखा वाराणसी के सौजन्य से बाबा कीनाराम इंटरमीडिएट कॉलेज भलुही प्रांगण में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में गरीबों एव असहायों को 1000 कम्बल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामदुलार गोंड़ एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़ ने वृद्धों एवं असहायों को कम्बल वितरण किया। कम्बल पाकर वृद्धों एवं असहायों के चेहरों पर खुशी झलकने लगी। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि गरीबों एवं असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। सर्वेशरी समूह शाखा महिला मंडल की सदस्याएं एवं शाखा म्योरपुर के सदस्य इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। इस मौके पर किशुनदेव जायसवाल, मोहरलाल खरवार, दीपक सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, शेषनाथ तिवारी, जयंत प्रसाद, संगीता जायसवाल, गणेश जायसवाल, होरीलाल पासवान, संगीता सिंह, रूबी सिंह, सत्या सिंह, बबिता सिंह, सुनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

**अवसर**

**गरीबों एवं असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य**

### बिड़ला कार्बन ने सैकड़ों असहायों में बंटवाये कंबल


ग्रामीणों को कंबल वितरित करती कर्मी

**रेणुकूट।** नगर में स्थित निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन द्वारा भीषण ठंड में ग्रामीणों को राहत दिलाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर कई गांव में 1100 कंबल का वितरण किया गया। कंपनी के यूनिट हेड आर के रघुवंशी एवं मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में दुद्धी, म्योरपुर व चोपन विकासखंड क्षेत्र के रजनी, बड़वान, रानीताली, साउडीह, मालोघाट, हथवानी, पीपरडाड़, कोडरी, खरछनवा, जोगीडीह, लालीमाटी, सहजवा सहित कई गांव में 1100 वृद्ध, असहाय व बेहद जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान महिला मंडल की प्रमुख अंजली रघुवंशी ने कहा कि ठंड में कंपनी द्वारा प्रयास किया गया है कि क्षेत्र के अति पिछड़े गांवों में ग्रामीणों को राहत दिलाई जा सके। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी के सीएसआर विभाग द्वारा क्षेत्र के कई गांव में तमाम विकास कार्यक्रम कराए जाते हैं, ताकि इन गांव के ग्रामीण भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस मौके पर परिधि कोकाटे, अनूप मिश्रा, मांजरेकर पांडेय, निवेदिता मुखर्जी, एके चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को दिया गया छाता बनाने का किट



छाता किट वितरित करती महिला मंडल की अध्यक्ष गितिका सहगल व ट्रेनर विनिराज

**डाला।** राजश्री राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित महिलाओं को सशक्तिकरण हेतु अल्ट्राटेक सीमेंट इकाई प्रमुख राहुल सहगल के दिशा निर्देशन एवं मानव संसाधन विभाग प्रमुख पंकज पोद्दार के नेतृत्व में अल्ट्राटेक के सीएसआर विभाग द्वारा सीमेंट कम्पनी के प्रशिक्षण एवं प्रसंस्करण केन्द्र पर शुक्रवार को चार दिवसीय छाता बनाने के प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि महिला मंडल की अध्यक्षा गीतिका सहगल ने बताया कि महिलाएं प्रशिक्षण लेने के उपरांत अपना खुद का रोजगार कर सकती हैं, जिससे इनकम का एक माध्यम महिलाओं के लिए होगा और वह स्वयं दूसरों को भी छाता बनाने का प्रशिक्षण दे सकती हैं। वहीं जिन महिलाओं ने प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया था, उनको छाता बनाने का कीट का भी वितरण किया गया। केन्द्र में महिलाओं को केरला राज्य से आए ट्रेनर विनिराज व रजनीश द्वारा छाता बनाने का चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर रमेश चंद्र पाण्डेय, सृजन किशोर, दिनेश यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### सेल्फ डिफेंस का समापन बालिकाएं हुई सम्मानित

**डाला।** उपक्रम एजुकेशनल फाउंडेशन संस्था द्वारा बालिकाओं को अचलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय आत्मरक्षा सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम का समापन किया गया। मुख्य अतिथि फोर्थ डेन ब्लैक वेल के राष्ट्रीय रेफरी व प्रशिक्षक संतोष यादव रहे। संस्था की सह संस्थापक चंद्र किरण तिवारी ने बताया कि पांच दिवसीय आत्मरक्षा कार्यक्रम सोनभद्र ताइक्वांडो एसोसिएशन की मदद से सम्पन्न हो पाया है। कहा कि सेल्फ डिफेंस मे आपको प्रहार करना है डरना नही है, आपको कोई बुरी नियत से टच करता है उसको अपने परिजनों के साथ अवश्य साझा करेंगे। कहा कि सोनभद्र में लर्निंग आऊट सोर्सिंग बहुत कम है। मुख्य अतिथि ने बताया कि बच्चों को चार बातों का हरदम ध्यान रखना है, फोर यू कॉन्सेप्ट, अपरचित व्यक्ति से दूरी, समय का ध्यान, अकेले स्थान पर नही जाना है। अंत में बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संतोष कुमार, जोगेन्द्र सिंह ऊर्फ गुड्डू पटेल, मोहम्मद आशिक, विमलेश दीक्षित, ओम प्रकाश तिवारी, सूर्य प्रकाश तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन नूतन मेहरोत्रा ने किया।

## न्यायालयों की स्थापना के लिए राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन


राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपता सिविल बार का प्रतिनिधिमंडल

**दुद्धी।** सिविल बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रभु सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्यमंत्री संजीव गोंड़ से उनके आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंप हाईकोर्ट द्वारा दुद्धी तहसील मुख्यालय पर एडीजे और एक एसीजीएम कोर्ट स्थापित करने की मांग किया। कहा कि कई बार रिमाइंडर देने के बाद भी अभी तक सरकार ने दुद्धी में हाईकोर्ट के मंशा के अनुरूप एडीजे और एसीजेएम कोर्ट की स्थापना करने संबंधी अधिसूचना जारी नहीं किया है। सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मिलकर अनुरोध किया तथा उन्हें बार एसोसिएशन में आमंत्रित भी किया। प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन रामलोचन तिवारी, जवाहर लाल अग्रहरी, सत्यनारायण यादव, अनिल कुशवाहा शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने एडीएम को सौंपा सीएम को संबोधित ज्ञापन

**सोनभद्र।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल फर्जी रिलीजिंग आर्डर के मामले में विभागीय संलीप्तता सामने आने के बाद भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही न होने पर मुख्यमंत्री के नामित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा को सौंपा, और पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई। कहा एआरटीओ कार्यलय से फर्जी रिलीजिंग ऑर्डर के मामले में विभागीय संलिप्तता आने के बाद भी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही न होने से आमजनता में आक्रोश हैं। फिटनेश और ड्राइबरी लाइसेंस के नाम पर बड़ा घोटाला किया जा रहा है। कार्यलय में दलालों जमवाड़ा लगा रहता है। कांग्रेस पार्टी इसको बड़ा मुद्दा बनाकर संघर्ष करेगी। प्रतिनिधि मंडल में पीसीसी नामवर कुशवाहा, प्रमोद पांडेय दीपू, बंशीधर पांडेय, पंकज मिश्र, मृदुल मिश्र शामिल थे।

## विवेकानंद जयंती पर जेल अधीक्षक समेत दर्जनों ने किया रक्तदान

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है के उपलक्ष में उत्सव ट्रस्ट एवं जिला कारागार के संयुक्त तत्वाधान में जिला कारागार परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रक्तदान उत्सव रक्तदान युवा शक्ति के नाम का आयोजन किया गया। रक्तदान का कार्यक्रम जिला कारागार में प्रथम बार आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पण करते हुए उनके जीवन व शिक्षाओं तथा भारत के युवाओं हेतु उनके संदेश आदि पर जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव जेलर जगदंबा दुबे उत्सव ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी अरविंद सिंह ट्रस्टी आशीष पाठक रक्तदान विभाग के निदेशक डॉ अजय कुमार शर्मा द्वारा प्रकाश डाला गया तत्पश्चात जेल अधीक्षक श्री सौरभ श्रीवास्तव जी द्वारा फीता काटकर स्वैच्छिक रक्तदान के शिविर का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम जेल अधीक्षक श्री सौरभ श्रीवास्तव एवं जेलर श्री जगदंबा दुबे एवं उत्सव ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी अरविंद सिंह जी ने रक्तदान किया। जेल अधीक्षक ने प्रथम बार रक्तदान किया तत्पश्चात अन्य महिला पुरुष अधिकारियों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर में कई महिला एवं पुरुष अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रथम बार रक्तदान किया। उत्सव ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी अरविंद सिंह जी ने 62 वर्ष की अवस्था में पुनः रक्तदान किया। शिविर में कुल 29 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 27 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्सव ट्रस्ट के कुंदन, डॉक्टर प्रभाकर सिंह, डॉ कृष्ण कुमार केसरी, श्याम दुलारे साहनी, का विशेष योगदान रहा। सभी रक्त दाताओं को उत्सव ट्रस्ट की तरफ से मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।


रक्तदान करते जिला जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव

## अराजकत्तवों ने लगायी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**शक्तिनगर।** थाना क्षेत्र के हरदवा बस्ती के पास अराजकतत्वों द्वारा आग लगाने से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बता दें कि हरदवा बस्ती के पास विपिन कुमार यादव की कार्टून, प्लास्टिक, स्क्रेप की दुकान है, जिसमें किसी अराजकतत्व ने गुरुवार की रात आग लगा दी। जिससे कबाड़ धूं-धूं कर जलने लगा। आग की लपटों से आस पास के रहवासी जग गए एवं शोर मचाते हुए आग बुझाने का प्रयास करते हुए डायल 112 को सूचित किया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने तुरंत एनसीएल खड़िया परियोजना के फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार की सुबह आग पर काबू पा सकी। तब तक करीब पांच लाख रुपए का कबाड़ जलकर पूरी तरह राख हो गया। भुक्तभोगी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## जयंती पर हुआ युवा संगम कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर गुरुवार की देर शाम स्थानीय मानस भवन में युवा संगम का कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर स्वामी के व्यक्तित्व का अनुसरण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की बहनों द्वारा बनाया गया स्वागत द्वार एवं रंग बिरंगी रंगोली लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती के साथ की गई। महेश पांडे और शिवम ने देशभक्ति गीत और भारत माता की जय का उद्घोष किया।

वहीं सागर पांडे ने स्वामी विवेकानंद पर आधारित देशभक्ति कविताएं सुनाकर युवाओं में जोश भर दिया। चपकी वनवासी आश्रम से शिव प्रसाद की अगुआई में आए आदिवासी कलाकारों द्वारा बड़ा ही मनमोहक करमा नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। मुख्य वक्ता बीएचयू के प्रोफेसर डा. अनुज कुमार ने कहा कि स्वामी जी ने ही भारत की परंपरा को विकसित किया।

उन्होंने समाज के आखिरी व्यक्ति के उत्थान के लिए देश के लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि नैतिकता से ही शक्ति प्राप्त होती है। अंत में नचिकेता की कहानी सुनाकर युवाओं को उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमोद त्रिपाठी, विमल सिंह सहित सैकड़ों स्वयं सेवक मौजूद रहे। वहीं युवा चेहरे के रूप में डाला निवासी नेहा सिंह को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने हाल ही में यूपीएससी की परीक्षा में 20वीं रैंक प्राप्त किया है। अध्यक्षता उप महाप्रबंधक सिविल एके राय तथा संचालन सुबरन लाल ने किया।

## एनटीपीसी रिहंद में नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत धन्वंतरी चिकित्सालय में आयोजित तीन दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ वर्तिका महिला मण्डल कृष्णा चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण पंकज मेदिरत्ता, सभी महाप्रबंधकगण, डीसी सीआईएसएफ मुख्य चिकित्साधिकारी एनटीपीसी रिहंद डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा एवं वर्तिका महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याएं, आस-पास के गांवों प्रधानों एवं विंध्य चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के पहले दिन परियोजना के आस पास के समीपवर्ती ग्रामसभाओं एवं मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ प्रांत व अन्य स्थानों से आए हुए 561 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की जांच कराने एवं ऑपरेशन हेतु धनवंतरी चिकित्सालय में पंजीकरण कराया। पंजीकृत किए गए ग्रामीणों का चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उनमें से नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। ऑपरेशन किए गए रोगियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। चयनित नेत्र रोगियों का ऑपरेशन धनवंतरी चिकित्सालय के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तन्मय मिश्रा के साथ सीतापुर से संबद्ध महाबीर नेत्र चिकित्सालय मिजार्पुर से आये डॉ. आर सी दुआ एवं डॉ. नितिन दुआ तथा उनकी टीम द्वारा किया जाएगा।



# टीएससीटी ने 95 परिवारों को दी लगभग 18 करोड़ की मदद

**अवसर**

### श्रद्धांजलि सभा में मृत अध्यापिका प्रमिला कुमारी को दी श्रद्धांजलि



टीएससीटी के समारोह व श्रद्धांजलि सभा में मंचासीन अतिथिगण।

**चंदौली।** टीचर्स सेल्फ केयर जनपद चंदौली इकाई की ओर से शिक्षक संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र विकास भवन में किया गया। मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल विधायक मुगलसराय व विशिष्ट अतिथि संस्था के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद उपस्थित थे। इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उकनी वीरम राय पर तैनात दिवंगत अध्यापिका प्रमिला कुमारी की याद में किया गया।

इसका शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्व प्रमिला कुमारी की मूर्ति के सामने मोमबत्ती जलाकर गतात्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। सर्वप्रथम जिला संयोजक कन्हैया लाल गुप्ता ने टीएससीटी के बारे में बताया।

मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल ने शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि वह सदैव शिक्षक व शिक्षक परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़े रहेंगे। टीएससीटी की इस योजना से काफी प्रभावित हुए तथा इसे शासन तक पहुंचाने का प्रयास करने की बात की। प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद ने कहा कि शिक्षक साथियों के सामने रखी है, जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने बताया कि अब तक टीएससीटी द्वारा कुल 95 परिवारों को लगभग 18 करोड़ की सहायता मात्र 100 रुपये प्रति शिक्षक सहयोग से किया गया है।

कहा कि भविष्य में टीएससीटी बिटिया की शादी, बीमारी, दुर्घटना आज के लिए भी पारदर्शी तरीके से योजनाएं लाएगी। बताया कि किसी शिक्षक के दिवंगत होने पर उनके नामनी के खाते में टीएससीटी से जुड़े शिक्षक मात्र 100 का सहयोग करते हैं। इस माह के सहयोग में इन परिवारों को 91 लाख का सहयोग किया गया, जिसमें चंदौली जिले की शिक्षिका स्वर्गीय प्रमिला कुमारी के परिवार को 30 लाख से ज्यादा की सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में संजीव रजक, महेंद्र वर्मा, नरेंद्र प्रताप गंगवार, जितेंद्र मोहन वर्मा, अरुण सिंह कुशवाहा, रामेश्वर गिरी, आनंद प्रकाश रस्तोगी, अमित सिंह, अजीत सिंह, सुरेश सिंह, वीरेंद्र सिंह यादव, देवेंद्र मौर्य, कमलेश, मृत्युंजय सिंह यादव, सीमा सिंह, नंद कुमार शर्मा, आनंद गुप्ता, शशि गुप्ता, धनंजय सिंह आदि लोग उपस्थित थे। समापन प्रवक्ता देवंत मौर्य द्वारा किया गया।

# योजनाओं से लाभान्वित हो रही गांव की जनता



सहजौर में जन चौपाल का उद्घाटन करते विधायक रमेश जायसवाल।

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के सहजौर गांव में शुक्रवार को जन चौपाल लगाया गया। मुख्य अतिथि विधायक रमेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल ने कहा पहली बार जन चौपाल के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के गरीब जनता के पास पहुंच रहा है। योजना का लाभ सभी लोगों के पास पहुंचे इसके लिए हम सभी तत्पर हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जितने भी कल्याणकारी योजनाएं हैं यह आमजनों तक पहुंचे इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अगर आपको लगता है मुझे योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है तो आप सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। सरकार जन चौपाल के माध्यम से यह बताना चाहती है गांव की जनता यह समझ ले कि योजनाओं का लाभ कैसे मिलता है। कार्यक्रम के बाद विधायक रमेश जायसवाल ने नए अंत्येष्टि स्थल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, ग्राम प्रधान उषा देवी सहित ग्रामवासी व सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक में समस्याओं पर हुआ मंथन

**चंदौली।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में सड़क मरम्मत, एआरटीओ द्वारा जब्त वाहन खड़े करने, बैंक गारंटी के प्रपत्र के भुगतान, रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में 400 केवीए के दो ट्रॉसफार्मर लगवाने, फेज-2 में औद्योगिक क्षेत्र को प्रदेश का माडल औद्योगिक क्षेत्र बनाये जाने आदि के साथ-साथ मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण हेतु सहायता योजना में प्राप्त वार्षिक लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान डीएम ने अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देश दिया कि स्वीकृत ऋणों को शीघ्र वितरित कराये एवं स्वीकृति हेतु लम्बित आवेदन पत्र को शीघ्र स्वीकृत कर जिले में उद्योग को बढ़ावा देने की नीति अपनायें। जिले में 23 से 25 जनवरी, 2023 के मध्यम इन्वेस्टर शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन किया जाना है जिसमें सभी विभागों की नीति पर चर्चा होगी एवं जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये सुगमता प्रदान करने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। चलो चन्दौली, उद्योग लगाये की कार्य प्रणाली पर कार्य करने हेतु सुगम वातावरण का सृजन किया जायेगा। बैठक में लक्ष्मण प्रसाद, एएसपी सुखराम भारती, वीके कौशल, उपायुक्त उद्योग, दिनेश सिंह यादव, अशोक कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह, विजय कुमार, देव भट्टाचार्या, डीएस मिश्र उपस्थित रहे। संचालन उपायुक्त उद्योग, वीके कौशल द्वारा किया गया।

**संक्षेप**

### आसमान पर छाएंगी अमृत महोत्सव, तिरंगा और छोटा भीम की पतंगें

**चंदौली।** मकर संक्रांति के लिए बाजार सज गया है। तरह तरह की रंग बिरंगी पतंगें दुकानों पर बिकने लगीं हैं। इस बार बाजार में छोटा भीम, आजादी का अमृत महोत्सव, तिरंगा, मोर और मिक्की माउस बनी पतंगों की भरमार है। पतंगें 5 रुपये से लेकर 40 रुपये तक के रेट पर मिल रही हैं। पतंग प्रेमियों के लिए बाजारों में इस बार रंग बिरंगी पतंगें आ गई हैं। कार्टून प्रिंट की पतंगें जिसमें छोटा भीम और छुटकी, मार्वल एवेंजर, एंग्री बर्ड, लव बर्ड, मिक्की माउस छोटे बच्चों की पहली पसंद हैं। दरअसल सर्दी के चलते जिला प्रशासन ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। जिस कारण से बच्चे भी सर्दी और संक्रांति का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं इस बार बाजारों में आजादी का अमृत महोत्सव की पतंगें भी खूब धड़ल्ले से बिक रहीं हैं। इसके अलावा मंडला आर्ट में मोर, तोता, रंगोली आदि प्रिंट की पतंगों को भी खूब खरीदा जा रहा है।

### श्रीराम कथा सुन भाव विह्वल हुए श्रोता

**चहनियां।** बैष्णव रामशाला हनुमान मंदिर रामगढ़ में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। शुक्रवार कथा के पांचवे दिन कथावाचक शशिकांत महाराज ने रामचरित मानस पाठ के अरण्यकांड पर विस्तृत वाचन किया। इस दौरान शशिकांत महाराज ने अरण्य कांड में सीता को न पा कर श्रीराम अत्यंत दुखी हुये और विलाप करने लगे। रास्ते में जटायु से भेंट होने पर उसने राम को रावण के द्वारा अपनी दुर्दशा होने व सीता को हर कर दक्षिण दिशा की ओर ले जाने की बात बताई। ये सब बताने के बाद जटायु ने अपने प्राण त्याग दिये और राम उसका अंतिम संस्कार करके सीता की खोज में सघन वन के भीतर आगे बढ़े का विस्तृत वर्णन को अपने वाणी द्वारा प्रस्तुति की गयी। इस दौरान मुख्य रूप से दीनानाथ पाण्डेय, प्रेमनाथ पाण्डेय, रमेश चंद्र पाण्डेय, शोभनाथ पाण्डेय, राधेश्याम पाण्डेय, नरेंद्र सिंह, टिल्लू सिंह, राजेश कुशवाहा, प्रभुनाथ पाण्डेय, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### शिक्षकों को पुरानी पेंशन के नाम पर गुमराह कर रही सरकार

**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद ईकाई के तत्वावधान में गुरूवार को सकलडीहा इंटर कालेज में शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक में पुरानी पेंशन को लेकर सरकार द्वारा गुमराह करने का आरोप लगाया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार से पुरानी पेंशन शीघ्र लागू करने की मांग उठाया। सरकार के जुम्लेबाजी को लेकर शिक्षक कर्मचारी सजग है। किसी भी ऐसे बयान से गुमराह नहीं होंगे। नई पेंशन नीति से शिक्षकों का लाखों का नुकसान हो रहा है। सरकार ने शिक्षकों के एक दर्जन से अधिक भत्ते भी काट दिए है। शिक्षक संघ माध्यमिक शिक्षक संघ के माध्यम से पुरानी पेंशन की मांग उठायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष कमला पांडेय, दिलीप सोनकर, विनोद कुमार ,संतोष मिश्र, देवचन्द्र राम, त्रिभुवन सिंह,राज कुमार, जयप्रकाश यादव, नित्यानंद यादव, सुरेंद्र कुमार,राजीव श्रीवास्तव, वंशराज,गिरीश चन्द्र, अनिल सेठ, मनोज यादव, प्रमोद पांडेय, गोपाल प्रसाद, मार्कण्डेय प्रसाद, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राजबली प्रसाद, पवन त्रिपाठी, घनश्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मकरसंक्रांति के अवसर पर 15 को प्रसाद वितरण

**कमालपुर।** कस्बा स्थित रामलीला मैदान में हर वर्ष की भांति हनुमान श्रृंगार उत्सव के अवसर पर 15 जनवरी को बृहद पैमाने पर प्रसाद वितरण किया जाता है। रबिन्द्र नाथ दुबे ने बताया कि हर वर्ष कस्वा के व्यापारियों के सहयोग से मकरसंक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को रामलीला मैदान में खिचड़ी प्रसाद कार्यक्रम का आयोजन होता है जहां गांव गिरांव के हजारों भक्त उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करते है। इस वर्ष भी उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करें।

### बहोरिकपुर गांव के जरूरतमंदों में बंटा कंबल

**सकलडीहा।** ठंड और कोहरे के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। ऐसे में गरीबों को कंबल वितरण करना पुनीत कार्य है। विकास खंड के बहोरिकपुर गांव में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य की अध्यक्षता में महिला प्रधान ने सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य साहब सिंह मौर्या ने कहा कि गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा है। प्रधान का पहल सराहनी है। वही प्रधान प्रतिनिधि बंटी पांडेय ने कहा कि ठंड में गांव के किसी भी गरीब को कंबल का अभाव नही होने दिया जायेगा। अंत में प्रधान उर्मिला पांडेय ने सौ जरूरत मंदों को कंबल वितरण कर उनका आर्शिवाद लिया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि बंटी पांडेय, पिंटू पांडेय, अनूप, लालजी, सुभाष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### बलुआ घाट पर मिला शिवलिंग, जमीन से निकाला बाहर



बलुआ घाट पर शिवलिंग को बाहर निकालते ग्रामीण।

**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा घाट पर मिट्टी हटाने के दौरान शिवलिंग निकला। जिसे ग्रामीणों ने काफी मशक्त के बाद बाहर निकाला। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा किनारे सीढ़ियों के पास बुधवार को मिट्टी में दवा शिवलिंग निकला। बाढ़ के दौरान गंगा में बहते हुए शिवलिंग घाट की सीढ़ियों पर मिट्टी में दब गया था। मिट्टी हटाने के दौरान शिवलिंग मिलने पर ग्रामीण दीपक राजभर, मनदीप भारद्वाज, श्यामनारायण, रामकृत, रामपूजन राजभर आदि लोगों ने शिवलिग को मिट्टी से बाहर निकाला। जिसे गंगा किनारे ही स्थापित करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी में दबे होने के कारण लोग उसी पर कूड़ा करकट फेंक देते थे। जो मिट्टी हटने के बाद शिवलिंग दिखाई दिया।

# समरसता खिचड़ी सहभोज में शामिल होंगे नीरज सिंह



**चंदौली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र व हिन्दू युवा संगठन भारत के राष्ट्रीय संरक्षक नीरज सिंह का शनिवार को जिला मुख्यालय पर समरसता खिचड़ी भोज व सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जनपद में प्रथम आगमन पर जगह-जगह उनका स्वागम एवं सम्मान किया जाएगा। सर्वप्रथम पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। वहां से जिला मुख्यालय पर मकर संक्रांति पर आयोजित समरसता खिचड़ी भोज में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे। उनके आगमन व समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर रूपरेखा बनायी गई। साथ ही पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कौशलेंद्र सिंह व प्रदेश महासचिव राजेश सिंह रिंकू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने विभिन्न गांवों का भ्रमण कर जनसम्पर्क किया और समरसता खिचड़ी भोज के लिए आमंत्रण देने के साथ ही सहयोग व स्नेह स्वरूप चावल भी जुटाए। शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर तैयारी के संबंध में बैठक के दौरान राष्ट्रीय महासचिव कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह जाडेजा के अलावा अन्य दिग्गज नेता प्रतिभाग करेंगे। कार्यकम में जनपद के सीमावर्ती वाराणसी, गाजीपुर, मिजार्पुर, सोनभद के अलावा पड़ोसी प्रांत बिहार से लोग शामिल होंगे। साथ ही एक साथ खिचड़ी भोज करेंगे। कार्यक्रम में एक हजार से ज्यादा जरूरतमंदों में कंबल भी वितरित किया जाएगा। कहा कि संगठन मुख्य उद्देश्य धर्मरक्षा, गौरक्षा, धर्मसाधना, वर्णभेद एवं जातिभेद को समरसता के सूत्र में समन्वित व राष्ट्र का विकास करना है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, हेमराज सिंह, डा. विवेक सिंह, सुनील सिंह, अखिलेश सिंह, मनोज सिंह, आशीष सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अधिवेशन की सफलता पर उदय पार्टी ने किया मंथन

**डीडीयू नगर।** राष्ट्र उदय पार्टी के नेतृत्व में शनिवार को एक बैठक किया गया, जिसमे सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी तथा सभी जिलाध्यक्ष, विधान सभा अध्यक्ष व वार्ड स्तरीय सदस्यों अवगत कराया गया है कि। पार्टी का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन सम्मेलन 11 फरवरी और राष्ट्रीय अधिवेशन सम्मेलन 12 फरवरी रविवार को होगा। इस दौरान राष्ट्र उदय पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि सभी पदाधिकारी उस दिन औरैया मंडी के पास साईं मंदिर के सामने इटावा कानपुर हाईवे, दिव्यांशी उत्सव गार्डेन, में आप सभी पार्टी के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराने के साथ ही साथ पदाधिकारियों के चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक सहभागिता सुनिश्चित करे। इसकी सूचना राष्ट्र उदय पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज ने दिया।

# शरद यादव के निधन पर दी श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज



**चंदौली।** राष्ट्रीय कृषक दल ने शुक्रवार को बिछिया खुर्द स्थित कार्यालय शुक्रवार को शोक सभा आयोजित किया गया। इस दौरान महान समाजवादी नेता एवं कई बार पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे और जनता दल में यूनाइटेड के अध्यक्ष शरद यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने शरद यादव के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके योगदान पर रौशनी डाली।

इस अवसर पर महेंद्र यादव ने बताया कि शरद यादव समाजवादी नेता के साथ ही किसानों और मजदूरों अल्प संकल्पों की भलाई के लिए संघर्षरत रहे। किसान न्याय मोर्चा के उपाध्यक्ष कहा कि समाजवादी चिंतक शरद यादव पिछड़ों का हक दिलाने के लिए जो संघर्ष किया वह सदैव याद किया जाएगा। इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि शरद यादव ने मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर हरबंस सिंह, शिवराम सिंह चौहान, कयामुद्दीन अंसारी, भागवत चौरसिया, चंद्रमा यादव, कृष्णकांत यादव, सुशील यादव, केदार यादव, आदि लोग उपस्थित थे। संचालन लक्ष्मण चौहान ने किया।

# नवीनीकरण और समय से मानदेय भुगतान की मांग



ब्लॉक मुख्यालय पर मानदेय सहित अन्य समस्याओं की मांग करते पंचायत सहायक।

**सकलडीहा।** विकास खंड के कुल 104 ग्राम सभाओं में पंचायत सहायक नियुक्त है। गुरूवार को पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न समस्या के निस्तारण की मांग उठाया। इस मौके पर विभिन्न गांव के पंचायत सहायक मौजूद रहे। पंचायत सहायकों ने बताया कि हर ग्यारह माह के बाद पंचायत सहायकों का नवीनीकरण होता है। लेकिन अभी तक नही हो पाया है। पंचायत सहायकों ने समय से मानदेय दिलाने के साथ पंचायत भवनों पर नेट की सुविधा बहाल करने की मांग उठाया। पंचायत सहायकों ने बताया कि नेट की सुविधा नही होने के कारण पंचायत सहायकों को स्वंय खर्च करके नेट भरवाना पड़ता है। आयुष्मान कार्ड की फीडिंग कार्य का भुगतान दिलाने की मांग किया। अंत में समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया। इस मौके पर जय पांडेय, अविनाश कुमार, सुजीत, मुकेश, विनोद, चंदन, कन्हैया, नितिश मिश्रा, संदीप, रोशन, अजय, अनुराधा पांडेय, अब्बू शोयब, रोशनी गुप्ता, अनामिका, प्रियतेश यादव, तनु, पुजा कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने गरीबों में बांटा कंबल व गर्म कपड़े

**नौगढ़।** ज्ञान मंदिर औरवाटांड परिसर में आर्ट ऑफ लिविंग के तरफ से शुक्रवार को गरीब, अपंग, असहायों में कंबल, स्वेटर, साड़ी व बच्चों को खेलकूद सामान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता व विशिष्ट अतिथि शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रमेश बाबू ने क्षेत्र के अतिपिछड़े हुए गांव में आयोजन की सराहना की। इस दौरान संस्था के जगदीश त्रिपाठी ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था पूरे हिन्दुस्तान मे करीब एक लाख बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश में 183 फीडर स्कूल व आठ ज्ञान मंदिर विद्यालय के माध्यम से लगभग 25000 बच्चों को स्कूली ज्ञान सामाजिक व शारिरिक शिक्षा दी जा रही है। कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि जनपद के अतिपिछड़े हुए संसाधन विहीन क्षेत्र के बच्चों को हूनरमंद बनाया जाय। जो कि अपनी कला कौशल का उपयोग कर आर्थिक समृद्धि कर सके। उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने कहा कि वनांचल व दुरस्त क्षेत्र में संचालित ज्ञान मंदिर के शिक्षणार्थियों की प्रतिभा निखार बड़े-बड़े शहरों के मांडल स्कूलों की भांति है।

# चेकडैम की मरम्मत के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

**मांग**

### मरम्मत नहीं होने पर ब्लॉक मुख्यालय पर आंदोलन की दी चेतावनी



चेकडैम की मरम्मत के लिए प्रदर्शन करते विशेषरपुर के ग्रामीण।

**नौगढ़।** कूड़ा राजवाहा नहर में बना चेकडैम काफी दिनों से टूट जाने से प्रभावित हो रही सिंचाई से क्षुब्ध किसानों ने प्रदर्शन कर के आक्रोश का ईजहार किया। बताया जाता है कि सोनभद्र जिले से निकली कूड़ा राजवाहा नहर मे क्षेत्र के विशेषरपुर गांव स्थित मुसहर (बस्ती) के समीप बना चेकडैम काफी दिनों से क्षतिग्रस्त होकर टूट गया है। जिससे समीपवर्ती आधा दर्जन गांवों मे खेतों की सिंचाई करने में किसानों को हो रही काफी परेशानी की जानकारी अनेकों बार सिंचाई विभाग को कराए जाने पर भी कोई पहल नहीं होने से शुक्रवार को किसान आक्रोशित होकर प्रदर्शन करने पर आमादा हो गये। आक्रोशित किसान बुधिराम पाल रामअवतार राजमणि रामजी कोल अमरनाथ (क्षेत्र पंचायत सदस्य) राम लखन महेंद्र प्रसाद, मुकेश यादव, संतोष कुमार, अमरनाथ, अवधेश कुमार, रामचंद्र राम, कैलाश, रविनंदन विश्राम, बुधराम भारती, लक्ष्मीकांत, अंगद यादव आदि ने बताया कि कूड़ा राजवाहा नहर में पानी रोककर कुलावा के माध्यम से खेतों की सिंचाई करने के लिए बनाए गए। चेकडैम को टूट जाने की जानकारी कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी मरम्मत कराए जाने की कोई भी पहल नहीं की जा रही है, जिससे खेतों में बोई गई गेहूं के अलावा तीसी, सरसों, मटर, टमाटर, मिर्चा, मसूर, जौ व अरहर आदि फसलों के पौधे सिंचाई के अभाव में सूख रहे हैं। जल्द ही चेकडैम मरम्मत नहीं कराया गया तो ब्लाक मुख्यालय पर किसान धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# साहित्यकार डा. कमलाकांत के निधन पर जताया लोगों ने शोक



डा. कमलाकांत त्रिपाठी।

**चंदौली।** देश के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा. कमलाकांत त्रिपाठी का शुक्रवार को मुख्यालय से निवास पर निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे और विगत कई वर्षों से बीमार चल रहे थे। डॉ. त्रिपाठी मूल रूप से बिहार के भभुआ जिला अन्तर्गत कुड्डी गांव के निवासी थे। मोहनियां स्थित महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य थे, और वहाँ से अवकाश प्राप्त करके चन्दौली में अपना निवास बनाकर रह रहे थे। बहुप्रतिष्ठित ग्रंथों के लेखक डॉ. कमलाकांत त्रिपाठी की उच्च शिक्षा बीएचयू से हुई थी। उनके द्वारा लिखित शोधग्रंथ ह्वबेनीपुरी की साहित्य-साधनाह्ल पिछले दशक की बेस्ट सेलर पुस्तक थी। उनकी गिनती देश के शीर्षस्थ व्याकरणशास्त्रियों में होती थी। उनके द्वारा किए गए अष्टाध्यायी के हिन्दी भाष्य काफी लोकप्रिय हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और प्रख्यात स्तम्भकार हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी साहित्य में शुचिता के पक्षधर और आध्यात्मिक आख्यानों के पुनर्वाचन परम्परा के पोषक महान साहित्यकार थे, उनके निधन से साहित्यिक व आध्यात्मिक समाज ने एक विचारक संत खो दिया।यशस्वी ललित निबंधकार डॉ. उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ. त्रिपाठी साहित्य में लोकपक्ष के प्रबल समर्थक विद्वान थे, उनके जाने से हमने एक प्रबुद्ध अभिभावक खो दिया। साहित्यकार व उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक डा. सूर्य कुमार शुक्ल ने कहा कि डॉ. त्रिपाठी ने अनेक संतों की जीवनी लिखकर उन्हें साहित्य में ला खड़ा किया, साहित्य से समाजसुधार का उनका लक्ष्य बहुत ही पवित्र था। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व चिन्तक डॉ. परेश सक्सेना ने डॉ. त्रिपाठी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त की। कहा कि उनके निधन से पुरानी पीढ़ी के गम्भीर विचारों से समाज को सींचने वाला एक बड़ा स्तंभ गिर गया। रेलवे में वरिष्ठ अभियंता एवं कवि विजय बुद्धिहीन ने डा. त्रिपाठी के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### डा.कमलाकांत के निधन पर उपजा ने जताया शोक

**चन्दौली ।** उत्तर प्रदेश सदर तहसील इकाई की एक आवश्यक बैठक मुंसफ कटरा स्थित कार्यालय में शुक्रवार हुई इस दौरान साहित्यकर डॉ. कमलाकांत के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा दो मिनट मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई
इस दौरान आरिफ हाशमी ,कमलेश गिरी,मयंक सिंह ,राकेश यादव, जावेद बाबा, बाबर अली ,सुजीत सिंह, मनोज सिंह खुर्शीद आलम आदि मौजूद रहे।

# सीएम के आदेश को भी अनसुना कर रहा जिला प्रशासन



तिरगांवा पक्के पुल के पास निर्मित पुलिस पिकेट पर मंडी लगाये मोरंग बालू लदे बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर।

**चहनियां।** सूबे के मुखिया आदित्यनाथ योगी द्वारा बीते दिनों ओवरलोड व अवैध खनन को पूर्णतया बैन करने और भाजपा सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीतियों को जिला प्रशासन द्वारा लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसका परिणाम यह है कि मोरंग बालू लदे बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर नौबतपुर सैयदराजा से नई बाजार सकलडीहा के रास्ते फरार्टा भरते हुए मारूफपुर तिरगांवा स्थित पक्के पुल के पास निर्मित पुलिस पिकेट के पास अवैध मंडी सजा दे रहे है।

जिससे छात्र छात्राओ, स्कूली वाहनों, स्थानीय व्यापारियों सहित आम राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और घंटों तक लम्बे जाम की स्थिति बनी रहती है। नौबतपुर सैयदराजा से नई बाजार सकलडीहा के रास्ते मारूफपुर तिरगांवा होकर सैदपुर गाजीपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जाने वाले मोरंग बालू लदे बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर जिला प्रशासन के लिए चुनौती पेश करने लगे है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलेक्टरों व पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को अवैध खनन व ओवरलोड पर कड़ी कार्रवाई करवाने का फरमान जारी किया था। किन्तु बगैर रायल्टी फीस जमा किये मोरंग बालू की ढुलाई कर रहे ओवरलोडेड बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टरों के संचालन के आगे चन्दौली जिला प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। यदा कदा दो तीन बोगा ट्रैक्टरों को पकड़कर सीज करते हुए कार्रवाई की कोरम पूर्ति कर दी जा रही है। जबकि आये दिन करीब 60-70 बोगा ट्रैक्टर बालू लादकर फरार्टा भर रहे है जो सरकार का प्रतिदिन लाखों रुपए का राजस्व घाटा करा रहे है।

# स्पोर्ट्स

## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब चोटिल, अधिकारियों को भारत दौरे के लिए समय पर फिट होने की उम्मीद

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब के कूल्हे में चोट लग गयी है जिसके कारण अगले महीने होने वाले भारत दौरे के लिये उनका फिट होना मुश्किल लग रहा है लेकिन अधिकारियों को उनके सही समय पर उबरने का भरोसा है। मंगलवार को विक्टोरिया में क्लब क्रिकेट में पुल शॉट लगाने के प्रयास में उन्हें यह चोट लगी जिससे वह मैदान से रिटायर्ड हर्ट होकर गये। इस शॉट के बाद उन्होंने एक और पुल शॉट लगाने का प्रयास किया और तीन गेंद बाद दर्द से कराहने लगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, ह्यह्यस्कैन में पुष्टि हुई है कि उन्हें दायें कूल्हे के उत्तकों को नुकसान पहुंचा है। इसके अनुसार, अधिकारियों को भरोसा है कि हैंड्सकोंब इस महीने भारत दौरे के लिये आस्ट्रेलियाई टीम के साथ रवाना होने के लिये फिट होंगे।



# भारतीयों का जीत से आगाज, स्पेन को 2-0 से हराया

राउरकेला। हॉकी विश्व कप में भारत ने शानदार जीत के साथ शुरूआत की। उसने स्पेन को पहले मैच में 2-0 से हरा दिया। भारत के लिए मैच में अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने गोल किया। भारत का दूसरा मैच में अब 15 जनवरी (रविवार) को मजबूत इंग्लैंड के खिलाफ होगा। इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में वेल्स को 5-0 से हराया था। पूल डी में टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही दूसरा पायदान हासिल कर लिया। इंग्लैंड ने इससे पहले वेल्स को 5-0 से हराया था। वह बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर है। टीम इंडिया के लिए अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने दो बेहतरीन गोल किए। अमित रोहिदास को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने मैच में शुरूआत धीमी की थी। शुरूआती पांच मिनटों तक स्पेन ने टीम इंडिया को काफी छकाया, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा भारत ने मैच में पकड़ बनानी शुरू कर दी। इसका फायदा 11वें मिनट में टीम इंडिया को मिली। भारत को

**हॉकी विश्व कप**

### मेजबानों के लिए अमित हार्दिक ने किए गोल

पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन उस पर गोल नहीं आ सका। अगले ही मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। इस पर अमित रोहिदास ने शानदार गोल कर टीम इंडिया को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने 26वें मिनट में दूसरा गोल किया। हार्दिक सिंह ने चार खिलाड़ियों को छकाते हुए जबरदस्त गोल किया। उनका यह गोल लंबे समय तक याद रखा जाएगा। इस विश्व कप में भारत का यह पहला फील्ड गोल है। हार्दिक स्पेन के सर्कल में गेंद को लेकर आगे बढ़ रहे थे। वह गोलपोस्ट के करीब खड़े ललित उपाध्याय को गेंद देना चाहते थे, लेकिन स्पेन के डिफेंडर से लगकर गेंद गोलपोस्ट में चली गई। हार्दिक ने टीम इंडिया को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने कोई गोल नहीं किया।



## अर्जेंटीना ने दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराया माइको कासेला ने दागा गोल

भुवनेश्वर। अर्जेंटीना ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पहले मुकाबले में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए पूल-ए मुकाबले में माइको कासेला ने तीसरे क्वार्टर में विजेता टीम के लिए गोल किया। इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने तीन अंक अर्जित कर लिये हैं और वह अपने पूल में पहले स्थान पर है। पिछले विश्व कप में सातवें स्थान पर रही अर्जेंटीना ने यहां अपने अभियान की आक्रामक शुरूआत की और शुरूआती मिनटों में ही दक्षिण अफ्रीका के गोल पर हमला किया। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने हालांकि इस प्रयास को नाकाम करके गेंद अपने कब्जे में कर ली। सेंजविजले न्यूबाने इसके बाद गेंद को लेकर अर्जेंटीना के डी में बढ़े लेकिन उसके रक्षण ने गेंद को बाहर धकेल दिया। अर्जेंटीना को मैच के दूसरे क्वार्टर में दो पेनल्टी मिलीं, हालांकि उन्हें बढ़त हासिल करने के लिये तीसरे क्वार्टर का इंतजार करना पड़ा।शुरूआती 30 मिनटों में कोई सफलता न मिलने के बाद भी अर्जेंटीना ने विपक्ष के गोलपोस्ट पर हमला करना जारी रखा। उन्हें इसका फायदा तब मिला जब लूकस टोस्कानी के पास पर कासेला ने दक्षिण अफ्रीकी गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने चौथे क्वार्टर में गोल करने के कई प्रयास किये लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर ने दबाव को सोखते हुए अपनी टीम की एक गोल से जीत सुनिश्चित की।

## सानिया मिर्जा ने की संन्यास की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने संन्यास की घोषणा कर दी है। 16 जनवरी से होने जा रहा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सानिया का आखिरी टूर्नामेंट होगा। सानिया मिर्जा ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट करके इस बात की जानकारी दी। सानिया मिर्जा ने बताया कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद अपने बेटे के साथ अधिक वक्त बिताना चाहेंगी। उन्होंने लिखा, '30 साल पहले हैदराबाद की एक छह साल की लड़की कोर्ट पर पहली बार अपनी मां के साथ गई और कोच ने बताया कि टेनिस कैसे खेलते हैं। मुझे लगा था कि टेनिस सीखने के लिए मैं बहुत छोटी हूं। मेरे सपनों की लड़ाई 6 साल की उम्र में ही शुरू हुई। सानिया आगे बताया कि मेरे माता-पिता और बहन, मेरा परिवार, मेरे कोच, फिजियो समेत पूरी टीम के समर्थन के बिना यह संभव नहीं था, जो अच्छे और बुरे समय में मेरे साथ खड़े रहे।

## हिमाचल रणजी टीम के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ का अचानक निधन



हिमाचल रणजी टीम के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ शर्मा (27) का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से वीरवार रात को निधन हो गया है। गुजरात के बड़ौदा स्थित एक अस्पताल में युवा क्रिकेटर ने अंतिम सांस ली। शुक्रवार को शव बड़ौदा से एयरलिफ्ट कर चंडीगढ़ लाया गया। यहां से पैतृक गांव ऊना जिले के बसदेहड़ा में शव पहुंचाकर दोपहर बाद 2:00 बजे विभौर साहिब में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है सिद्धार्थ की किडनी और अन्य अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। वहीं, परिजनों का आरोप है कि उन्हें मौत के सही कारणों की जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि हमारा बेटा किसी साजिश का शिकार हुआ है। मैचों में चयन को लेकर भी बेटा तनाव में था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। सिद्धार्थ हिमाचल की रणजी टीम में शामिल थे। अभी चल रही रणजी ट्रॉफी में सिद्धार्थ हिमाचल के लिए खेल रहे थे।

## नैतिकता अधिकारी ने खारिज की बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खिलाफ 'हितों के टकराव' की शिकायत

### कहा,शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता के दावों का कोई आधार नहीं है

नई दिल्ली। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के नैतिकता अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विनीत सरन ने बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खिलाफ हितों के टकराव का मामला खारिज कर दिया और कहा कि शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता के दावों का कोई आधार नहीं है। संजीव गुप्ता ने अपनी शिकायत में तर्क दिया था कि बिन्नी की पुत्रवधू मयंती लैंगर बिन्नी बतौर एंकर स्टार स्पोर्ट्स के साथ काम कर रही हैं जिसका बीसीसीआई से करार है जिससे यह हितों के टकराव का मामला बनता है। स्टार स्पोर्ट्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय राष्ट्रीय टीम के घरेलू टूनामेंटों के साथ आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट



परिषद) के सभी टूनामेंट का आधिकारिक प्रसारक है। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) की शीर्ष परिषद के पूर्व सदस्य गुप्ता भारतीय क्रिकेट के मशहूर खिलाड़ियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते रहे हैं जिसमें सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण और विराट कोहली भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति सरन ने अपने 11 पन्ने 20 बिंदुओं की रिपोर्ट में गुप्ता की शिकायत को खारिज कर दिया और कड़ी चेतावनी भी जारी की कि वह शिकायत संबंधित दस्तावेज ह्यगैर संबंधित पक्षों के साथ साझा नहीं करें।

गुप्ता की आदत है कि वह अपने सभी दस्तावेज सैकड़ों पत्रकारों, बीसीसीआई के पूर्व और मौजूदा अधिकारियों को ईमेल कर देते हैं। बीसीआई डॉट टीवी पर अपलोड किये गये। इस फैसले में सरन ने कहा, शिकायतकर्ता (गुप्ता) का मामला यह नहीं है कि मयंती लैंगर स्टार स्पोर्ट्स के बिक्री, विपणन, व्यवसाय या प्रबंधन में शामिल है। उन्होंने कहा, वह स्टार स्पोर्ट्स के लिये लाइव प्रसारण और पैनल की मेजबानी कर रही हैं। तथ्य यह है कि बीसीसीआई और आईपीएल के लिए मीडिया अधिकार 5.04.2018 और 27.06.2022 को स्टार स्पोर्ट्स को दिये गये थे और इसमें भी कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि बतौर अध्यक्ष प्रतिवादी (बिन्नी) ने अपनी पुत्रवधू को स्टार स्पोर्ट्स में शामिल करने के लिए मदद की। मयंती लैंगर स्टार स्पोर्ट्स की कर्मचारी भी नहीं है और वह सिर्फ बतौर एंकर अनुबंध पर काम कर रही हैं।

## अश्विन की गेंदबाजी से निपटने के लिए मार्नस लाबुशेन ने अपने खेल बदला

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन अगले महीने भारत के टेस्ट दौरे के दौरान रविचंद्रन अश्विन की गेंदबाजी का सामना करने के लिये बेताब हैं क्योंकि उन्होंने इस शीर्ष स्पिनर से निपटने क लिये अपने खेल में जरूरी बदलाव किये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2004 के बाद से भारत में कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीता है। टीम नागपुर (नौ से 13 फरवरी), नई दिल्ली (17 से 21 फरवरी), धर्मशाला (एक से पांच मार्च) और अहमदाबाद (नौ से 13 मार्च) में चार टेस्ट मैच खेलेगी। लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी में 53.25 के औसत से 426 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे लेकिन अश्विन ने उन्हें दो बार आउट किया था। लाबुशेन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, मैंने अश्विन के बारे में जो कुछ भी



सुना है और उसने मुझे जैसी गेंदबाजी की है, उससे अपने खेल में कुछ बदलाव किया है। उन्होंने कहा, मैंने अपने खेल में कुछ बदलाव किया है कि वह किस तरह से गेंदबाजी करेगा। उसके खिलाफ मुकाबला शानदार होगा जिसके लिये मैं और इंतजार नहीं कर सकता। लाबुशेन (28 वर्ष) ने कहा कि उन्होंने भारत दौरे के लिये अपनी तैयारी 2020-21 घरेलू श्रृंखला के बाद ही शुरू कर दी थी। वह इस समय बिग बैश लीग में ब्रिसबेन हीट के लिये खेल रहे हैं।

## किसान महापंचायत में पहुंचने के लिए किसानों ने कसी कमर

सकलडीहा। भाकियू की ओर से आगामी 14 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रयागराज में किसानों की राष्ट्रीय महापंचायत किसान महाकुंभ होने जा रहा है। गुरूवार को कैम्प कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में किसानों ने महाकुंभ पहुंचने की हुंकार भरा। इस दौरान किसानों विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया। महापंचायत को लेकर मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप तिवारी ने कहा कि किसान अपनी समस्या के निदान को लेकर लामबंद है। महापंचायत के माध्यम से किसानों की विभिन्न समस्या को संगठन के सामने रखा जायेगा। सरकार किसानों को विभिन्न प्रकार के योजनाओं से लाभ दिलाने का दावा करती है। लेकिन अधिकारियों की कोरम पूर्ति के कारण किसान आज भी परेशान है। मंडल



महापंचायत में पहुंचने को लेकर हुंकार भरते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

महासचिव विभूति नारायण तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायत के माध्यम से किसान सरकार को आगाह करेंगा। अंत में किसानों ने 14 जनवरी से होने वाले चार दिवसीय महापंचायत में किसानों को पहुंचने का आवाहन किया। इस मौके पर तहसील सकलडीहा अध्यक्ष रामअवतार सिंह, रसायन यादव, चन्द्रबली सिंह, राम नरायन राय, राधेश्याम शुक्ल, दयाराम शुक्ल, कलावती देवी, विद्या देवी, कंचन देवी, सत्यभामा देवी, उषा देवी, रामलाल यादव, मनोज यादव, कृष्ण कान्त मौर्य, सीता देबी आदि मौजूद रहे।

## चलो चंदौली जन चौपाल में योजनाओं की दी जानकारी

चहनियां। चलो चंदौली के तहत जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड क्षेत्र के सराय गांव स्थित गुलशन मेमोरियल महाविद्यालय में शुक्रवार को जन चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सकलडीहा उपजिलाधिकारी मनोज पाठक व क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने बच्चों का अन्न प्रासन्न, गोद भराई से लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।

इस दौरान उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने कहा कि चलो चंदौली जन चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल से सीधे गांवो में लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लोगों को लाभ जानने व लेने का मौका मिला है। क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की संचालित योजनाये चलायी जा रही है, जिसकी जानकारी बहुत लोगो को नहीं हो पा रही थी। ग्राम पंचायतों में अलग-अलग दिनांकों पर चलों चंदौली जनचौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के साथ ही इसका लाभ भी मिल रहा है, जिससे योजनाओं की जानकारी लेने के लिए अब किसी अधिकारी व कर्मचारीयों के यहां चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता, मनोज सिंह अपर जिला सहकारी अधिकारी सहकारिता विभाग, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रितेश कुमार, एडीयो पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह, बृजकिशोर यादव शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक शाखा चाहनियां, अशोक यादव सचिव, जागृति यादव, आंनद यादव, कंचन सिंह, अभिनव गुप्ता, डा.रामानंद उपाध्याय, पशु चिकित्सा अधिकारी डा मनोज यादव,खंड शिक्षा अधिकारी राकेश चतुवेर्दी,आपुर्ति विकास अधिकारी अमित द्विवेदी, मीना गुप्ता मौजूद रहे। संचालन दीनानाथ यादव ने किया।



सराय गांव में गुलशन मेमोरियल महाविद्यालय में जनचौपाल कार्यक्रम में निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय व अन्य।

## फुटबॉलः बिहार ने खिजिरपुर की टीम को दी शिकस्त

**फुटबॉल मैच**

### धानापुर में आयोजित प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच हुआ कांटे का मुकाबला

धानापुर। अमरवीर इंटर कॉलेज के मैदान पर अमर शहीद धानापुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में शुक्रवार को खिजिरपुर गाजीपुर और सोनपा बिहार के बीच हुए मुकाबले में सोनपा बिहार की टीम ने 1-0 से मैच जीत लिया। इस दौरान दोनों टीमों में कांटे का मुकाबला हुआ। सोनपा बिहार की तरफ से पहले हाफ के 40वें मिनट में सौरभ सिंह ने शानदार गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई जो मैच अंत तक बरकरार रहा।

खिजीरपुर की टीम मैच के अंत तक कोई गोल नही कर पाई। इस तरह शुक्रवार को खेले गए मैच में सोनपा बिहार की टीम विजेता रही। मैच के निर्णायक अमित सिंह रहे।



फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर दमखम दिखाते खिलाड़ी।

कमेंट्री आतिफ खान और इमरान खान ने संयुक्त रूप से किया। आज के मैच के मुख्य अतिथि रहे स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक खान मुहम्मद अनीस ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इतनी बड़ी प्रतियोगिता एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ बेहतर प्रतिभा के लिए खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम चला रखे हैं। प्रतिभागियों को अपना पंजीकरण करा कर अपने खेल को और भी बेहतर बना सकते हैं।इस दौरान हसन खान, रुस्तम खान, अरशद खान गुड्डू, राजन खान, शाहिद खान, हसनैन खान, मशहूद खान, तुफैल खान, नौरेज खान, उमेश प्रसाद, मनीष सिंह अमादपुर, राणा सिंह, अशोक सिंह, मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य के अंतर्गत शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सड़क पर नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो संजय ने कहा कि भारत सरकार सड़क सुरक्षा अभियान के माध्यम से कृत संकल्पित है कि सभी व्यक्ति राष्ट्र की संपत्ति है इस कारण सड़क पर चलने वाले सभी लोगों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक चलना चाहिए।

प्रो राजीव कुमार ने सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन की बात की। प्रो अरुण ने यातायात नियमों की अनदेखी करने के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर प्रकाश डाला। डा. संजय प्रताप ने ओवर स्पीड से बचने की सलाह दी। डा. शशिकला ने सड़क के चिन्हों को पहचान कर



एलबीएस महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते शिक्षक।

उसके अनुरूप चलने की बात की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन डा हर्ष श्रीवास्तव, स्वागत डा.अजय व धन्यवाद ज्ञापन डा. आशुतोष ने किया।

# चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्या

**समस्याएं सुनीं गई**

**जरूरतमंदों में बांटे गए कम्बल और शाल**

**बदलापुर।** विकास खंड के इनामीपुर ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत अधिकारी दुर्गेश तिवारी और ग्राम प्रधान रेनू तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि ग्राम चौपाल में जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह और बदलापुर खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार द्वारा ग्राम चौपाल में मौजूद ग्रामीणों की जन समस्या जैसे आवास, पेंशन, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित आदि कई समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण करते हुए शेष समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से निस्तारण करने की बात कही।

इस दौरान हल्का लेखपाल श्रद्धा तिवारी और ग्राम प्रधान पति चंदन तिवारी द्वारा मौजूद ग्रामीणों को कम्बल और शाल वितरण किया गया। मौके पर चंदन तिवारी, रामनिध तिवारी, रामनाथ, अखिलेश, संजीव तिवारी, बिबेक तिवारी, महेश चौधरी, दयाशंकर यादव, बिरेन्द्र शर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।


जरूरतमंद महिला को कम्बल वितरित करते अधिकारी

## छात्राओं से छेड़खानी के आरोप में दो गिरफ्तार

**मछलीशहर।** नगर के बिहारी महिला महाविद्यालय के बाहर छेड़खानी के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उक्त विद्यालय के गेट बाहर विद्यालय आ रही छात्राओं से दो युवक किसी न किसी बहाने बात करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान इस बात की सूचना किसी ने प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक को दे दी। उन्होंने फोर्स भेज दोनों युवकों को कोतवाली बुला लिया। जहाँ पूछताछ में एक ने अपना नाम शहनवाज निवासी प्रयागराज बताया जबकि एक असजद निवासी खानजादा मोहल्ला बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

# युवा अनुशासित होकर लक्ष्य प्राप्त करें : विद्यासागर

**संबोधन**

**युवा हवा बनें तूफान नहीं : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

**दो दिवसीय युवा महोत्सव के विजेता हुए पुरस्कृत**

**युवा महोत्सव में युवाओं में दिखा गजब का उत्साह**

**जनसंदेश न्यूज**


एमएलसी विद्यासागर सोनकर को मोमेंटो देकर सम्मानित करती कुलपति


समारोह में उपस्थित अतिथिगण


**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव के समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को शुक्रवार को पुरस्कार वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर ने कहा कि युवा मन से होता है उन्हें अनुशासित होकर लक्ष्य प्राप्ति करना चाहिए तभी सही दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में एक दूसरे की संस्कृति और संस्कार को जानने का मौका मिलता है। आज युवा सोच के चलते ही दुनिया हमारे सामने नतमस्तक होती है। समारोह की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि अन्य देश बने और मिट गये लेकिन युवाओं की सोच और संस्कृति के बल पर हमारा देश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि युवा हवा की तरह बनें तूफान की तरह नहीं, तूफान विनाश की ओर ले जाता है। कहा कि महोत्सव में ठंड और विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता हुई। इसमें ठंड हारा और विद्यार्थियों की जीत हुई। इसके पूर्व स्वागत गीत और कुलगीत विद्यार्थियों द्वारा किया गया। संचालन नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. नितेश जायसवाल, कार्यक्रम की रिपोर्ट आयोजन सचिव डॉ. गिरधर मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राकेश यादव ने दिया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, प्रो. अजय द्विवेदी, अविनाश पाथीर्डीकर, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. सुरेश पाठक, प्रो. बीडी शर्मा, डा. रसिकेश, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. द्विव्यंदु मिश्र, डॉ. अमित वत्स, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. एसपी तिवारी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सोनम झा, आलोक दास आदि उपस्थित रहे।

# छह महीने से खराब पड़ा है नदौली गांव का ट्यूबवेल

## सिंचाई के अभाव में किसानों की फसल हो रही खराब

**केराकत।** क्षेत्र के नदौली गांव का सरकारी ट्यूबवेल नंबर 165 करीब छः माह से बंद पड़ा है जिसके कारण सैकड़ों एकड़ की खेती बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।


खराब पड़ा ट्यूबवेल

हाल यह है कि किसान पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। किसानों की शिकायत है कि बिना स्टार्टर के ही ट्यूबवेल चलाया जाता है जिसके कारण हर बार ट्यूबवेल का मोटर जल जाता है। जब जब किसान शिकायत करते हैं ट्यूबेल कर्मचारी कुछ दिन सक्रिय हो जाते हैं उसके बाद वे फिर निष्क्रिय हो जाते हैं। पिछले छह महीने से ट्यूबवेल का मोटर खराब है। विभाग के कर्मियों से कहा जाता है तो वे ऊपर के कर्मचारियों की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के चक्कर में खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। नदौली गांव के किसान दीपनारायण सिंह ने बताया कि यह हाल लगभग प्रत्येक वर्ष रवि और खरीफ की बुवाई और सिंचाई के समय होता है। किसानों का कहना है कि विभाग के खिलाफ अब केवल प्रदर्शन ही उपाय जान पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार यही हाल अन्य गांवों में स्थित ट्यूबवेलों का भी है। कहीं ऑपरेटर नहीं हैं तो कहीं स्टार्टर तो कहीं मोटर खराब पड़ी है। किसानों ने जिलाधिकारी से ट्यूबवेलों को ठीक कराने की मांग की है।

# आजादी की लड़ाई में कायस्थों का अहम योगदान : सौरभ

**शपथ ग्रहण**

**कायस्थ कल्याण समिति के शपथ ग्रहण पर मनायी गयी विवेकानंद की जयंती**

**विधायक ने दिलायी शपथ**



**जौनपुर।** जौनपुर के कायस्थ कल्याण समिति द्वारा शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयन्ती मनायी गयी इस अवसर पर समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया।

मियांपुर स्थित एक लॉन में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि वाराणसी कैन्ट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव रहें, उन्होंने भगवान चित्रगुप्त व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज ने देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक उत्थान के साथ-साथ आजादी की लड़ाई में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, विपिन चन्द पाल, डॉ जगदीशचंद्र बसु, देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जैसे अनेक कायस्थ समाज के पुरोधाओं ने अपनी विद्वता और नेतृत्व कौशल से इस देश को एक नई दिशा दी। समस्त विश्व के सामने भारतीय संस्कृति और सभ्यता के शौर्य का डंका बजाने का श्रेय यदि किसी महापुरुष को जाता है तो वो हैं स्वामी विवेकानंद।

विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कायस्थ कल्याण समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कायस्थ कल्याण समिति को मजबूत करने की शपथ दिलाई व युवा शाखा व महिला शाखा की टीम को भी शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अस्थाना एवं संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव पप्पू ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव व महामंत्री विपनेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ कल्याण समिति को और मजबूत करने का प्रयास किया जायेगा, और शीघ्र ही कल्याण समिति आपके द्वार कार्यक्रम शुरू कर सभी चित्रांश बंधुओं को जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम में सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्रों में कार्य कर रहे अनेक चित्रांश बंधुओं को एवं मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए।

इस अवसर पर प्रदीप अस्थाना ई.आर.डी. श्रीवास्तव, सुनील अस्थाना, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया, ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, डॉ. रवि श्रीवास्तव, आलोक रंजन सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, गणतन्त्र श्रीवास्तव, हरिशंकर श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, डॉ मधुलिका अस्थाना, डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित रहे।

# दुकानों पर सजी रंग बिरंगी पतंगें लाई-चूड़ा की बिक्री जोरों पर

**15 जनवरी को सुबह उदया तिथि में मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा**

**पराऊगंज।** बाजारों में इस बार बड़े उत्साह पूर्वक रंग बिरंगी पतंग एवं दुकानों पर लाई चूड़ा की बोरियों की झलक दिखाई पड़ रही है। कोरोना महामारी के चलते बाजारों में पर्वों का महत्व फीका पड़ गया था किंतु इस बार मकर संक्रांति पर्व खिचड़ी पर बाजारों में लोगों को रेवड़ा, लाई, ढूंढा समेत छोटे बच्चों द्वारा पतंगों की खरीदारी करने के साथ लोगों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। ज्योतिषविद आचार्य पंडित प्रेम शंकर दुबे के अनुसार, मकर राशि की सूर्य संक्रांति 14 जनवरी शनिवार की रात्रि 2:53 बजे सुनिश्चित है इसलिए इसका पुण्यकाल एवं मकर संक्रांति (खिचड़ी) का स्नान दान एवं पर्व 15 जनवरी रविवार को मनाया जाएगा। पूरे दिन ही पर्व का मान होगा, मध्यान्ह तक का समय स्नान दान के लिए विशेष पुण्य फलदायक माना जाएगा। सर्वत्र गंगा नदी, अन्यत्र नदी तीर्थ एवं कुआं, सरोवर आदि में स्नान किया जाना शुभ होगा। आज के दिन खिचड़ी खाना खिलाना एवं दान करना पुण्य फलकारी माना गया है। ऊनी वस्त्र, दुशाला, कंबल, उपानह, धार्मिक पुस्तक पंचांग का दान विशेष कारक होता है। पंचांग के अनुसार ग्रहों के राजा सूर्य ग्रह 14 जनवरी दिन शनिवार को धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे इसलिए रविवार 15 जनवरी को सुबह उदया तिथि में मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा।



## मंकर संक्रांति पर होगा बिरहा मुकाबला

**चंदवक।** दशकों से मंकर सक्रांति के अवसर पर पुरानी बाजार में आयोजित होते चले आ रहे बिरहा दंगल का रोचक मुकाबला इस बार प्रख्यात बिरहा गायक दुर्जन यादव व संध्या द्रविड़ के बीच होगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम आयोजक अनिल सिंह ने दी है।

# बाइक सवार दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया है कि शुक्रवार को सुबह लगभग 8 बजे क्षेत्र भ्रमण के दौरान सहयोगी चौकी प्रभारी सतहरिया उपनिरीक्षक संजय सिंह व थाना मछलीशहर के साथ संयुक्त टीम के साथ हो रहे लगातार चोरी व छिनैती, वाहन चोरियों की घटनाओं को लेकर सरोखनपुर तिराहे पर विचार विमर्श किया जा रहा था कि तभी प्रतापगढ़ की ओर से बाइक पर सवार होकर दो लोग आते हुए दिखाई पड़े। पुलिस को देख दोनों वाहन घुमाकर भागने का प्रयास करने लगे लेकिन सफल नहीं हुए।


गिरफ्तार लुटेरों के बारे में जानकारी देती पुलिस

पुलिस द्वारा उनकी जमा तलाशी लेने पर उनके कब्जे से लूट की एक अदद मोबाइल फोन, आधार कार्ड एवं 470 रुपए नकद बरामद किया गया। वाहन का कागज मांगने पर उसे भी नहीं दिखा पाए। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम शमशाद अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम बैरमपुर सुवंसा तथा रोहित कुमार सरोज पुत्र राम समुझ सरोज निवासी ग्राम घुरीपुर सुवंसा थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ बताया।

पुलिस ने मोटर साइकिल को अपनी अभिरक्षा में लेकर उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाने में इसके पूर्व भी मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक संजय सिंह, हे.कां. संतोष कुमार यादव, का. अभिमन्यु यादव, रवि प्रकाश एवं उपनिरीक्षक सैय्यद हसन जफर रिजवी, का. वेद प्रकाश यादव थाना मछलीशहर शामिल रहे।

## बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत

**सुजानगंज।** एक बुजुर्ग महिला सड़क दुर्घटना में घायल हो गयी थी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि देई पत्नी श्रीरामदास बिंद 62 वर्ष मूल निवासी डीह गड़वार ग्राम पंचायत नारीपुर विकास खंड सुजानगंज मूल प्रवास बकराबाद मछलीशहर बीते 31 अक्टूबर की शाम 6:30 बजे घर के सामने सड़क पर निकली थी उसी समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया और फरार हो गयी। इस हादसे में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसको परिजन मछलीशहर के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जौनपुर में कुछ दिन निजी अस्पताल में इलाज कराने के बावजूद जब राहत नहीं मिली तो परिजन उसे प्रयागराज के कमला नेहरू अस्पताल ले गए जहां इलाज चल रहा था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। उनके पुत्र शंभू नाथ बिंद ने प्रयागराज के छतनाग घाट पर मुखाग्नि देकर दाह संस्कार कर दिया गया।

# फर्जी वर्दीधारी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मिली सफलता**

**कब्जे से स्कार्पियो, दस आधार कार्ड, एटीएम काड वर्दी सहित अन्य सामग्री बरामद**

**जौनपुर-भदोही बॉर्डर पर रात में करता था ट्रकों से वसूली**

**जौनपुर।** फर्जी दारोगा बनकर अवैध वसूली करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से नीली-लाल बत्ती लगी एक स्कार्पियो, हैंडसेट चार्जर के साथ, दो मोबाइल, 10 आधार कार्ड, तीन मोहर पैड, दो एटीएम कार्ड, एक कार्ड भारत सरकार का, एक जोड़ी वर्दी, उप निरीक्षक के साज सज्जा से संबंधित अन्य सामग्री बरामद की गई है। वह जौनपुर-भदोही बार्डर क्षेत्र में ट्रकों से वसूली करता था।


गिरफ्तार फर्जी दारोगा के बारे में मीडिया को जानकारी देती पुलिस

बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस का बिल्ला लगाए एक वर्दीधारी द्वारा जौनपुर-भदोही सीमा पर अवैध वसूली करने वाले के बारे में क्षेत्र के लोगों को जानकारी पहले थी, लेकिन पुष्टि न होने के कारण कोई बोल नहीं रहा था। इसी बीच वृहस्पतिवार की देर शाम को रामपुर थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच झारखंड का नंबर लिखी एक स्कार्पियो आई जिस पर नीली बत्ती लगी थी। पुलिस ने रोककर पूछताछ किया तो मामला संदिग्ध लगा। ऐसे में पुलिस ने गहनता से पूछताछ करना शुरू दिया। पहले तो स्कार्पियो सवार युवक अपने को उत्तर प्रदेश पुलिस का उप निरीक्षक बताते हुए जाने के लिए कहा, लेकिन जब पुलिस ने कड़ाई से पूछा तो पता चला कि वह फर्जी दारोगा बना है। तब उसने अपना नाम शैलेंद्र कुमार भारद्वाज निवासी शीतल टोला पोस्ट आधर थाना नवानगर जिला बक्सर बिहार बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ मड़ियाहूं ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि फर्जी दारोगा बनकर वसूली करने वाला युवक क्षेत्र में ही किराए का कमरा लेकर रहता था। ज्यादातर वह रात में नीली-लाल बत्ती लगी गाड़ी से निकलता था और जनता में धौंस जमाकर वाहन चेकिंग के नाम पर वसूली करता था।

# एंबुलेंस में महिला को डिलीवरी जच्चा-बच्चा हैं सुरक्षित

## ईएमटी व पायलट ने निभाई अपनी भूमिका

**करंजाकला।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के गांव निवासी एक युवती को प्रसव पीड़ा हुई। एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला ले जा रहे थे कि स्वास्थ्य केंद्र के दो किलोमीटर पहले ईएमटी व पायलट ने डिलिवरी सकुशल करा दी जिसकी लोगों ने प्रशंसा की है।



जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के गांव निवासी अमित यादव पत्नी पूजा यादव 29 वर्ष को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्होंने 108 एंबुलेंस को फोन किया और जिसमें मौके पर एंबुलेंस मे ईएमटी अभिमन्यु कुमार यादव, पायलट चंद्रसेन यादव लेकर पहुंचे और उन्होंने घर से पीड़ित को एंबुलेंस में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला की ओर चल दिए। जैसे ही प्रसव पीड़ा तेज हो गई उसके बाद ईएमटी अभिमन्यु कुमार व पायलट चंद्रसेन यादव ने अपनी सूझबूझ से अन्य सहयोगियों के साथ एंबुलेंस में ही डिलिवरी करा दी और जरूरत की दवाएं भी दी। जच्चा बच्चा स्वस्थ है और डिलवरी के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला डॉक्टरों को दिखाया। डॉक्टरों ने इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि डिलिवरी नॉर्मल हुई है। इसमें निश्चय ही पायलट चंद्रसेन यादव कि सराहनीय कदम रहा जिसकी सभी लोगों ने सराहना की है।

# युवा महोत्सव में काशी विद्यापीठ की टीम बनी विजेता

**महोत्सव**

**नृत्य, गायन, नाटक, फाइन आर्ट और वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**


युवा महोत्सव में विजेता टीम को पुरस्कृत करते एमएलसी व कुलपति


महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव का समापन शुक्रवार को हुआ। दो दिनों में संगीत, फाइन आर्ट और भाषण समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महोत्सव की समस्त प्रतियोगिताओं में काशी विद्यापीठ वाराणसी प्रथम, पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वितीय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय तृतीय और जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया चतुर्थ स्थान पर रहा।

क्लासिकल वोकल सोलो हिंदुस्तानी में महात्मा गांधी विद्यापीठ की दिव्यांशी प्रथम, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के आनंद द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय की शालू वैरागी तृतीय स्थान पर रही। लाइट वोकल इंडियन में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सूरज प्रथम, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के आनंद द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कृति साहू तृतीय स्थान पर रहीं। फोक समूह गान भारतीय में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम प्रथम, काशी विद्यापीठ के टीम द्वितीय एवं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही। वाद विवाद प्रतियोगिता में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मृत्युंजय पांडेय एवं अभिनव मिश्रा प्रथम उद्देश्य सिंह एवं आकांक्षा सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वितीय, कपिल एवं आशीष कुमार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ तृतीय स्थान पर है। वन एक्ट प्ले में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम प्रथम, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मूक अभिनय में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की टीम प्रथम, पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम द्वितीय एवं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही। ऑन स्पॉट पेंटिंग में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के जय गुप्ता प्रथम, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के आकाश शर्मा द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय की प्राची गुप्ता तृतीय स्थान पर रही।

कोलाज में मेरठ विश्वविद्यालय के अनमोल प्रथम एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शुभम द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की अंकिता भारती तृतीय, आजमगढ़ विश्वविद्यालय की श्रेया द्वितीय एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अक्षय कुमार प्रथम स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कि आर्यन प्रथम, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की अंशु कुमारी द्वितीय एवं आजमगढ़ विश्वविद्यालय की अमृता तृतीय स्थान पर रही। फोटोग्राफी के प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की दीपक भटनागर प्रथम, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रियांशु सिंह द्वितीय एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संस्कार श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। मेहंदी में काशी विद्यापीठ के मनीष कुमार प्रथम, पूर्वांचल की हिमांशी द्वितीय और मेरठ की कोमल तृतीय रही। दूसरे दिन संगीत, नृत्य एवं नाटक की प्रतियोगिताएं अवैध नाथ संगोष्ठी भवन में संपन्न हुई। इन प्रतियोगिताओं का समन्वयन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. एसपी तिवारी, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. मनीष कुमार सिंह, राहुल कुमार राय एवं डॉ. अवधेश कुमार ने किया। रज्जू भैया संस्थान के सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वाद विवाद प्रतियोगिता का संबंध में डॉ. अंकित कुमार एवं डॉक्टर सुधीर उपाध्याय ने किया। फाइन आर्ट की प्रतियोगिताएं फार्मेसी संस्थान में संपन्न हुई जिसके समन्वयक डॉ. विनय वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. रेखा पाल, डॉ. राजित राम सोनकर, मंगला प्रसाद यादव, डॉ. प्रभाकर सिंह, मधुमिता, डॉ. चंदन सिंह, इशानी एवं नेहा विश्वकर्मा रही।

# एफसीआई गोदाम पर सीबीआई की छापेमारी में दो गिरफ्तार

## एक लाख रुपये बरामद, दूसरे दिन ठप रहीं गतिविधियां

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पक्खनपुर गांव स्थित सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन पर पड़े सीबीआई की छापेमारी के दूसरे दिन खौफ का माहौल रहा। लेबर अघोषित छुट्टी पर रहे। जिसके चलते सारी गतिविधियां ठप रहीं। गुरुवार को सीबीआई ने सेन्ट्रल वेयर हाउस पर छापेमारी की थी जिसमें एफसीआई के तकनीकी सहायक सुजीत मौर्य पुत्र रामपलट तथा सरपतहां थाना क्षेत्र के जंगीपुर निवासी संदीप कुमार पुत्र राधेश्याम को गिरफ्तार किया गया था। पकड़े गए आरोपितों के पास से नकद रुपये भी बरामद हुआ जिसके बाद सीबीआई ने सीएचसी से मेडिकल कराकर उसे अपने साथ ले गयी। सीबीआई खौफ के चलते दूसरे दिन गोदाम पर सन्नाटा पसरा रहा। जहां ट्रकों की आमद कम हुई वहीं जो ट्रक माल लेकर आये या जिनको माल लेना था वह भी खाली बैठे रहे। बताया जाता है कि लेबर अघोषित छुट्टी पर हैं। हालांकि कोशिश की जा रही है कि काम चालू हो सके। मालूम रहे कि सीबीआई इंस्पेक्टर रोहित के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी। मामले में जिलाधिकारी भी मानिटरिंग कर रहे हैं। फिलहाल सीबीआई रात में ही लौट चुकी है लेकिन संचालन में वक्त लगेगा। सीडब्लूसी पर सीबीआई की छापेमारी ने करोड़ों के लेन-देन का खेल उजागर कर दिया। बताया जाता है कि प्रति ट्रक दस से बीस हजार रुपये का खेल चलता था। राइस मिलर कंडम चावल बेचने हेतु एफसीआई के कर्मचारियों को मोटी रकम उपलब्ध कराते रहे। यह खेल निकासी व उठान दोनों में चलता रहा। सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन की क्षमता पचपन हजार मिट्रिक टन है। उक्त गोदाम को भारतीय खाद्य निगम ने चालीस लाख रुपये प्रतिमाह किराये पर लिया है जिसमें प्रति दिन 80 ट्रकों की लोडिंग अनलोडिंग होती है। यहां दो जनपदों अम्बेडकर नगर व जौनपुर का गेहूं व चावल रखा जाता है।



एफसीआई गोदाम पर खड़ीं सीबीआई की गाड़ियां

# गांव की समस्या के समाधान के लिए लगाई गई चौपाल



**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लाक अंतर्गत तरसंड एवं सम्मोपुर कला गांव में गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान चौपाल में पहुंचे बीडीओ के समक्ष तरसंड गांव के लगभग 12 ग्रामीणों ने शौचालय एवं आवास की मांग की जिस पर वीडिओ ने आनलाइन आवेदन करवाने के लिए कहा तथा बताया की पात्रता जांच के बाद सरकार के हर महत्वपूर्ण योजना का लाभ पात्र लोगों को दिया जाएगा। सम्मोपुर कला गांव में ग्रामीणों ने गांव में नाली खड़ंजा बनवाने की मांग की जिस पर बीडीओ ने बताया जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान सेक्रेटरी अरविंद यादव, धर्मेंद्र राय, ग्राम प्रधान उषा सिंह, जयप्रकाश सिंह, दीपक सिंह, लाल बहादुर यादव, राम आजाद, ज्ञानेश्वर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# जौनपुर का युवक सऊदी अरब में बनाया गया बंधक

**गुहार**

### पीड़ित ने फोन पर स्वजनों से लगाई वतन वापसी की गुहार

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के ईशापुर गांव का रोजी रोटी कमाने की गरज से सऊदी अरब गए युवक को उसके मालिक ने बंधक बना लिया है। पीड़ित ने गुरुवार को फोन पर स्वजनों तथा गांव के ही पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार श्रीवास्तव से वतन वापसी की गुहार लगाई। गांव निवासी अबूसाद 26 लगभग तीन वर्ष पूर्व ड्राइवर की नौकरी करने सऊदी अरब गया था। बताते हैं कि पहले तो एक दो साल तक सब ठीक-ठाक चला किंतु धीरे-धीरे उसके नियोक्ता (मालिक) ने उससे ड्राइवरी के अलावा अन्य काम भी कराने शुरू कर दिया जो अनवरत बढ़ता ही गया। बाद में अबूसाद ने जब ड्राइवरी के अलावा अन्य कार्यो को करने से मना किया तो आरोप है कि उसके नियोक्ता ने उसे खाना आदि न देने की ज्यादती करने लगा। इसके बाद अबूसाद ने उसके यहां नौकरी करने से मना करते हुए जब घर वापस आने की बात कही तो वह टाल-मटोल करने लगा। इधर कुछ दिनों से जब उससे एक घर ही नहीं बल्कि चार-पांच घरों का कार्य लिया जाने लगा तो अबूसाद घर आने के लिए ज्यादा ही जोर देने लगा। आरोप है कि इसके बाद उसके नियोक्ता ने उसका पासपोर्ट, वीजा समेत अन्य जरूरी दस्तावेज जब्त कर उसे बंधक बना लिया। गुरुवार को जब उसने किसी तरह अपने घर फोन कर आपबीती सुनाई तो मां जोहर व बहन कायनात परेशान हो उठीं। जोहर के पति अर्थात अबूसाद के पिता सुकुरुल्लाह की पहले ही मौत हो चुकी है। अब बेटे की हजारों किमी दूर किसी अनजान देश मे ऐसी दशा सुनकर जोहर व कायनात का रो-रोकर बुरा हाल है। वे किसी भी तरह बेटे की सकुशल घर वापसी के लिए परेशान हैं।

### लूट का प्रयास नहीं, ओवरटेक को लेकर हुआ था विवाद

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के अरसियां-अलीपुर मार्ग पर बुधवार को कार सवार दंपति से लूट का प्रयास नहीं बल्कि बाइक सवारों से ओवरटेक को लेकर विवाद हुआ था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो मामले का राजफाश हुआ। खुटहन थाना क्षेत्र के शेख अशरफपुर निवासी शनि कुमार तिवारी बुधवार को कार से अपने स्वजनों संग अपनी रिश्तेदारी उनुरखा जा रहे थे। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उन्होंने आरोप लगाया कि वे अरसियां बाजार से जैसे ही दो किमी आगे बढ़े बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक करके तमंचे से आतंकित कर जबरन रोक लिया। इतना ही नही वे गालियां देते हुए उनकी कार का दरवाजा जबरन खोलने का प्रयास करने लगे। किंतु इस बीच किसी तरह वे जान बचाकर मौके से भाग निकले। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरपतहां संजय सिंह ने बताया कि आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो मामला ओवरटेक का निकला। जहां तक आरोपितों के पास तमंचे का सवाल है तो उसकी जांच की जा रही है जिसके बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सीएमओ ने किया टीकाकरण अभियान का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** शाहगंज ब्लाक के विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान का सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को मजडीहा गांव में निरीक्षण किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम टीकाकरण से इन्कार करने वाले परिवारों के बच्चों को टीकाकरण करते पाई गई। सीएमओ ने भी ऐसे परिवारों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया।

डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और एसएम नेट की टीम छूटे बच्चों को टीकाकरण के लिए विशेष अभियान चला रही है। पीएचसी सोंधी के एमओआईसी डा. रमेश चंद्रा के नेतृत्व में खेतासराय, मजडीहा, कौड़िया, सोंगर, कयार, भुड़कुड़हा में छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण का निरीक्षण करने सीएमओ मजडीहा गांव पहुंची। तब तक टीम एक दर्जन छूटे बच्चों का टीकाकरण कर चुकी थी। उन्होंने टीकाकरण न कराने से बच्चों पर इसके दुष्प्रभाव के बारे में बच्चों के परिवार वालों को बताया। टीम में चिकित्साधिकारी डॉ. मसूद अहमद, डीएमसी गुरदीप कौर, बीएमसी अवधेश कुमार तिवारी, शिक्षा स्वास्थ्य अधिकारी अजय कुमार सिंह, अवधेश कुमार, एएनएम हौसला राय, अर्चना प्रजापति, उर्मिला देवी, राममिलन यादव रहे।



टीकाकरण अभियान का निरीक्षण करती सीएमओ

# केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा

**जौनपुर।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा का आयोजन गुरूवार को बदलापुर पड़ाव स्थित एक पैलेस पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के डीएलए नरेश मोहन दीपक एवं विशिष्ट अतिथि डीआई जौनपुर चंद्रेश द्विवेदी तथा अति विशिष्ट अतिथि आईएमए अध्यक्ष डा. अरुण कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम सभा की अध्यक्षता शकील अहमद ने किया।

शकील अहमद ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से किया। मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने ऑनलाइन मेडिसिन, नकली दवाओं से बचने और निगाह रखने की जरूरत बताया। उन्होंने कहाकि फरवरी में अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में हल्ला बोल का कार्यक्रम किया जाएगा जिसका आयोजन ब्लॉक व तहसील लेवल से शुरूआत होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दवा की खरीद अपने निकटवर्ती स्टॉकिस्ट्स से खरीदें और नकली या अधोमानक दवाओं से बचें। एआईओसीडी के वोकल फार लोकल के नारे को दोहराया और इस बात पर चिंता व्यक्त की कि रिटेल में 20 प्रतिशत के डिस्काउंट से दवा व्यवसाय और ग्राहकों दोनो का नुकसान हो रहा है। ज्यादा डिस्काउंट के चक्कर में नकली या अधोमानक दवाइयों की संभावना बढ़ जाती है। ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा की दुकान चलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिविशिष्ट अतिथि डा. अरुण कुमार मिश्र ने स्वामी विवेकानंद को जन्म दिवस पर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि नरेश मोहन दीपक ने अपने उद्बोधन में नकली दवाओं को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बताया और इस व्यापार में लिप्त लोगों को समाज का सबसे बड़ा अपराधी बताया।



मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित करते एसोसिएशन के लोग

### युवक हुआ जहर खुरानी का शिकार

**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र के चेरापुर निवासी सुजीत कुमार यादव मुंबई घूम कर वापस आते समय प्रयागराज में जहरखुरानी का शिकार हो गया। जानकारी होने पर परिजन प्रयागराज पहुंच गए। उसे बबूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि सुजीत कुमार यादव उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में संविदा ड्राइवर हैं। 4 जनवरी को मुंबई घूमने गए। वापसी कामायनी एक्सप्रेस से प्रयागराज उतर कर परिजनों को फोन से सूचना दिया की प्रयागराज पहुंच गया हूं। आधे घंटे बाद रोडवेज बस पकड़कर घर आ जाऊंगा। कुछ समय बाद परिजनों द्वारा उनके नंबर पर फोन करने पर फोन रिसीव नहीं हो रहा था। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान थे तभी नशे की हालत में सुजीत का फोन आया कि किसी ने कुछ खिला दिया है मैं गिर गया हूं मुझे चोट आई है मैं सिविल लाइन रोडवेज में हूं। परिजन निजी वाहन से प्रयागराज पहुंचे। सिविल लाइंस रोडवेज परिसर के पिछले गेट के बाहर बेहोशी के हालात में मिले परिजन अपने साथ बाबूसराय लाकर निजी चिकित्सालय में इलाज करा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि लगता है रेलवे स्टेशन से रोडवेज के बीच में ही घटना घटी है उनके पास से सारे सामान गायब हैं सिर्फ मोबाइल बचा है।

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शिकायतों का किया निस्तारण

**ग्राम चौपाल**

### ग्राम चौपाल में आये शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हो सुनिश्चित

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल गॉव की समस्या, गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सुरियावां विकास खंड के पुरेमनोहर एवं बहुताचकडाही गॉव में नामित नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव, खण्ड विकास अधिकारी सुरियावॉ कमलजीत सिंह व जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भूषण त्रिपाठी, विकास खण्ड अभोली में भानीपुर एवं गोकुलपट्टी में जिला पंचायत अधिकारी राकेश कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के पाली एवं सरईमिश्रानी में जिला सहकारिता निबन्धक, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के डभका एवं मवैयाहरदोपट्टी में नामित नोडल अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के नारेपार एवं गोलखरा में उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के बेदमनपुर एवं चौरीखास में उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं खण्ड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्या, गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के दो-दो ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा के परिवार पर प्रशासन की कार्रवाई जारी

**ज्ञानपुर।** पूर्व विधायक विजय मिश्रा के परिवार पर पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। शुक्रवार को भदोही पुलिस ने प्रयागराज पहुंचकर विजय मिश्रा के भतीजे मनीष मिश्रा की संपत्ति को कुर्क किया है। जिसकी कीमत सात करोड़ तीस लाख रुपए बताई जा रही है। भदोही पुलिस ने नियम के तहत मुनादी करते हुए कुर्की का नोटिस घर पर चिपका दिया। जिस संपत्ति को कुर्क किया गया है वह तीन मंजिला मकान है। पूर्व बाहुबली विजय मिश्रा के बेटे, बहू और भतीजे की अब तक करोड़ों की संपत्ति को कुर्क किया जा चुका है, यह सभी संपत्ति विजय मिश्रा की काली कमाई से बनाई गई थी। यह संपत्ति हंडिया थाना क्षेत्र के खपटिया गांव में मौजूद है। तीन मंजिला आलीशन मकान की कीमत 7.30 करोड़ है। इसे विजय मिश्रा की बेनामी संपत्ति माना जा रही है जो कि भतीजे मनीष मिश्रा के नाम पर है। भदोही पुलिस ने यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की है। मनीष न केवल विजय मिश्रा का भतीजा है बल्कि उसके गैंग का सक्रिय सदस्य भी है। विजय मिश्रा इन दिनों आगरा की जेल में बंद है। इससे पहले भी प्रयागराज के बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम म्युनिसपल में आधुनिक सुविधाओं से लैस मनीष का एक और मकान कुर्क किया गया था।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### कायाकल्प विद्यांजलि के तहत मिली सहयोग राशि

**ज्ञानपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कायाकल्प विद्याजंलि के तहत 22155 रुपए की सहयोग राशि दिया गया जो बहुत ही सराहनीय है। बीएसए ने बताया कि जिलाधिकारी गौरांग राठी जी के आह्वान पर जनपद भदोही के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक परिवेश एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु सहयोगियों द्वारा भदोही विद्यांजली कायाकल्प सोसायटी के यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया ज्ञानपुर भदोही के खाता में अब तक कुल 22155 रुपये की सहयोग राशि प्रेषित की जा चुकी है। साथ ही भदोही में रह रहे व अन्य शहरों में निवासरत सुविधा सम्पन्न जनमानस से अपील है कि आगे बढ़ कर अपने गाँव एवं क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में योगदान देकर अपनी भावी पीढ़ी हेतु सर्व सुविधायुक्त परिषदीय विद्यालयों के निर्माण में अपना सहयोग दें एवं औरों को भी प्रेरित करें। बीएसए ने बताया कि अन्नदान श्रेष्ठ दान में आता है परंतु विद्यादान उससे भी श्रेष्ठ है। अन्न से क्षणिक तृप्ति होती और विद्या आजीवन साथ रहती है। अतः विद्या के लिए किया गया योगदान सर्वश्रेष्ठ दान है। इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

# तालाब पर बसे गरीबों को बेदखल न करने को लेकर 'आप' ने सौंपा पत्रक

**मांग**

### कलेक्ट्रेट पहुँचकर एडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**भदोही।** औराई तहसील क्षेत्र के औराई चौराहे के पास नरथुआ तालाब पर बसे गरीब व भूमिहीन को बेदखल न करने के सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधमंडल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुँचकर एडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

डीएम को दिए ज्ञापन के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने बताया कि समाज सेवा से जुड़े होने के कारण नरथुआ गाँव में तालाब पर बसे लोगो से जनसम्पर्क किया गया तो पता चला कि वे लोग सौ वर्षो से उक्त जमीन पर घर बनाकर रह रहे है। उन लोगों ने अपनी पीड़ा एवं दर्द बयान करते हुए कहा कि अगर जिला प्रशासन उन्हें अन्यत्र व्यवस्था नही देती है तो हम लोग निश्चित रूप से इस कड़ाके के ठंड में बेघर हो जाएंगे, ऐसी स्थित में जब तक उक्त तालाब पर बसे लोगो के लिए जिला प्रशासन स्तर पर अन्यत्र आवास की व्यवस्था नहीं कर दी जाती, तब तक के लिए उक्त तालाब से बेदखल न किया जाय, क्योकि महिलाये व बच्चे भी साथ में है और ये इस कड़ाके की ठंड में कहा जायेंगे। आम आदमी पार्टी ने गरीबो को अन्यत्र बसाये जाने के बाद ही बेदखली की कार्यवाही करने की माँग की। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक यादव, महिला जिलाध्यक्ष कविता राय एडवोकेट, पंकज कुमार (एडवोकेट), ओम प्रकाश तिवारी, श्रमिक नेता, रोशन अली मिडिया प्रभारी आदि लोग मौजूद रहें।



कलेक्ट्रेट पहुँचकर एडीएम को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के लोग

## संक्षेप

### मकर सक्रांति पर्व को लेकर वितरित हुई खाद्य सामग्री

शाहगंज। मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर सामाजिक संस्था लायंस क्लब स्टार द्वारा गरीबों में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। नगर के मालगोदाम रोड पर गरीबों के बीच लाई-चूड़ा, गट्टा गुड़ सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया और छोटे-छोटे बच्चों को पतंग व धागा भी वितरित किया गया। संस्था अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ने कहा कि मकर सक्रांति पर दान देने की प्रथा है। गरीबों, असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। गरीबों की मदद करना साक्षात ईश्वर की पूजा के करने के समकक्ष है। कार्यक्रम में मौजूद प्रोग्राम डायरेक्टर रुपेश जायसवाल ने कहा कि अन्न दान सबसे बड़ा दान होता है। गरीबों के चेहरे पर मुस्कुराहट से हमें नई प्रेरणा मिलती है। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारूकी, संजीव जायसवाल, मनोज जायसवाल, आनंद मोदनवाल, मनीष अग्रहरि, धीरज पाटिल, वेद प्रकाश जायसवाल, आनंद मोदनवाल आदि मौजूद रहे।
चाइनीज मांझा के विरुद्ध निकली जन जागरुकता रैली

### फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज में हुआ आयोजन

शाहगंज। फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कालेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत स्वयं सेवकों ने चाइनीज मांझा के विरुद्ध जन जागरूकता रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डा. तबरेज आलम ने झंडी दिखा रवाना किया। रैली सबरहद से होते हुए शाहगंज नगर पहुंची जहां जेसीआई शाहगंज सिटी की जूनियर जेसी विंग ने उसका स्वागत किया तथा नगर भ्रमण कर लोगों को चाइनीज मांझा के प्रयोग के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डा. अनामिका पांडेय की देख रेख में रैली निकाली गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्रवक्ता डा. राकेश सिंह, रियाज अहमद, डा. भाष्कर तिवारी, खुर्शीद हसन खॉ, आर्यन अग्रहरी, रोमिल अग्रहरी, आर्यन यादव, हिमांशु, विशाल, विकास आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत

मड़ियाहूं। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बाबागंज बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के बीरबलपुर गांव निवासी आदित्य 17 वर्ष पुत्र मनोज अपनी मां सीमा को बाइक से लेकर मलिकानपुर अपने ननिहाल जा रहा था। वह जैसे ही बाबागंज बाजार में पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार किशोर अपनी मां को लेकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूं पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने आदित्य 17 वर्ष पुत्र मनोज निवासी बीरबलपुर थाना को मृत घोषित कर दिया। मां सीमा को हल्की चोटें आई हैं उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अन्तर्गत कोपा गांव निवासी दो बाइक सवार भूसा लदे ट्रक से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरन्त सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। कोपा गांव निवासी सफाई कर्मी 48 वर्षीय मुकेश गौतम पुत्र कलई अपने पिता की बरसी का सामान लेने सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर बाजार जा रहे थे। इनके साथ गांव के ही 52 वर्षीय छोटे लाल भी बाइक पर साथ थे। खरीददारी कर गुरुवार देर शाम घर लौट रहे थे। इसी दौरान हलियापुर बेलवाई मार्ग पर देवनगर बाजार के समीप अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 50ए-9312 से टक्कर हो गयी जिसमें दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर के बाद परिजन सीएचसी पहुंचे। फिलहाल शव पोस्ट मार्टम हेतु सुल्तानपुर जनपद भेजा गया है।

### पंचायत भवन को चोरों ने बनाया निशाना

सुइथाकला। थाना क्षेत्र के खेतापुर गाँव के पंचायत भवन को बीती रात चोरों ने अपना निशाना बना डाला। वहाँ पर लगे इनवर्टर सहित अन्य सामान की चोरी कर ग्राम पंचायत को लाखों का चूना लगा दिया। मामले में ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गयी है।बताया जाता है कि गुरूवार की रात थाना क्षेत्र के खेतापुर गांव के पंचायत भवन को चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए दरवाजा तोड़कर इलेक्ट्रानिक के सामान, इनवर्टर, कम्प्यूटर, सीसी कैमरा सहित अन्य सामान उठा ले गए। मामले की सूचना पर ग्राम प्रधान ने मौके पर जाकर देखा तो सभी सामान गायब थे। प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि कोई लिखित सूचना नहीं है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और आवश्यक जानकारी ली।

### सफाईकर्मी के निधन पर कर्मचारियों ने जताया शोक

खेतासराय। शाहगंज ब्लाक के ताखा पश्चिम गांव में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत मुकेश गौतम की सड़क हादसे में हुई मौत की खबर मिलते ही ब्लाक कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सूचना पर कर्मचारियों ने ब्लाक कार्यालय सोंधी परिसर में शुक्रवार को बीडीओ नंदलाल कुमार की अध्यक्षता में शोकसभा की। इसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक सफाईकर्मी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, एडीओ पंचायत लक्ष्मीचंद, सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष बालकृष्ण यादव, विजय कुमार, दुर्गेश शर्मा, चंद्रशेखर यादव, सुनीता यादव, कमलाकांत मौर्या, सत्यपाल सिंह, राजकुमार मौजूद रहे।

### पॉलिथीन को लेकर अधिशासी अधिकारी ने लोगों को किया जागरूक

लालानगर। स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्ग स्वच्छ ढाबा व रेस्टोरेंट अभियान के तहत गोपीगंज नगर के एक प्रतिष्ठित दुकान पर अधिशाषी अधिकारी अमिता सिंह ने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों एवं मोजूद लोगो को उक्त अभियान के विषय में जानकारी दी। इस दौरान लोगो को प्रतिबंधित पालीथीन के स्थान कपड़ा का झोला के प्रयोग और सूखा कचरा, गीला कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखने के संबध में जानकारी दिया गया। जिसमे प्रमुख रूप से पालिका कर्मचारी आशीष यादव, शशि प्रकाश, विवेक, जनक मौजूद रहे।

### एसबीआई शाखा प्रबंधक ने सौ गरीबों में बांटे कम्बल

जलालपुर। एसबीआई के सभी कर्मचारियों के सहयोग से गुरुवार की शाम को कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के सौ गरीब महिला व पुरुषों को कम्बल वितरित किया गया। शाखा प्रबंधक मो. इम्तियाज ने कहाकि बैंक कर्मियों ने सहयोग राशि इकट्ठा करके इस भीषण ठंड में कम्बल वितरण करने का कार्य किया है। गरीब व असहाय लोगों की मदद करना एक पुनीत कार्य है। ऐसे कार्यों में सहयोग के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। इस मौके पर सत्य प्रकाश, अरविंद कुमार, संजय कुमार, मनीष, अनिल आदि मौजूद रहे।

### पदभार ग्रहण कर सीडीओ ने गिनाई प्राथमिकताएं

ज्ञानपुर। उपसचिव ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ रमेश चंद्र मिश्र के आदेश के क्रम में उन्नाव जनपद में परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत रहें यशवंत कुमार को पदोन्नति के फलस्वरूप भदोही जनपद के मुख्य विकास अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई।शुक्रवार को नए सीडीओ यशवंत कुमार ने विकास भवन में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नए सीडिओ ने प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो लक्ष्य मिला हैं उसे तय समय में पूर्ण कराया जाएगा।सीडीओ के निर्देश पर आज शनिवार को सभी ब्लाक मुख्यालय खुले रहेंगे। ज्ञात हो कि 31 दिसम्बर को मुख्य विकास अधिकारी रहें भानुप्रताप सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद सीडीओ कार्यालय में कुर्सी खाली चल रही थी, हालांकि प्रभारी सीडीओ के तौर पर श्याम जी कार्यभार देख रहे थे।

### दिव्यांग दम्पत्ति को शादी के लिए मिलेगा पुरस्कार

ज्ञानपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह पुरस्कार योजना के अंतर्गत गत वर्ष एवं चल रहे वित्तीय वर्ष में हुई शादी हेतु दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर 15 हजार व युवती के दिव्यांग होने पर 20 हजार तथा युवक युवती दोनो के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप दिया जायेगा। बताया कि शादी के समय दम्पत्ति में युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तक तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष से अधिक न हो। बताया कि सीएमओ द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार 40 प्रतिशत दिव्यांगता या उससे अधिक होनी चाहिए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर हुई शोक सभा

भदोही। जनता दल (यूनाइटेड) व राष्ट्रीय जनता दल की एक संयुक्त शोक सभा नगर के नेशनल तिराहा के पास स्थित एक प्रतिष्ठान में हुई। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। इस दौरान जद (यू) के जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने कहा कि शरद यादव ने छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत की। वें सात बार लोकसभा का सदस्य और तीन बार राज्यसभा के सदस्य रहे। केंद्र में कई विभागों के मंत्री भी रच चुके थे। इमरजेंसी के दौरान वें जेल भी गए थे। उन्होंने कहा कि शरद यादव जनता दल व जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के शोषित, दलित, वंचित, पिछड़ों व कमजोर लोगों के उत्थान को समर्पित कर दिया था। इधर दो वर्षों से वें बीमार चल रहे थे। उनके निधन से समाजवादी राजनीति की अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई संभव नहीं। शोक सभा में उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत में दो मिनट का मौन रखकर की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता नेता तेज बहादुर यादव, डॉ.लोलारख उपाध्याय, डीएम सिंह गहरवार, ओमप्रकाश मौर्या, जफर महमूद अंसारी, मो.फिरोज खां, विनय राय, विमलधर दुबे, शिवनरेश यादव, कृष्णा मिश्रा, प्रभाकर सिंह, आशिक अली अंसारी, प्रियांशु सिंह, अमरेश पाठक, डॉ.एसएन दुबे, सुधीर पाठक, परवेज आलम अंसारी, सुशील पाठक व अब्दुल मुतल्लिब अंसारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# समाजवादी आंदोलन की मुखर आवाज जो खामोश हो गई



## अलविदा शरद यादव 1947-2023



रवि प्रकाश सिंह


समाजवादी आंदोलन से निकले नेता शरद यादव की आवाज हमेसा के लिए खामोश हो गयी। लेकिन उनके राजनीतिक सफर को भारतीय राजनीति में हमेसा याद रखा जायेगा। एक ऐसा नेता जिसने डॉ. लोहिया को अपना आर्दश बनाया तो जय प्रकाश नारायण यानी जेपी को गुरु। लोहिया के सिद्धांतों पर चलकर सामाजिक लड़ाई लड़ी तो जेपी के कहने पर उप चुनाव में लड़ा और जीता जीता। वो नेता जिसने मंडल कमिशन की सिफारिशों को लागू कराने में अहम भूमिका निभाई तो लालू को सीएम भी बनाया। ऐसा नेता की जिसकी पृष्ठभूमि तीन राज्यों से होकर गुजरी, राजनीति का शुरुआत मध्य प्रदेश और बाद में यूपी और बिहार की राजनीति का बड़ा चेहरा बना। शरद यादव का जन्म मध्य प्रदेश में हुआ लेकिन उनकी कर्मभूमि उत्तरप्रदेश और बिहार रही। जेपी आंदोलन से निकलकर भारतीय राजनीति में एक अलग पहचान बनाने वाले शरद यादव के नाम ऐसी कई उपलब्धियां है जिसका बखान करना भारतीय राजनीति में छोटी बात होगी। जेपी आंदोलन लोहिया के आदर्श पर चलने वाले और उनकी उंगली पकड़कर सक्रिय राजनीति में खुद को स्थापित करने वाले कम ही नेता है, उनका परिधान भी परंपरागत यानी धोती कुर्ता था। उसमें चंद्र शेखर सिंह, मुलायम सिंह यादव का नाम आता है।

संसद में समाजवादी विचारों को दमखम के साथ रखने वाले शरद यादव कभी अपनी कही बातों से पीछे नहीं हटे, हां इसका राजनीतिक खामियाजा भी उन्हें उठाना पड़ा। संबन्धों का निर्वहन कैसे किया जाता है ये शरद यादव के अंदर कूट-कूट कर भरा था। वाराणसी में कृष्णानंद राय की हत्या में जब राजनाथ सिंह समेत कई नेता धरने पर बैठे थे और इस बात की जानकारी लगने पर शरद यादव खुद यहां आये धरने का समर्थन किया। वहीं जब 2014 में नरेंद्र मोदी के खिलाफ जब केजरीवाल वाराणसी ताल ठोकने उतरे तो उस समय केजरीवाल के शरद यादव प्रचार करने वाराणसी आये थे।

### 27 साल की उम्र में बने सांसद और तीन बार दिया इस्तीफा

1947 को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद के बंदाई गांव के एक किसान परिवार में जन्मे शरद यादव 27 की उम्र में जबलपुर लोकसभा सीट से सांसद चुनकर पहली बार शरद यादव संसद पहुंचे। मध्य प्रदेश मूल का होते हुए भी अपने राजनीतिक जीवन की धुरी बिहार और उत्तर प्रदेश की सियासत से बनाई। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज (रॉबट्र्सन मॉडल साइंस कॉलेज) के छात्र संघ अध्यक्ष भी चुने गए।





### बनारस से था लगाव लगा था आना-जाना

शरद यादव का बनारस आना जाना लगा रहा। लंबे समय तक यहां के लोगों से मिलते-जुलते रहे। 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान शरद यादव बनारस आए थे। मोदी के खिलाफ उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अरविंद केजरीवाल के लिए चुनाव प्रचार किया था। उनके लिए समर्थन मांगने के बाद वापस चले गए थे। इसके पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के समय जब मौजूदा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठे थे तब शरद यादव यहां आए थे। उन्होंने राजनाथ सिंह के धरने को समर्थन दिया था।

### जेपी और लोहिया को माना गुरु

जब शरद यादव छात्र राजनीति में मशगूल थे, तब देश में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के लोकतंत्र वाद और डॉ. राम मनोहर लोहिया के समाजवाद की क्रांति की लहरें परवान चढ़ रही थीं। शरद यादव भी इनसे खासे प्रभावित हुए। डॉ. लोहिया के समाजवादी विचारों से प्रेरित होकर शरद ने अपने मुख्य राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। युवा नेता के तौर पर सक्रियता से कई आंदोलनों में भाग लिया और आपातकाल के दौरान मीसा बंदी बनकर जेल भी गए।

### यूपी, एमपी और बिहार से सांसद रहे शरद यादव

1977 में चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे, उस वक्त वह युवा जनता दल के अध्यक्ष थे। 1986 में वह राज्यसभा से सांसद चुने गए और 1989 में यूपी की बदाऊं लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर तीसरी बार संसद पहुंचे। 1989-90 में टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री रहे। 1991 से 2014 तक शरद यादव बिहार की मधेपुरा सीट से सांसद रहे। 1995 में उन्हें जनता दल का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया और 1996 में वह पांचवी बार लोकसभा का चुनाव जीते। 2001 को वह केंद्रीय श्रम मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री रहे। 2004 में वह राज्यसभा से दूसरी बार सांसद बने और गृह मंत्रालय के अलावा कई कमेटियों के सदस्य रहे। 2009 में वह 7 वीं बार सांसद बने और उन्हें शहरी विकास समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

### लालू प्रसाद को सीएम बनाने में अहम रोल

1990 में लालू प्रसाद को बिहार का मुख्यमंत्री बनवाने में उनकी अहम भूमिका थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने राम सुंदर दास को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया था। लेकिन शरद यादव ने तत्कालीन डिप्टी पीएम चौधरी देवी लाल को जनता दल के सीएम उम्मीदवारों के बीच चुनाव कराने के लिए राजी कर लिया और अखिरकार राजनीतिक दांव पेंच के बाद लालू यादव बिहार के मुख्यमंत्री बने।

### आरजेडी और कांग्रेस गठबंधन के सूत्रधार थे शरद यादव

2015 में जब बीजेपी के खिलाफ आरजेडी और कांग्रेस के साथ मिलकर नीतीश कुमार ने बिहार में महागठबंधन बनाया तो शरद यादव को इसका सूत्रधार माना गया। बाद में नीतीश कुमार ने जब फिर बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया तो शरद यादव उनके इस फैसले से खुश नहीं थे। बाद में वे जेडीयू से खुद को अलग कर लिया और एक अलग पार्टी बना ली, जिसका की राष्ट्रीय जनता दल में विलय हो गया।



### जेपी ने लड़वाया था पहला चुनाव

शरद यादव ही वो चेहरे हैं जिन्हें जेपी आंदोलन से निकलने के बाद पहली जीत मिली थी। टीम जेपी से सलाखों के भीतर रहकर जीत हासिल करने वाले शरद यादव पहले राजनेता थे। जेपी के छात्र आंदोलन का देश की राजनीति पर आनेवाले समय में कितना असर होने वाला है इसकी पहली झलक 1974 में शरद यादव ने दिखाई थी। दरअसल, जेपी ने छात्र आंदोलन के बाद जिस पहले उम्मीदवार को हलधर किसान के चुनाव निशान पर चुनाव लड़वाया था वो कोई और नहीं बल्कि शरद यादव थे और उनकी उम्र महत 27 साल थी। इतना ही नहीं आपातकाल के समय तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने लोकसभा सदस्यों का कार्यकाल 5 साल से बढ़ाकर 6 साल कर दिया था और इसके विरोध में सिर्फ दो सांसदों ने इस्तीफा दिया था जिनमें मधु लिमये और शरद यादव का नाम शामिल है।

### जनता दल के संस्थापक सदस्यों में से एक थे

शरद यादव जनता दल के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे 1989-1990 में केंद्रीय टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग मंत्री भी रहे। उन्हें 1995 में जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। 1996 में बिहार से वे पांचवीं बार लोकसभा सांसद बने। 1997 में जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने और 1998 में जॉर्ज फर्नांडीस के सहयोग से जनता दल यूनाइटेड पार्टी बनाई और एनडीए के घटक दलों में शामिल होकर केंद्र सरकार में फिर से मंत्री बने। 2004 में शरद यादव राज्यसभा गए।

### समय बदला तो फिर लौटूंगा

लालू की पार्टी राजद ने वादा करने के बावजूद जब उन्हें राज्यसभा नहीं भेजा। तो उन्होंने कहा था कि बेहतर यही है कि अब कहानी को पीछे छोड़ दिया जाए, क्योंकि हर जगह राज्यसभा के टिकट तय हो गए हैं। मैंने अपने पूरे जीवन में संघर्ष किया है। मैंने नैतिक आधार पर तीन बार संसद से इस्तीफा दिया है। कितने नेताओं ने अपने राजनीतिक जीवन में ऐसा किया है? शरद यादव ने कहा था, मैंने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं। समय बदला तो फिर यहां लौटूंगा।

### भ्रष्टाचार का लगा आरोप तो दे दिया इस्तीफा

1989 में बदायूं सीट से जनता दल की तरफ से चुनाव लड़कर शरद यादव फिर से लोकसभा पहुंचे और वीपी सिंह की सरकार में केंद्रीय कपड़ा मंत्री बने। कुर्सी को कभी भी ना चाहने वाले शरद यादव पर जैन हवाला कांड में 5 लाख रुपए लेने का आरोप लगा। हालांकि, अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। शरद यादव ने अपने ऊपर आरोप लगने के बाद लोकसभा सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया था। .

### जेपी मूवमेंट से निकला छात्रनेता बना समाजवादी आंदोलन का प्रतीक

जयप्रकाश नारायण ने जब सत्तर के दशक में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा था तो इसमें लालू प्रसाद, शरद यादव और बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उभर कर निकले थे। इन तीनों गुरुभाइयों के बीच की कड़ी बने थे शरद यादव। नीतीश उन्हें राजनीतिक गुरु मानते हैं, जबकि मधेपुरा लोकसभा सीट से उन्होंने अपने दूसरे गुरुभाई लालू प्रसाद को हराया था। यह वह दौर था जब शरद ने जनता दल से अलग होकर जनता दल (यू) बना लिया था।

# बड़े भवनों में रहने वाले एक कमरे में कर रहे गुजारा


**जोशीमठ वालों की व्यथा**

## दरकती जमीन ने भविष्य पर लगाया प्रश्नचिह्न



जोशीमठ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और इसी ठंड में यहां के लोग अपने पांच, छह, सात कमरों के घरों की सुविधा और आराम से महरूम किसी होटल, स्टे-होम के एक कमरे में गुजारा कर रहे हैं। कभी-कभी की बूंदाबांदी ठंड को बढ़ा देती है. साथ ही ये डर भी कि कहीं इस शहर की दरारें इसे जमीन में और न धंसा दें। एक तरफ जहां जोशीमठ के धंसने से इसके भविष्य पर प्रभाव को लेकर बहस चल रही है, तो दूसरी ओर जोशीमठ के लोगों को अपने बच्चों के भविष्य की फिक्र है। पिछले कुछ वक्त से उत्तराखंड के लोग शिकायत कर रहे थे कि उनके घर जमीन में धंस रहे हैं, उनमें दरारें आ रही हैं। जोशीमठ भारत के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित इलाके जोन-5 में आता है. साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, यहां करीब 4,000 घरों में 17,000 लोग रहते थे, लेकिन वक्त के साथ इस शहर पर भी इंसानी बोझ बढ़ा है। अक्टूबर में भी सड़कों, घरों में दरारों पर कुछ जगह रिपोर्ट की गई थी, लेकिन दो महीने बाद वही दरारें चौड़ी हो गई हैं और घरों में रहना खतरे से खाली नहीं रहा। ऐसा क्या हुआ कि दरारें बढ़ीं, ये साफ नहीं। भूवैज्ञानिक मामले की जांच कर रहे हैं। चमोली के ज़िला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना ने बताया कि 169 परिवारों को विभिन्न होटलों में स्थानांतरित किया गया है. इन जगहों में स्थानांतरित किए जाने के बावजूद कई लोग घर में छूट गए महंगे सामान, मवेशियों को लेकर इतने फि क्रमंद हैं कि वो दिन में वापस घर जाते हैं और शाम या रात में होटलों और स्टे-होम में वापस आ जाते हैं। इस आवाजाही से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि उनके जीवन में ये उथल-पुथल किस वजह से है।

घर से बाहर निकल गए तो दिक्कत तो होनी ही है। दस कमरे से एक रूम में आ जाओ तो क्या करें? बच्चे पागल जैसे हो गए कि क्या हो रहा है। नगर के मध्य में नगरपालिका के कमरे ऐसी ही जगह हैं जहां परिवारों को रखा गया है। यहां ठहरे लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए ज़िम्मेदार अधिकारी रघुवीर सिंह के मुताबिक, नगरपालिका के कमरों में 58 लोग रुके हैं। ऐसे ही एक कमरे के बाहर कुर्सी पर 27 वर्षीय अंशु रावत अपनी छह महीने की बेटी खुशी के साथ खेल रही थीं। कुछ दिन पहले तक वो दो फ़्लोर के नौ कमरे और तीन किचन वाले मकान में रहती थीं. उसी मकान में आठ साल पहले वो शादी करके आई थीं, वहीं से उन्होंने बीए, एमए की पढ़ाई की. वहीं उनकी बेटी पैदा हुई। आज वो इस नगरपालिका के एक कमरे वाले मकान में रहती हैं. कमरे के एक कोने में गैस, बर्तन और खाने का सामान रखा था. उसके सामने वाली दीवार पर ढेर सारे कपड़े लटके हुए थे. बीच में दो बिस्तर थे जिसमें वो, उनकी बेटी, सास-ससुर सोते हैं। पति और देवर को जमीन पर सोना पड़ता है। वो कहती हैं कि यहां रहना बहुत मुश्किल है। अपने यहां एक कमरा भी हो तो आप ऐडजस्ट कर लेते हैं। यहां बच्ची बार-बार बाहर जाने की कोशिश करती है। उसको उल्टी हो रही है, सर्दी-जुकाम खांसी भी है। अपने घर को छोड़ने का दर्द बताना नामुमकिन है। जब किसी इंसान के ऊपर से छत छिन जाती है तो उसका बहुत दुख होता है।



### क्या हुआ था उस रात

बात दो जनवरी की रात के करीब साढ़े बारह से एक बजे के बीच की है जब उन्हें मकान धसकने की आवाज सुनाई दी। सही में उस रात क्या हुआ, ये साफ नहीं। वो याद करती हैं, जोर-जोर से ऐसे लगा कि मकान नीचे को धसक रहा है। सभी अगल-बगल वाले बाहर निकले। लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर भाग रहे थे। अंशु के मुताबिक, लोग कह रहे थे कि बगल का एक होटल टूट गया है, लेकिन बाद में पता चला कि होटल तो नहीं टूटा था, लेकिन उनके घर को बहुत नुकसान पहुंचा था। घर में दरारें थीं, बरामदा पूरा टूट गया था। डर के मारे वो, उनकी बेटी खुशी, सास-ससुर, देवर और पति के साथ घर के छत पर पहुंचीं। वो कड़ाके सर्दी वाली रात उन्होंने छत पर गुजारी और दिन की रोशनी का इंतजार किया। बच्ची रात भर रोती रही। वो याद करती हैं, अंदर जाते तो डर था कि मकान टूट जाएगा। पूरी रात हम छत पर रहे। बच्ची ने एक जैकट पहन रखी थी। मैंने उसे वैसे ही जैकेट में पूरी रात रखा। हमने चप्पल पहन रखी थी। सिर पर टोपी भी नहीं थी। लेकिन वो सड़क पर क्यों नहीं निकलीं और टूटे घर की छत पर क्यों रहने का सोचा? इस पर वो कहती हैं, ऱहम सड़क पर गए तो वहां थोड़ा डरावना जैसा था। तो मैंने सोचा कि बच्ची डर जाएगी। इसलिए हम वहीं छत पर खड़े रहे। अंशु रावत चाहती हैं कि अगर उन्हें मकान की कीमत जो उनके मुताबिक 70-80 लाख होगी, वो मिल जाए तो उन्हें जहां पर भी जाना होगा वो चली जाएंगी। चमोली के ज़िला मैजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के मुताबिक, प्रशासन पुनर्वास और सहायता पैकेज पर काम कर रहा है और इसे लेकर जो समिति बनी है, उसके साथ बातचीत चल रही है। वो कहते हैं, हम इस पर जल्द ही सर्वसम्मति से नतीजे पर पहुंचेंगे क्योंकि लोग अलग-अलग चीजें चाहते हैं। कुछ मुआवजा चाहते हैं, कुछ पुनर्वास चाहते हैं, इसलिए हमें स्टेकहोल्डर्स (या साझेदारों) से बात करनी होगी, लेकिन हम प्रक्रिया में तेजी ला रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि ये जल्द से जल्द पूरी हो। लेकिन स्थानीय लोगों में पुनर्वास पैकेज को लेकर बेचैनी बढ़ रही है। उनका कहना है कि हालात इतने खराब हो रहे हैं कि प्रशासन को तुरंत उन्हें नुकसान की भरपाई करनी चाहिए।